CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 21°C
तापमान

सेंसेक्स 82,429.90
निफ्टी 24,924.70

सोना 95,812
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, मंगलवार 13 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 262 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**अमेरिका व चीन में बनी ट्रेड डील पर सहमति**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मुझे वो आंसू याद रहेंगे, जो तुमने कभी नहीं दिखाए: अनुष्का**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### 32 नागरिक हवाई अड्डों पर विमान संचालन शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हिंडन, श्रीनगर, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट और भुज समेत देश के 32 हवाई अड्डों को नागरिक विमान परिचालन के लिए फिर से खोल दिया है। सरकार ने पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर इन हवाई अड्डों पर संचालन 15 मई 2025 को सुबह पांच बजकर 29 मिनट तक के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। अब इस पाबंदी को हटा लिया है। ये हवाई अड्डे अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान परिचालन के लिए उपलब्ध हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे एयरलाइनों से सीधे उड़ान की स्थिति की जांच करें।

## सिंधु जल संधि पर मोदी का साफ इशारा

# पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान के साथ ही दुनिया को सीधा संदेश दे दिया है। उन्होंने कहा है कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते हैं। टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकते, अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान से बात होगी, तो पीओके पर होगी।

कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। सीजफायर के 51 घंटे बाद पीएम मोदी ने सोमवार रात 8 बजे देश को संबोधित किया। ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन आतंकियों ने हमारी मां-बहनों का सिंदूर मिटाया, हमने उन्हें मिटा दिया। हमारे ऑपरेशन में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादी मारे गए हैं। सीजफायर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की गुहार पर भारत ने संघर्ष रोकने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन को केवल स्थगित किया है। पाकिस्तान का रवैया देखकर आगे का एक्शन तय करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से न्यूक्लियर धमकी सहन नहीं की जाएगी। भारत की तीनों सेनाएं सभी हालात से निपटने के लिए तैयार हैं। मोदी बोले कि हर प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ हम सभी का एकजुट रहना, हमारी एकता की सबसे बड़ी शक्ति है। निश्चित तौर पर ये युग युद्ध का नहीं है, लेकिन ये युग आतंकवाद का भी नहीं है। टेररिज्म के खिलाफ जीरो टालरेंस एक बेहतर दुनिया की गारंटी है। पाकिस्तानी फौज, पाकिस्तान की सरकार जिस तरह आतंकवाद को खाद पानी दे रहे हैं, वो एक दिन पाकिस्तान को ही समाप्त कर देगा। पाकिस्तान को अगर बचना है, तो उसे अपने टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर का सफाया करना ही होगा, इसके अलावा शांति का कोई रास्ता नहीं है। भारत का मत एकदम स्पष्ट है, टेरर और टॉक एक साथ नहीं हो सकते हैं, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं चल सकते। पानी और खून भी एक साथ नहीं बह सकता। विश्व समुदाय से भी कहूंगा हमारी घोषित नीति रही है कि अगर पाकिस्तान से बात होगी, तो टेररिज्म पर ही होगी, अगर बात होगी, तो पीओके पर ही होगी। मैं एक बार फिर भारत की सेना -शेष पृष्ठ दो पर

### राष्ट्र के नाम पीएम का संबोधन

- मोदी बोले न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा
- अपनी शर्तों पर देंगे करारा जवाब, पाक के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ स्थगित, तीनों सेनाएं अलर्ट पर
- पाकिस्तान से बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी
- पाकिस्तान से बात होगी, तो पीओके पर होगी
- जिन आतंकियों ने मां- बहनों का सिंदूर मिटाया, उन्हें मिटा दिया, 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए
- पीएम मोदी बोले- पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को हमारी सेना ने नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था



## विराट ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। विराट कोहली के इस फैसले सभी को चौंका दिया है। कोहली ने अपने सोशल मीडिया मंच पर टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की जानकारी देते हुए लिखा कि 14 साल बीत गए, टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनी थी।

सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा। इसने मुझे परखा, गढ़ा और जिंदगी भर साथ रहने वाले सबक सिखाए। उन्होंने कहा कि सफेद जर्सी में खेलना बहुत विशेष होता है। वे शांत संघर्ष, लंबे समय तक, और वो छोटे-छोटे पल जिन्हें शायद कोई नहीं देखता, लेकिन ये हमेशा दिल में रह जाते हैं। इस प्रारूप से अलग होना आसान तो नहीं था, लेकिन यह एक सही निर्णय है। मैंने इस प्रारूप को अपना सब कुछ दिया और इसने बदले में मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया, जितनी मैंने कभी उम्मीद भी नहीं की थी। मैं इस खेल का, अपने साथ खेलने वाले हर साथी का और हर उस व्यक्ति का दिल से शुक्रगुजार हूं, जिसने इस सफर में मुझे सराहा।

## भारत और पाकिस्तान के DGMO ने दूसरी बार की वार्ता

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने सोमवार को आपस में बातचीत की।

ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों डीजीएमओ ने सैन्य कार्रवाई और गोलीबारी रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच 10 मई को बनी सहमति के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। भारत की ओर से डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बात की। बता दें कि हॉटलाइन पर यह बातचीत पहले दोपहर 12 बजे होनी थी, लेकिन यह बातचीत शाम पांच बजे शुरू हुई। बातचीत के परिणाम के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। इस पर भारत ने बदला लेने के लिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला बोला था। 6 मई की देर रात शुरू हुई भारत की कार्रवाई में पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचा। इसके बाद उसने शांति का प्रस्ताव रखा। तब पहली बार पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को फोन पर बात कर संघर्ष विराम करने की अपील की थी।

### हमारा निशाना आतंकवादी थे, पाकिस्तानी सेना ने इसे अपनी लड़ाई बनाया




**नई दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने सोमवार को कहा कि उनकी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों से थी और पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के पक्ष में लड़ाई में उतरने के कारण भारत को उसके सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना पड़ा जिसके लिए पाकिस्तानी सेना खुद जिम्मेदार है। भारतीय वायुसेना, नौसेना एवं थल सेना के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तुर्की के ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र तकनीक हो, हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली, प्रशिक्षित योद्धा उससे मुकाबले के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारा नुकसान बेहद मामूली रहा है।




with you hamesha | xmart by mahindra | *Price indicated is Ex-Showroom price of MX1 petrol variant (All India). Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

BAJRANG MOTORS: HALDWANI 7617595006, 9997191416 | PITHORAGARH 7060201577 | ALMORA 9997051025 | BAGESHWAR 8126177772 | CHAMPAWAT 8126177778

KUMAR AUTOWHEELS PVT.LTD.: RUDRAPUR 8192835111, 8449101234 | KASHIPUR 8449904477 | KHATIMA 8191899023 | SITARGANJ 8193899109

# भारत ने आतंक के खिलाफ दिया सख्त संदेश

## ऑपरेशन सिंदूर से विश्व को सशक्त और निर्णायक संदेश पहुंचा: बीजेपी

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि सेना ने देश की रक्षा करने के साथ ही आतंकवादी ठिकानों को तबाह करके समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश दे दिया है।

भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद डा. संबित पात्रा ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान ने 22 अप्रैल को आतंकवादी घटना के माध्यम से भारत की वीरता और संप्रभुता को चुनौती देने का दुस्साहस किया। इस पर भारतीय सेना अद्भुत साहस का परिचय देते हुए आतंकवाद के गढ़ में घुसी और न केवल देश की रक्षा की, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ सशक्त प्रहार भी किया। डा. पात्रा ने कहा कि बीते कुछ दिनों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई की है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को समाप्त किया है, वह अपने आप में न केवल भारत के भीतर बल्कि समूचे विश्व को आतंकवाद के खिलाफ एक स्पष्ट, सशक्त और निर्णायक संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक अभियान में भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना ने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। यह केवल एक सैन्य ऑपरेशन नहीं था, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मसम्मान की रक्षा का प्रतीक था। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की सेना, वायुसेना, नौसेना और उन सभी जांबाज जवानों का हृदय से आभार प्रकट किया, जिनकी बहादुरी के कारण यह संभव हो पाया।

भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अभियान महानिदेशकों ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में देश को बताया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ अब पूरी शक्ति और प्रतिबद्धता के साथ खड़ा है। ऑपरेशन सिंदूर ने यह सिद्ध कर दिया है कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। भारत किसी भी चुनौती का सामना करने में संकोच नहीं करता, बल्कि उसका उत्तर निर्णायक और ऐतिहासिक रूप में देता है। आज का भारत आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक भूमिका निभा रहा है और पूरी दुनिया भारत के इस नए आत्मविश्वास को देख रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि 22 अप्रैल की तारीख को देश कभी नहीं भूल सकता। यह दिन एक दुर्भाग्यपूर्ण दिन था, जब पहलगाम में 26 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या की गई। यह कायराना हमला उन आतंकवादियों द्वारा किया गया, जो पाकिस्तान से भेजे गए थे, जिन्हें पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। इस आतंकी हमले में 25 भारतीय नागरिकों के साथ एक नेपाली नागरिक भी शहीद हुए। घटना के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब के आधिकारिक दौरे पर थे, लेकिन जैसे ही उन्हें इस आतंकी हमले की सूचना मिली, वह तत्काल भारत लौटे और जनता की भावनाओं को समझा। देशभर की जनता ने एक स्वर में मांग की कि अब आतंकवाद पर निर्णायक हमला होना चाहिए। श्री मोदी ने उसी समय बिहार की धरती से जनता को आश्वासन दिया, हम इस हमले का बदला लेंगे।

## प्रियंका ने संघर्ष में सैनिकों की शहादत पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आतंकवादी के विरुद्ध सेना की करवाई के दौरान शाहिद सैनिकों और अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वाड्रा ने सोमवार को कहा कि आतंकवादियों के विरुद्ध भारतीय सेना की कार्रवाई और पाकिस्तान से सैन्य टकराव के दौरान हमारे कई जवानों की शहादत अत्यंत दुखद है। हमारी सेना के जांबाज सूबेदार पवन कुमार, सिपाही एम मुरली नाइक, लांस नायक दिनेश कुमार, बीएसएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज, सार्जेंट सुरेंद्र कुमार मोगा, राइफलमैन सुनील कुमार और राजौरी के पुलिस अधिकारी राज कुमार थापा ने देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। इसके अलावा कई आम नागरिकों ने भी जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि शोकाकुल परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करती हूं। इस मुश्किल घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है। हम सब अपने शहीदों और उनके परिवारों के सदैव ऋणी रहेंगे।

## मुसलमानों के विकास के बिना देश की तरक्की संभव नहीं

**अखिल भारतीय कौमी तंजीम ने सरकार का ध्यान आकर्षित कराया**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय कौमी तंजीम ने कहा है कि मुसलमानों के शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता और सरकार को इस संबंध में ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए।

तंजीम के अध्यक्ष एवं सांसद तारिक अनवर ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि इन्हीं सब मुद्दों पर चर्चा करने के लिये राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक 25 मई को यहां बुलाई गई है। इस बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों के अलावा देश के प्रमुख राजनेता, आमंत्रित बुद्धिजीवी, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थिति में लोगों के व्यापक हित में यह आवश्यक है कि देश के राजनेता, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और कानूनी विशेषज्ञ एक साथ बैठकर देश की जनता के समक्ष उपस्थित विभिन्न समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में सभी का दायित्व है कि वे इन समस्याओं के समाधान में अपनी भूमिका निभायें। अखिल भारतीय कौमी तंधीम के महासचिव एवं दिल्ली प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी मुहम्मद हिदायतुल्ला ने कहा कि देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे हैं और सरकार भी देश की जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने में प्रयासरत दिखती है।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा ने बुद्ध के आदर्शों पर चलाई सरकार: मायावती

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने देशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा है कि बसपा ने भगवान बुद्ध के आदर्शों पर सरकार चलाई है। बुद्ध के अप्प दीपो भव: अर्थात शिक्षित बनो, खुद ऊपर उठो व अपना प्रकाश स्वयं बनो के सिद्धांत पर ही देश आत्मनिर्भर व महान बनेगा। इसी सिद्धांत पर चलकर बसपा ने पहली बार यूपी में कानून द्वारा कानून का राज स्थापित करके सभी को न्याय दिलाया था, जबकि अन्य सरकारों के कार्यकाल में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है।

### सड़क हादसे में 13 की मौत, 14 घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत सारागांव के पास खरोरा क्षेत्र में रविवार रात सड़क हादसा हुआ, जिसमें 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 14 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बंगोली गांव के पास उस वक्त हुआ जब माजदा वाहन और ट्रेलर की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। मृतकों में चार बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग बाना गांव में एक छठी कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गांव आरंग के चटौद लौट रहे थे। माजदा वाहन में करीब 50 लोग सवार थे।

### पत्नी और बेटियों की हत्या के बाद लगाई फांसी

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश में उन्नाव जिले के अचलगंज क्षेत्र में एक व्यक्ति ने कथित रूप से अपनी पत्नी और दो बेटियों की हत्या करने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि अचलगंज थाने पर सुबह करीब सात बजे सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के साहब खेड़ा गांव निवासी अमित (35) ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घर के एक कमरे में अमित की पत्नी गीता द्ध30ऋ और दो बेटियां उम्र करीब 10 व 06 वर्ष के शव मिले हैं। मृतकों के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नही पाये गये है। प्रथम दृष्टया अमित ने पत्नी व दोनो बच्चियों की हत्या कर स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। घटना के सही तथ्यों की जानकारी के लिये शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

## पहलगाम घटना से घाटी हो गई वीरान: उमर

**श्रीनगर, वार्ता**



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और उसके बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादियों की कमर टूट गई, लेकिन इन दोनों घटनाओं का कुछ हद तक पाकिस्तान ने भी फायदा उठाया है। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं से घाटी वीरान हो गई है और कश्मीर के पर्यटन को भारी नुकसान हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पहलगाम की आतंकवादी घटना ने कश्मीर को भारी नुकसान पहुंचाया है। सालों से कूटनीति और आर्थिक स्तर पर हुई कोशिश से यह उपलब्धि हासिल की गई थी, वो सब एक झटके में तबाह हो गई। कश्मीर का पर्यटन उद्योग बर्बाद हो गया। यह सालों की कोशिश के बाद पटरी पर आया था। इस घटना से सब कुछ बदल गया। कुछ भी नहीं बचा। उन्होंने कहा कि इन दिनों घाटी की वादियां पर्यटकों से भरी रहती थी। अर्थव्यवस्था फल-फुल रही होती। बच्चे स्कूल जा रहे होते। एयरपोर्ट पर रोज 50-60 फ्लाइट्स उड़ाने भर रही होती, लेकिन सब बर्बाद हो गया। इस सब में पाकिस्तान ने फायदा उठाया है। उसने पहलगाम हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के बहाने कश्मीर के मुद्दे का अंतर्राष्ट्रीयकरण कर दिया।

**कश्मीर के पर्यटन को हुआ भारी नुकसान**

### पुनर्वास योजना पर भी चर्चा की

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को सीमा पार से होने वाली गोलीबारी की घटनाओं से निपटने और पुनर्वास योजना के लिए भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि पुंछ में विभिन्न समुदायों के नागरिक समाज के लोगों से बातचीत की और उनके साहस की कहानियां सुनी, मैं उनके हौसले को सलाम करता हूं। मुख्यमंत्री ने एक और पोस्ट में कहा कि हमने इन घटनाओं और पुनर्वास योजनाओं के लिए भविष्य की रणनीति पर चर्चा की।

## सीएम योगी का बड़ा तोहफा, इसी सत्र से पढ़ाई शुरू

# यूपी में एक साथ खुलेंगे 71 नए कॉलेज

**लखनऊ, वार्ता**



**सबसे ज्यादा बरेली में 13 कॉलेज खोले जाएंगे, जबकि मेरठ में दस कॉलेजों का निर्माण होगा, राजधानी में 12 कॉलेज शुरू किए जाएंगे**

यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार लगातार शिक्षा के क्षेत्र में कदम उठा रही है और शिक्षा व्यवस्था का बेहतर बनाने की कोशिश में जुटी हुई है। इसी क्रम में सीएम योगी ने बड़ा फैसला लेते हुए कहा है कि इस शैक्षणिक सत्र 2025-56 में जुलाई महीने से प्रदेश में एक साथ 71 नए राजकीय महाविद्यालय खुलने जा रहे हैं। ये पहली बार जब प्रदेश में इतनी बड़ी संख्या में एक साथ नए महाविद्यालय खोले जाएंगे। उच्च शिक्षा निदेशालय ने अब तक 40 कॉलेजों को हस्तांतरित भी कर दिया है।

इन सभी कॉलेजों के हस्तांतरण को जल्द से जल्द पूरा किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है, ताकि इस सत्र से ही इन कॉलेजों में पाठ्यक्रम की शुरुआत हो सके। शिक्षा निदेशालय की ओर से अधिकारी छात्रों के बेंच व अन्य साजो-सामान समेत तमाम सुविधाएं जुटाने में लगे हुए हैं। इन महाविद्यालयों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर के 1065 पदों के साथ कुल 1562 पदों पर सीधी भर्ती को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। जल्द ही इसके आदेश भी जारी हो जाएंगे। यूपी में जो नए कॉलेज शुरू होने जा रहे हैं, इनमें सबसे ज्यादा बरेली जनपद में हैं। यहां कुल 13 नए कॉलेज शुरू होंगे। इसके बाद दूसरे नंबर पर राजधानी लखनऊ है। यहां 12 महाविद्यालय शुरू होंगे। मेरठ में दस, आगरा और झांसी में 9-9 और गोरखपुर में 4 महाविद्यालय खुलेंगे। इनके अलावा प्रयागराज में दो, सिराथू में एक महाविद्यालय स्थापित किया जाएगा। इन सभी कॉलेजों को सरकार ही चलाएगी। प्रदेश में अभी तक 172 राजकीय महाविद्यालय संचालित हैं, जिनमें से ज्यादातर कॉलेजों में एक या दो वर्ग ही संचालित होते हैं, लेकिन नए कॉलेजों में तीनों आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस वर्ग की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आधार पर पढ़ाई कराई जाएगी। इसका मतलब है कि अगर साइंस का छात्र संस्कृत की पढ़ाई करना चाहता है, उसे मौका दिया जाएगा। शिक्षा निदेशक के मुताबिक मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद 2025-26 के सत्र में एक साथ 71 महाविद्यालयों का संचालन शुरू होगा। ये अपने आप में ऐतिहासिक है।

### आईएफजे के अध्यक्ष डा. के. विक्रम राव का निधन, योगी ने जताया शोक

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार एवं इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (आईएफडब्ल्यूजे) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के. विक्रम राव का सोमवार सुबह निधन हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे। डा. राव सांस संबंधी समस्या से ग्रसित थे। हालत गंभीर होने पर आज सुबह उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्होने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर 703, पैलेस कोर्ट अपार्टमेंट माल एवन्यू में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है, जहां बड़ी संख्या में पत्रकारों, राजनेताओं का पहुंचना जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारिता के पुरोधा डा. राव के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। डा. राव रविवार को ही मुख्यमंत्री से मिले थे।

### संवाद से ही हासिल होगा कारोबारी और जीवन सुगमता का लक्ष्य: सीएम

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र की पहली शर्त है संवाद और संवाद के माध्यम से ही समस्याओं का निराकरण कर कारोबारी ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और जीवन सुगमता, ईज ऑफ लिविंग के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है। योगी सोमवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में बने नगरीय सेवा केंद्र अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हम जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं दे सकें। कॉमनमैन, आमजन की अधिक से अधिक सुनवाई कर सकें, यही लोकतंत्र की सफलता का मूल है। इन दोनों परियोजनाओं की कुल लागत 14.22 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को सिर्फ सामान्य नागरिक के तौर पर नहीं देखा जाता है बल्किजनता जनार्दन कहकर संबोधित किया जाता है। हमें लोकतंत्र की इसी भावना को अंगीकार कर आगे बढ़ना होगा।

योगी ने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आजादी के अमृत वर्ष में इसने 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का गौरव हासिल किया था और अब यह जापान को पीछे छोड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश की समृद्धि हम सबके जीवन का ध्येय होना चाहिए। पहले गोरखपुर की स्थिति एक नगर पंचायत जैसी रही होगी। विकास यात्रा में अब नगर निगम के स्वरूप में इसकी गिनती प्रदेश के बड़े महानगरों में होती है। रोड, रेल, एयर कनेक्टिविटी, पर्यटन विकास, सफाई-स्वच्छता वंचितों के लिए बेहतरीन सुविधाओं का विस्तार से उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश के पांच करोड़ लोगों के लिए शिक्षाए चिकित्साए कारोबार और रोजगार का केंद्र है।

## अर्थ व्यापार

# युद्धविराम से शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई, वार्ता**



भारत-पाकिस्तान के युद्धविराम समझौते से दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स जून 2024 के बाद की सबसे बड़ी 2975.43 अंक अर्थात 3.74 प्रतिशत की तेजी के साथ पांच महीने के उच्चतम स्तर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,429.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 13 दिसंबर 2024 को यह 82,133.12 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 916.70 अंक यानी 3.82 प्रतिशत की छलांग लगाकर 24924.70 अंक हो गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे मिडकैप 3.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ 43,731.60 अंक और स्मॉलकैप 4.18 प्रतिशत उछलकर 48,693.75 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4254 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3545 में लिवाली जबकि 576 में बिकवाली हुई, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 3010 कंपनियों के शेयरों में से 2612 में तेजी जबकि 329 में गिरावट रही वहीं 67 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार हाल के दिनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निरंतर खरीददारी प्रमुख पहचान बनकर उभरी है। 08 मई को समाप्त हुए 16 कारोबारी सत्रों में एफआईआई ने एक्सचेंजों के माध्यम से कुल 48,533 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी। हालांकि 9 मई को भारत.पाक तनाव के चलते 3,798 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज की गई। लेकिन अब जबकि युद्धविराम की घोषणा हो चुकी है, तो बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि एफआईआई द्वारा भारत में इक्विटी निवेश की गति एक बार फिर तेज हो सकती है। गौरतलब है कि वर्ष 2025 की शुरुआत में एफआईआई का रुख बिक्री की ओर था।

### 'माइनस 5 - प्लस 10' के सूत्र के साथ होगी धान की खेती

**नई दिल्ली।** देश में प्रमुख खाद्यान्न धान की खेती के लिए 'माईनस 5 - प्लस 10' के सूत्र के साथ एक योजना तैयार की गई है जिसमें रकबा घटाया और उत्पादन बढ़ाया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'माइनस 5 और प्लस 10' फॉर्मूला भी पेश किया है जिसमें कहा गया धान की खेती के क्षेत्र को पांच मिलियन हेक्टेयर कम करते हुए उसी क्षेत्र में चावल उत्पादन को 10 मिलियन टन बढ़ाना शामिल है। अधिकारियों और कृषि विज्ञानियों ने बताया कि इस योजना दलहन एवं तिलहन की खेती के लिए खाली जगह प्राप्त होगी। धान का रकबा 50 लाख हक्टेयर घटना और उत्पादन एक करोड़ टन बढ़ाना है।

## अर्थ व्यापार

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 18 रिंगिट बढ़कर 3790 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.75 सेंट उबलकर 50.32 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा।

इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5950-6050, दाल चना 6950-7050, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**पानी और खून...**

और सशस्त्र बलों को सैल्यूट करता हूं। मैं भारतवासियों के हौसले, एकजुटता, संकल्प को नमन करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। भारत माता की जय। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींच दी है। न्यू नॉर्मल कर दिया है। पहला, आतंकी हमला हुआ, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे, हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे, जहां से आतंकी जड़ें निकलती हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने पाकिस्तान का घिनौना सच देखा है जब मारे गए आतंकियों को विदाई देना पाकिस्तानी सेना के बड़े-बड़े अफसर उमड़ पड़े। स्टेट स्पॉन्सर आतंकवाद का ये बड़ा सबूत है। हम भारत और नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार निर्णायक कदम उठाते रहेंगे। युद्ध के मैदान पर हमने हर बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। ऑपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। हमने न्यू एज वॉरफेयर में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस ऑपरेशन के दौरान हमारे मेड इन इंडिया हथियारों की प्रामाणिकता सिद्ध हुई। दुनिया देख रही है कि 21वीं सदी के वॉरफेयर में मेड इन इंडिया डिफेंस इक्विपमेंट का समय आ चुका है। पाकिस्तान ने हमारे गुरुद्वारों, घरों, मंदिरों और स्कूलों को निशाना बनाया। पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन इसमें भी पाकिस्तान खुद बेनकाब हो गया। दुनिया ने देखा कैसे पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलें भारत के सामने तिनके की तरह बिखर गईं। भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। पाकिस्तान की तैयारी सीमा पर वॉर की थी, लेकिन भारत ने पाकिस्तान के सीने पर वार कर दिया। भारत के ड्रोंस, मिसाइलों ने सटीकता के साथ हमला किया। पाकिस्तानी वायुसेना के एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिस पर बहुत घमंड था। पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका उसे अंदाजा भी नहीं था। भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा, पाकिस्तान दुनियाभर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद किसी मजबूरी में 10 मई की दोपहर को पाकिस्तानी सेना ने हमारे डीजीएमओ को संपर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा चुके थे, आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया था, आतंक के अड्डों को हमने खंडहर बना दिया था। जब पाकिस्तान की तरफ से गुहार लगाई गई, जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा, जब भारत ने उस पर विचार किया। मैं फिर दोहरा रहा हूं हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों को जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है, आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापेंगे कि वो आगे क्या रवैया अपनाता है। भारत की एयरफोर्स, आर्मी और नौ सेना, बीएसएफ, अर्धसैनिक बल अलर्ट पर हैं। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति है। आतंक के बहुत सारे आका बीते ढाई तीन दशकों से खुलेआम पाकिस्तान में घूम रहे थे। जो भारत के खिलाफ साजिशें करते थे। उन्हें भारत ने एक झटके में खत्म कर दिया। साथियों भारत की इस कार्रवाई से पाकिस्तान घोर निराशा में घिर गया था। हताशा में घिर गया था। बौखला गया था। इसी बौखलाहट में उसने एक और दुस्साहस किया, आतंक पर भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय पाकिस्तान ने भारत पर ही हमला करना शुरू कर दिया। जब पाकिस्तान में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला, भारत के ड्रोंस ने हमला बोला, तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, हौसला भी थर्रा गया। बहावलपुर और मुरीदके जैसे आतंकी ठिकानें एक प्रकार से ग्लोबल टेररिज्म की यूनिवर्सिटीज रही हैं।

दुनिया में कहीं पर भी जो बड़े आतंकी हमले हुए हैं चाहे 9/11हो चाहे लंदन ट्यूब बॉम्बिंग हो या फिर भारत में बड़े आतंकी हमले हों, उन सबके तार इन्हीं आतंक के ठिकानों से जुड़ते रहे हैं। आतंकियों ने हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, इसलिए भारत ने आतंक के ये हेडक्वार्टर्स उजाड़ दिए। इन हमलों में 100 से ज्यादा खूंखार आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं, देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। 6 मई की देर रात 7 मई की सुबह पूरी दुनिया ने इस प्रतिज्ञा को परिणाम में बदलते देखा है। भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में आतंक के ठिकानों, ट्रेनिंग सेंटर पर सटीक प्रहार किया। आतंकवादियों ने सपने में भी नहीं सोचा था कि भारत इतना बड़ा फैसला ले सकता है। लेकिन जब देश एकजुट होता है, नेशन फर्स्ट की भावना से भरा होता है, राष्ट्र सर्वोपरि होता है ,तो फौलादी फैसले लिए जाते हैं। परिणाम लाकर दिखाए जाते हैं। इस आतंकी हमले के बाद सारा राष्ट्र हर नागरिक हर समाज हर वर्ग हर राजनीतिक दल एक स्वर में आतंक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए उठ खड़ा हुआ। हमने आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने के लिए भारत की सेनाओं को पूरी छूट दे दी। आज हर आतंकी आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने जो बर्बरता दिखाई थी, उसने देश और दुनिया को झकझोर दिया था। छुट्टियां मना रहे निर्दोष मासूमों को उनके परिवार के सामने, बच्चों के सामने बेरहमी से मार डालना ये आतंक का बहुत वीभत्स चेहरा है। यह देश के सद्भाव को तोड़ने की घिनौनी कोशिश भी थी। मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से ये पीड़ा बहुत बड़ी थी। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को। पाकिस्तान के साथ सीजफायर के 51 घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा है। मैं सबसे पहले भारत की पराक्रमी सेनाओं को सशस्त्र बलों को हमारी खुफिया एजेंसियों को वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की तरफ से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया। मैं उनकी वीरता,साहस और पराक्रम को आज समर्पित करता हूं, हमारे देश की हर माता-बहन और बेटी को।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# केदार बाबा के दर्शन करने वालों का आंकड़ा ढाई लाख पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा ने तेज गति से रफ्तार पकड़ दी है। मात्र 11 दिनों में ढाई लाख से अधिक भक्तों ने केदारनाथ के दर्शन करके एक नया रिकार्ड बना दिया है। औसतन हर रोज बीस से पच्चीस हजार के करीब भक्त धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन कर रहे हैं। इस बार भक्तों की सुविधा को देखते हुये टोकन सिस्टम के जरिये दर्शन करवाएं जा रहे हैं।

केदारनाथ धाम की यात्रा में आस्था की भीड़ उमड़ रही है। लगातार मौसम खराब रहने के बाद भी भक्तों का जोश कम नहीं हो रहा है। हर रोज बीस से पच्चीस हजार के करीब भक्त बाबा केदार के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। कभी-कभार तो एक दिन में दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या पच्चीस हजार के पार हो रही है। इस बार यात्रा के शुरूआत से ही मौसम भी साथ नहीं दे रहा है। धाम सहित निचले क्षेत्रों में आये दिन बारिश हो रही है। बावजूद इसके भक्तों का आना-जाना भारी संख्या में जारी है। कुछ दिनों



तक घोड़े-खच्चर भी संचालित नहीं हुए, लेकिन इसका यात्रा पर कोई असर नहीं पड़ा। घोड़े-खच्चरों की जगह पर डंडी-कंडी और पिटठू संच. ालकों ने यात्रियों को कुशल आवागमन करवाया। अब घोड़े-खच्चर भी संचालित होने लग गये हैं। ऐसे में यात्रा में एक बार फिर से तेज गति आ गई है। भक्तों की सुविधा के लिये इस बार जिला प्रशासन ने टोकन सिस्टम जारी किया है। टोकन के जरिये भक्तों को दर्शन हो रहे हैं। टोकन में दर्शन करने के लिये जो समय दिया गया है, उसी समय भक्त मंदिर पहुंचकर दर्शन कर रहे हैं। भक्तों के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि भीड़ अत्यधिक होने के बावजूद भी उन्हें गर्भ गृह में जाकर बाबा केदार के दर्शन हो रहे हैं। भक्त भी बाबा केदार के दर्शन करके बेहद खुश हैं।

रात में जब तक यात्रियों की लाइन समाप्त नहीं हो रही है, तब तक दर्शन जारी हैं। प्रशासन का शुरूआत से यही प्रयास है कि कोई भी भक्त बिना दर्शनों के न लौटे। जिला प्रशासन की ओर से भी भक्तों की सभी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। स्वास्थ्य, पेयजल, चिकित्सा से लेकर अन्य सभी सुविधाएं भक्तों को यात्रा मार्ग से लेकर धाम और यात्रा पड़ावों पर दी जा रही हैं।

**■ भक्तों की अत्यधिक भीड़ के बावजूद गर्भ गृह में जाकर हो रहे हैं दर्शन**
**टोकन के जरिये समय पर हो रहे हैं भक्तों को दर्शन**
**खराब मौसम पर भक्तों की आस्था पड़ रही भारी**

## भक्तों की हरसंभव मदद कर रहा प्रशासनः डीएम

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार ने कहा कि केदारनाथ धाम में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, बावजूद इसके सभी भक्तों को गर्भगृह के दर्शन करवाए जा रहे हैं। भक्त आसानी से बाबा के दर्शन कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि धाम में स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली के साथ ही सुरक्षा की पूरी व्यवस्थाएं की गई हैं, जबकि रहने और खाने की भी पूरी सुविधाएं हैं। धाम पहुंच रहे भक्तों की हरसंभव मदद की जा रही है। किसी तीर्थयात्री की ज्यादा तबियत बिगड़ने पर एयरलिफ्ट भी किया जा रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन की टीम भी यात्रा मार्ग के चप्पे-चप्पे पर तैनात है। तीर्थयात्रियों की मदद को लेकर आपदा प्रबंधन, पुलिस, आईटीबीपी, पुलिस के जवान तत्परता से कार्यवाही कर रहे हैं।

# मोदी और जांबाज सेना के साथ मजबूती से खड़ा है देशः भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश को गौरवान्वित अनुभूति देने वाला बताया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि देश मोदी और अपनी जाबांज सेना के साथ मजबूती से खड़ा है। और आज प्रत्येक देशवासी की मंशा, भावना और नीति से पीएम ने दुनिया को कड़े शब्दों में अवगत करा दिया है।

उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि, पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी द्वारा बिहार में सार्वजनिक रूप में आतंकियों और उनके आकाओं को दुनिया के कोने कोने में जाकर खात्मा करने के वादे पर, देशवासियों को पूरा भरोसा था। इसी भरोसे पर खरा उतरने का काम किया उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने। जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान की टेरर फैक्ट्रियों को तबाह किया। गैर जरूरी विरोध करने पर पाकिस्तान सेना के भी छक्के छुड़ाएं और उन्हें कभी न भूलने वाले जख्म दिए। इस तरह प्रधानमंत्री



मोदी ने अपनी जनता से किए एक-एक वादे को पूरा कर दुखी एवं पीड़ित देशवासियों के जख्मों पर मरहम लगाया है। उन्होंने कहा कि, देश के नाम किया उनका संबोधन, भारतीय स्वाभिमान और शौर्य का वो प्रकटीकरण भी है जिसे दुनिया ने देखा है। उनका कहा एक एक शब्द प्रत्येक भारतीय की भावना और मंशा को स्पष्ट करता है कि जो उसे छेड़ेगा भारत उसको छोड़ेगा नहीं। उन्होंने दुनिया को कड़े शब्दों में जता दिया कि ये नया भारत है, जो अपने दुश्मनों को दुनिया में कहीं भी सुरक्षित नहीं रहने देगा और हमारी सुरक्षा पर किया प्रत्येक आतंकी हमला, अब जंग माना जाएगा।

# भ्रष्टाचार मुक्त शासन भाजपा की प्राथमिकता कांग्रेस के आरोप राजनीतिक : खजान दास

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने भ्रष्टाचार को लेकर नेता प्रतिपक्ष आर्य के आरोपों को बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित बताया है। प्रदेश प्रवक्ता और विधायक खजान दास ने पलटवार किया कि हर अच्छे कार्य का विरोध, कांग्रेसी राजनीति का हिस्सा है। जबकि राज्य निर्माण के बाद से अब तक, भ्रष्टाचार पर सबसे अधिक कार्यवाही धामी सरकार में हुई है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन दे रही है। किसी भी गड़बड़ घोटाले या रिश्वतखोरी की जानकारी सरकार या संबंधित जांच एजेंसियों तक पहुंची तो उस पर तत्काल सख्त कार्यवाही की गई है। राज्य निर्माण के बाद से अब तक का यह सर्वकालिक रिकॉर्ड है कि धामी सरकार के वर्तमान कार्यकाल के 3 वर्षों में डेढ़ सौ से अधिक भ्रष्टाचार के आरोपी सलाखों के पीछे पहुंचाए गए हैं।

**■ कहा -राज्य निर्माण के बाद से अब तक भ्रष्टाचार पर सबसे अधिक कार्रवाई धामी सरकार में हुई , नेता प्रतिपक्ष के आरोपों पर किया भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने लटवार ,कांग्रेस और करप्शन को एक दूसरे का पर्याय बताया**

पारदर्शी एवं इमानदार नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर कठोरतम नकल विरोधी कानून हम आए, जिससे नकल माफिया का सफाया करने में हम सफल हुए हैं। 80 से अधिक गड़बड़ी करने वालों को हमने गिरफ्तार किया और 22 हजार से अधिक सरकारी नियुक्तियां देने में हम सफल हुए हैं। जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए हमारी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि बिना किसी ठोस तथ्यों के अनर्गल एवं झूठे आरोप लगाना कांग्रेस की राजनैतिक नीति का हिस्सा है। उन्होंने आईना दिखाया कि कांग्रेस और करप्शन एक दूसरे के पर्याय हैं, जिसे देश की जनता भी बखूबी जानती है। लिहाजा भ्रष्टाचार में अंधे हुए कांग्रेस नेताओं को चारों तरफ गड़बड़ घोटाला ही नजर आना स्वाभाविक है। क्योंकि लगातार शहरों के विस्तार होने से विकास योजनाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए जिला विकास प्राधिकरण बनाए गए थे।

लेकिन कांग्रेस को हर अच्छे काम से दिक्कत होती है और वे राजनैतिक लाभ के लिए उसपर भ्रम फैलाने लगते हैं। लेकिन सच्चाई से प्रदेश की जनता अच्छी तरह वाकिफ है और मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पक्ष में मजबूती से खड़ी है।

# सीएम के आदेश के बाद भी विसंगति दूर न होना चिंताजनक : जुगरान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि चिंता का विषय है की कानून बनने के बाद भी अफसरशाही उससे इतर जाकर बिना सोचे समझे या जाने अंजाने में मन मर्जी के आदेश जारी करती है। रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है की मुख्यमंत्री के लिखित आदेश का अनुपालन करने में भी गंभीर नही है। रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को राज्याधीन सेवाओं में 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण दिए जाने का गजट नोटीफिकेशन अगस्त 2024 में हो गया था। आंदोलनकारियों के आश्रितों के आश्रित प्रमाण पत्र बनने की अधीसूचना नवंबर 2024 को होती है, जिसमें विसंगति थी।

इस विसंगति के कारण आंदोलनक. ारी कोटे से नौकरी लगे सेवानिवृत्त एवं सेवारत आंदोलनकारियों के आश्रितों को 10 फीसदी क्षैतिज आरक्षण से वंचित कर दिया था, जबकी एक्ट में सभी चिन्हित आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को इसके लाभ के दायरे में रखा गया था। रवीन्द्र जुगरान ने कहा कि इस विसंगति को दूर करने के लिए उन्होने दिसम्बर 2024 में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रत्यावेदन प्रेषित किया था, जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा गृह सचिव को इस विसंगति को दूर करने के निर्देश दिए थे। रवीन्द्र जुगरान ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आदेश निर्गत किये हुए 06 माह हो गए हैं ,लेकिन विसंगति दूर नही हुई।

**■ आंदोलनकारियों के आश्रितों के आश्रित प्रमाण पत्र बनने की अधीसूचना में विसंगति का मामला**

# पीएम मोदी ने किया दिव्यांगों को सम्मान देने का कामः जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को दून इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम श्वास फांउडेशन, दून सिटीजंस काउन्सिल एवं पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर सेवादल द्वारा आयोजित नि:शुल्क दिव्यांग सेवा महाकुम्भ एवं स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दिव्यागजनों, पैरालंपिक स्पोर्ट्स खिलाड़ियों और चिकित्सकों समाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, पहले शविकलांगश कहा जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री ने उन्हें शदिव्यांगश जैसा सम्मानजनक नाम देकर समाज में नई सोच की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार दिव्यांगजनों सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल सेवा भावना प्रकट होती है, बल्कि




समाज को जागरूक करने में भी मदद मिलती है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने संस्था द्वारा दिव्यांगजनों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं भी दीं।

इस अवसर पर विधायक खजान दास,मेयरसौरभ थपलियाल,राज्यमंत्री सुभाष बर्थवाल, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, श्याम सुंदर गोयल, वी. एस मान, अनामिका जिंदल, नवीन सिंघल, दिनेश बर्थवाल, मोंटी, प्रेम कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**■ दून इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित नि:शुल्क दिव्यांग सेवा महाकुम्भ एवं स्वास्थ्य जांच शिविर कार्यक्रम में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री ,उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया**

# केदार यात्रा मार्ग पर 30 किलो मटन के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा में पुलिस की सघन चेकिंग अभियान निरंतर जारी है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने 30 किलो मटन के साथ एक व्यक्ति को पकड़कर उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की। पूरे मांस को गड्डे में डालकर नष्ट किया।

एसपी अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने पुलिस बल की ब्रीफिंग तिथि को स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए थे कि इस बार की यात्रा में मांस व शराब का परिवहन करने वालों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए प्रभावी कार्यवाही की जानी है। थाना गुप्तकाशी पुलिस ने चेकिंग के दौरान आकाश निवासी धामपुर, नगीना, हाल अगस्त्यमुनि के कब्जे से दो से तीन कट्टों में भरा हुआ तकरीबन 30 किलो मटन बरामद किया। पूछताछ में पता चला कि मटन अगस्त्यमुनि से ले जाया गया तथा इसका उपयोग गुप्तकाशी व आस-पास के होटलों में सप्लाई किया जाना था। इसके खिलाफ उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान की कार्यवाही की गई। बरामद मटन को जब्त कर एक गड्डे में डालकर व उसके ऊपर आवश्यकतानुसार फिनाइल डालकर विनष्टीकरण करने की कार्यवाही की। बता दें कि केदारनाथ धाम यात्रा के प्रारम्भ होने के पहले दस दिनों में पुलिस ने 70 किग्रा मटन के विनष्टीकरण की कार्यवाही की। पुलिस के स्तर से नशे के विरूद्ध व यात्रा मार्ग पर मांस ले जाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरन्तर जारी है।

**■ मांस व शराब का परिवहन करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान जारी, 10 दिनों में पुलिस ने यात्रा मार्ग पर पकड़ा 70 किग्रा मांस**

# केदारनाथ यात्रा में घोड़े-खच्चरों के संचालन से तीर्थयात्रियों को मिली राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा में घोड़े-खच्चरों के संचालन पर लगी रोक अब धीरे-धीरे हटाई जा रही है। इक्वाइन इन्फ्लुएंजा वायरस डिजीज (ईआईवीडी) के चलते यात्रा में इन पशुओं के उपयोग पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन अब पशुपालन विभाग और जिला प्रशासन की सतर्कता और सक्रिय निगरानी के चलते हालात में सुधार आने लगा है। पशुपालन विभाग ने कुछ दिन पहले कुछ घोड़े-खच्चरों को ट्रायल बेस पर यात्रा मार्ग में भेजा था। यह ट्रायल सफल रहा और इसमें शामिल पशुओं में संक्रमण के कोई लक्षण नहीं पाए गए। इसके बाद प्रशासन ने चरणबद्ध तरीके से यात्रा मार्ग पर जांच रिपोर्ट में नकारात्मक पाए गए पशुओं की आवाजाही की अनुमति देना शुरू कर दिया है।

बीते रविवार को विभाग ने पूरी सतर्कता के साथ कुल 1,670 घोड़े-खच्चरों को यात्रा के लिए रवाना किया। वहीं, सोमवार को 3,410 घोड़े-खच्चरों का संचालन किया गया। सीवीओ डॉ आशीष रावत ने बताया कि सभी पशुओं की स्वास्थ्य जांच की जा रही है और केवल स्वस्थ एवं पूरी तरह फिट



घोषित पशुओं को ही यात्रा मार्ग पर भेजा जा रहा है। विभाग की टीम यात्रा मार्गों पर लगातार निगरानी बनाए हुए है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। यात्रा मार्ग पर भी तीन स्थानों पर पशु जांच केंद्र बनाए गए हैं, जिससे घोड़े-खच्चरों के स्वास्थ्य पर निरंतर निगरानी रखी जा सके। जिला प्रशासन और केदारनाथ यात्रा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी भी पशुपालन विभाग के सहयोग से हालात पर नजर रखे हुए हैं। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है।

**■ इक्वाइन इन्फ्लुएंजा से राहत के बाद 3,410 घोड़े-खच्चरों का हो रहा संचालन, पशुपालन विभाग एवं प्रशासन की सतर्कता से बीमारी पर नियंत्रण**

## केदारनाथ हाईवे के गंगानगर में तेजी से हो रहा है पुनर्निर्माण कार्य

**रुद्रप्रयाग।** वर्ष 2013 की केदारनाथ आपदा में गंगानगर सेतु के पास राष्ट्रीय राजमार्ग का एक हिस्सा नदी के तेज बहाव में बह गया था। तब से यातायात को किराये की जमीन से वैकल्पिक रास्ता बनाकर संचालित किया जा रहा था। बीते 10 वर्षों में इस स्थान पर बाईपास निर्माण की योजना के कारण कोई नया निर्माण कार्य नहीं किया गया था, जबकि वर्ष 2024-25 में भारत सरकार ने गंगानगर क्षेत्र में मार्ग को फिर से बनाने और मजबूत करने के लिए 24.46 करोड़ की स्वीकृति दी है। निर्माण कार्य की शुरुआत बीते 27 मार्च से हो चुकी है। चारधाम यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए ठेकेदार द्वारा मार्ग को गड्ढामुक्त किया गया है, और यात्रा निर्विघ्न रूप से संचालित की जा सके। इसके साथ ही अस्थायी रूप से मिट्टी और पत्थर डालकर रास्ता भी बनाया गया। चूंकि रास्ते के किनारे दीवार बनाने में अभी समय लगेगा, इसलिए तब तक समय-समय पर गड्ढामुक्त कर यातायात चालू रखा जाएगा। भविष्य में दीवार पूरी होने के बाद मार्ग को स्थायी रूप से दुरुस्त कर दिया जाएगा।

# बद्री-केदार मंदिर समिति अध्यक्ष ने किए बाबा केदार के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सोमवार को बद्री-केदार मंदिर समिति के नव नियुक्त अध्यक्ष हेमन्त द्विवेदी ने केदारनाथ पहुंचकर बाबा के दर्शन किये। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ धाम में देश की सेना के नाम रूद्राभिषेक एवं अन्य पूजा-अर्चना संपन्न की। साथ ही प्रदेश एवं देश की सुख समृद्धि की कामना की। बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण भी पूजा में शामिल हुए। सोमवार को केदारनाथ धाम पहु. चने पर केदारसभा एवं तीर्थ पुरोहितों ने बीकेटीसी अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का ढोल दमाऊं के साथ भव्य स्वागत एवं माल्यार्पण किया। बीकेटीसी कर्मचारियों-अधिकारियों की बैठक में निर्देशित किया कि तीर्थयात्रियों को भगवान केदारनाथ के सरल सुगम दर्शन हों। इस अवसर मुख्य प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, सीओ पुलिस अभिनव चौधरी, पुजारी बागेश लिंग, केदारसभा अध्यक्ष राज.



कुमार तिवारी, पूर्व अध्यक्ष विनोद शुक्ला, श्रेयांस द्विवेदी, ओएसडी अजय, निजी सचिव प्रमोद नौटियाल, बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ हरीश गौड़, आर्किटेक्ट अजीत, केदारसभा महामंत्री अंकित सेमवाल, वेदपाठी यशोधर मैठाणी, स्वयंबर सेमवाल, रोशन त्रिवेदी, गणेश बगवाड़ी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, पारेश्वर त्रिवेदी कुलदीप धर्म्वाण आदि मौजूद रहे। इससे पहले बीकेटीसी अध्यक्ष ने शीतकालीन गददीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर दर्शन, पूजा-अर्चना की तथा रावल भीमाशंकर लिंग से भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भाजपा का कार्यकर्ता होना स्वयं मे गर्व की बात:जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी श्रीदेवसुमन नगर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ परिचयात्मक बैठक की। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने सभी को नए दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। बैठक में भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी और मण्डल के अध्यक्ष प्रदीप रावत ने भी अपनी बात रखी और सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और आज यह विश्व की नंबर एक पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीन बार देश का नेतृत्व करना पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण और मेहनत का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक लो. कतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता होना स्वयं में एक गर्व की बात है। कैबिनेट मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि 12.51



**■ कैबिनेट मंत्री ने भाजपा श्रीदेवसुमन नगर मण्डल के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों संग की बैठक**

करोड़ की लागत से मसूरी विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश का सबसे बड़ा सामुदायिक भवन बनाया गया है, जो क्षेत्र की आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक सिद्ध होगा। बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 80 से अधिक सामुदायिक भवन बनाये जा चुके हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, उसे निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएं, ताकि पार्टी और समाज दोनों के हित में प्रभावी कार्य हो सके। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आव्हान भी किया। इस अवसर पर मण्डल उपाध्यक्ष में अंकित जोशी, मीनू चड्ढा, राजेश शर्मा, मंडल महामंत्री में आशीष थापा, भावना चौधरी, मंडल मंत्री में इंद्र परमार, अजय कुमार, भावना बिष्ट, पंकज जोशी, मंडल कोषाध्यक्ष किरण पासवान, मण्डल कार्यालय मंत्री अतुल पंत, राकेश चड्ढा, मंडल मीडिया संयोजक कुसुम नेगी, मंडल आईटी संयोजक आशीष कौशिक, मंडल सोशल मीडिया संयोजक मानवेंद्र सती तथा मंडल की कार्यकारिणी सदस्य में अनिल शाह, डीपी बहुगुणा, बिजेंदर विल्सन, ओमप्रकाश गुसाई, दयाराम, राजेश कुमार, प्रदीप भट्ट, अमित चौहान, विषरूथ, गजराज ठाकुर, लक्ष्मी बहुखंडी, कमल प्रसाद, योगेश त्यागी, दीपक बहुखंडी, प्रताप चौहान, नरेंद्र कोठारी, संजय बक्शी, सुनील काला, मुकेश खरोला, विकास सिंह, रितेश अग्रवाल, संदीप जुयाल, कृष्णा पंडित, बी.डी.शर्मा, बिजेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे।

# जगदीश पोखरियाल को मिला जनसरोकारों की पत्रकारिता का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** चमोली जिले के वरिष्ठ पत्रकार जगदीश पोखरियाल को जन सरोकारों और ईमानदार मूल्यों की पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। आरएसएस के विश्व संवाद केंद्र के तत्वाधान में देहरादून के राजकीय मेडिकल कॉलेज में यह सम्मान प्रदान किया गया। इसके तहत प्रशस्ति पत्र और नगद धनराशि प्रदान करने के साथ शॉल ओढ़ा कर उन्हें सम्मान से नवाजा गया। नारद जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की भारतीय प्रचार टोली के अखिल भारतीय संयोजक मुकुल कानितकर ने कहा कि वर्तमान समय संचार व संवाद का समय है। राष्ट्रीयता के साथ संवादों को गहन विचार के बाद ही प्रसारित किया जाना चाहिए। कानितकर ने इस दौरान पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली वाले पत्रकार भारत चौहान, रश्मि खत्री, जगदीश पोखरियाल, नागेंद्र उनियाल, राजीव खत्री व भुवन उपाध्याय को सम्मानित किया। कार्यक्रम में हिमालय हुंकार पत्रिका की नारद जयंती विशेषांक और गंगा गाथा नाटक पुस्तक का भी विमोचन किया गया।

उन्होंने कहा कि संवाद राष्ट्र को सुदृढ़ करने के लिए ही किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई ऐसे समाचार प्रसारित किए गए जिनसे नुकसान हो सकता था। ऐसे संवादों को विस्तार देने से हमें बचाना चाहिए। उन्होंने ऑपरेशन पूरा होने के बाद की हालातों पर संवाद स्थापित करने से पहले पूरी जानकारी की पुष्टि करने पर जोर दिया।

# हेलीकाप्टर टिकट के नाम पर यात्री हुए ठगी के शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आंध्र प्रदेश के कुछ यात्री हेलीकाप्टर टिकट के नाम पर ठगी का शिकार हुये हैं। यात्री गंगोत्री के दर्शन करने के बाद केदारघाटी पहुंचे, लेकिन प्रत्येक टिकट का तीस हजार रूपये चुकाने के बाद भी इन्हे टिकट नहीं मिल पाया। जिसके बाद पीड़ितों ने पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

दरअसल, थाना गुप्तकाशी पुलिस को केदारनाथ धाम यात्रा पर आये पेंटा रत्नाकर पुत्र रामचन्द्र मुथी निवासी कासिबुग्गा पलासा, श्रीकाकुलम जिला, आन्ध्र-प्रदेश ने शिकायत की कि उनके ग्रुप ने एक ट्रैवल एजेन्सी के माध्यम से उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा के लिए प्रस्थान किया था। यात्रा पैकेज के साथ केदारनाथ धाम के लिए 15 हजार प्रति व्यक्ति के हिसाब से हेलीकाप्टर टिकट का भी पैंसा लिया गया था। बीते दिन जब वह गंगोत्री से गुप्तकाशी पहुंचे तो इनको सम्बन्धित ट्रैवल एजेन्सी संचालकों ने गुप्तकाशी से केदारनाथ धाम के लिए हेलीकाप्टर टिकट दिलाने के नाम पर 30 हजार प्रति व्यक्ति के हिसाब से अतिरिक्त डिमाण्ड की, जो कि इनके अलग-अलग फोन पे अकाउन्ट्स पर भेजी गयी। सोमवार प्रातः काल जब यह सभी केदारनाथ धाम जाने के लिये तैयार हुए तो कोई भी हेलीकाप्टर टिकट उपलब्ध नहीं कराया गया। शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर थाना गुप्तकाशी पर मु0अ0सं0 17/2025 धारा 318 (4) 61 भारतीय न्याय संहिता बनाम मनीष कुमार पुत्र ईश्वर कुमार निवासी पहाड़गंज, भारतनगर दिल्ली, पोटनोरू रामाराव पुत्र जगन्नाथ निवासी गांधीनगर, पारालाकेमुन्दी, गजपति उड़ीसा, आशीष निवासी 12ए सरस्वती मार्ग करोलबाग मालिक सहारा टूर एण्ड ट्रैवल्स दिल्ली व अज्ञात हेली सर्विस के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित की गयी है।

## एक नजर

### ग्रामीण पर झपटा जंगली शूकर, हिम्मत से भगाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर हिरमोली गांव में जंगली सुअर ने खेतों में काम कर रहे ग्रामीण पर जानलेवा हमला किया। हमले में ग्रामीण बुरी तरह लहूलुहान हो गए। सुअर ने ग्रामीण के गर्दन में अपने नुकीले दांत गाड़ दिए। उसके बावजूद उन्होंने हिम्मत कर सुअर को भगाया। जिससे उनकी जान बच पाई। बता दें कि बालीघाट दोफाड़ मोटर मार्ग के मध्य में तुपेड़ के पास ग्राम सभा हिरमोली निवासी 53 वर्षीय जगदीश पांडे पुत्र देवेंद्र पांडे सोमवार को अपने घर के पास खेतों में काम कर रहे थे। तभी झाड़ियों में छुपा जंगली सुअर अचानक आक्रामक होकर ग्रामीण पर झपट पड़ा। सुअर ने उनके गर्दन पर अपने घातक दांतों से काट दिया। ग्रामीण के शोर मचाने के बाद आस पास मौजूद अन्य ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल घायल को गांव से तीन किमी दूर सड़क में पहुंचाया। जहां से वह 108 से जिला अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल के एमरजेंसी में चिकित्सक डा. शुक्ला ने घायल का प्राथमिक उपचार किया।

### क्रमिक व आमरण अनशन की चेतावनी

**सोमेश्वर।** देवीय आपदा के एक वर्ष बीतने के बावजूद पुनर्निर्माण कार्य न होने से आक्रोशित ग्राम सूपाकोट के आपदा प्रभावित ग्रामीणों ने 13 मई मंगलवार से लक्ष्मीपुर स्थित क्षतिग्रस्त प्राचीन नौले के बाहर क्रमिक अनशन शुरू करने की घोषणा की है। यदि तय समयसीमा में कार्य नहीं शुरू हुआ, तो ग्रामीण 15 मई से आमरण अनशन पर बैठेंगे। रिटायर्ड असिस्टेंट ऑडिट ऑफिसर रमेश चंद्र पांडे के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के तहत मंगलवार को शाम 4 बजे नौले में सुंदरकांड पाठ भी किया जाएगा। गौरतलब है कि 8 मई 2024 को अतिवृष्टि के चलते नौला मलुवे से दब गया था और गधेरे का पानी कई मकानों में घुस गया था। हालांकि लघु सिंचाई विभाग ने मरम्मत के लिए रुपये 1.99 लाख का प्राक्कलन तैयार कर 27 मार्च 2025 को डीएम को भेजा था, लेकिन बजट समर्पित होने से कार्य शुरू नहीं हो सका। 8 मई 2025 को जनपद मुख्यालय अल्मोड़ा में धरना देने के बाद ग्रामीणों ने अनशन का निर्णय लिया था। ग्रामीणों ने प्रशासन से संवाद की अपील करते हुए कहा कि आंदोलन उनकी मजबूरी है, टकराव उनका उद्देश्य नहीं।

### पड़ोसी युवक पर पुत्री को भगा ले जाने का आरोप

**काशीपुर।** पड़ोसी युवक पर घर से उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में टांडा उज्जैन निवासी ट्रक चालक धर्मेन्द्र चौधरी पुत्र खुशी राम सिंह ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला अंकित कश्यप पुत्र दीपक कश्यप का उसके घर आना लगा रहता था। बीती 9 मई को जब वह अपने काम से ट्रक यूनियन गया हुआ था और घर पर उसकी पुत्री अकेली थी, इसी बीच मौका पाकर अंकित उसकी पुत्री को अपने साथ रामनगर भगा ले गया, जब वह अपने परिवार के साथ रामनगर गया तो वह वहां से भी उसे अपने साथ लेकर फरार हो गया। उसने बताया कि अंकित कश्यप उसकी पुत्री पर दबाव बनाकर कोर्ट मैरिज करने की फिराक में है तथा इस कृत्य में उसकी मां भी शामिल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की है।

### कार सवार दो युवकों ने लूटी सोने की चेन

**काशीपुर।** कार सवार दो युवकों ने एक अस्पताल के आईसीयू प्रभारी की आंखों में मिर्च स्प्रे डालकर सोने की चेन लूट ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात दो कार सवार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जसपुर के राजपुर निवासी सद्दाम हुसैन पुत्र स्व. अमीर हुसैन ने कुंडा थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अनन्या हॉस्पिटल में आईसीयू प्रभारी के पद पर तैनात है। वह बीती 3 मई की रात अपनी बाईक से हॉस्पिटल जा रहा था। इस दौरान कुंडा थाना क्षेत्र स्थित जसपुर कट के पास किसी की कॉल आया। तब वह रुककर बात करने लगा। इस दौरान कार संख्या यूके07डीजे 8002 में सवार दो युवक उसके आगे रुके और उसमें से एक युवक कार से निकल कर आया और उसके चेहरे पर मिर्च का स्प्रे डाल दिया, जिसके चलते वह परेशान हो गया। इस दौरान उक्त युवक के मारपीट करते हुए उसके गले की चेन लूट ली, जबकि दूसरा युवक कार में ही बैठा रहा और मौके से फरार हो गए। तब से वह अपनी आंखों का ईलाज करा रहा है।

### लंबित बिलों के भुगतान की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ की ओर से सोमवार को बैठक आयोजित की गई। इस दौरान विक्रेताओं ने सरकार पर विक्रेताओं का शोषण का आरोप लगाया। जल्द लंबित बिलों का भुगतान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। नगर के नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष संजय साह रिक्खू ने कहा कि सरकार ने अब तक विक्रेताओं के लंबित बिलों का भुगतान नहीं किया है। जिससे विक्रेताओं को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, नए-नए फरमान जारी कर विक्रेताओं को परेशान करने का काम किया जा रहा है। जिससे विक्रेताओं में रोष व्याप्त है। चेतावनी दी कि जल्द उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो जून में कुमाऊं के सस्ता गल्ला विक्रेता बैठक कर बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे। बैठक में दिनेश गोयल, अभय साह, नारायण बिष्ट, सुरेश सांगा, इंद्र डसीला, संदीप नंदा, प्रकाश भट्ट, राजेंद्र लटवाल, दीपक शाह, आनंद कनवाल, प्रमोद पवार, विशन बिष्ट, विपिन तिवारी, राजेंद्र मेहता, देवेंद्र चौहान, गिरीश कपिल आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया नर्सिंग दिवस

## फ्लोरेंस नाइटिंगल को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** जिलेभर में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान फ्लोरेंस नाइटिंगल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं, नर्सिंग अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। सोमवार को जिला अस्पताल में उत्तराखंड नर्सेज सर्विसेज एसोसिएशन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर फ्लोरेंस नाइटिंगल के कार्यों व योगदान को भी याद किया गया। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के पीएमएस डा. एचसी गड़कोटी ने कहा कि नर्स अस्पताल की रीढ़ हैं। इनके बिना अस्पताल का संचालन असंभव है। उन्होंने सभी से पूरे मनोयोग और समर्पित होकर कार्य



करने का आह्वान किया। कहा कि नर्स अपने कार्य के प्रति सचेत रहें और मरीजों को शिकायत का मौका ना दें। इसके अलावा अतंरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर नौ वरिष्ठ नर्सिंग अधिका. रियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए फ्ला. रेंस नाइटिंगल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, 12 नर्सिंग अधिका. रियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर अध्यक्ष प्रेमलता रावत, सचिव नेहा ओल्सन, महामंत्री हिमानी पांडे, संगठन मंत्री मीनू भट्ट, प्रचार मंत्री सविता आर्या, डा. हेमा पांगती, डा. हेमलता, डा. कृतिका भंडारी, गौरा बोरा, सरिता सनवाल, ममता आर्या, मंजू तिवारी आदि मौजूद रही। इधर, गोविंद सिंह माहरा राजकीय चिकित्सालय रानीखेत में भी अंतरराष्ट्रीय नर्सेज़ डे बड़े ही हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग स्टाफ की निस्वार्थ सेवा और समर्पण को सराहा गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डा. संदीप दीक्षित ने नर्सों को बधाई देते हुए कहा नर्सें स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ होती हैं। नर्सिंग ऑफिसर पूजा और चंद्रा ने अपने विचार व्यक्त किए, जिसमें उन्होंने नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल को स्मरण किया और उनके सिद्धांतों को आज की नर्सिंग सेवाओं में प्रासंगिक बताया। मरीजों को फल वितरण किया गया। समारोह में अस्पताल के चिकित्सकगण, नर्सिंग अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नर्सों के योगदान को सरा. हते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस आयोजन में चंद्रा, पूजा, सुनीता, कविता, अनु, ममता, अरुणा, राहुल आदि मौजूद रही।

### पति के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**काशीपुर।** एक महिला ने अपने पति पर उसकी पुत्री के साथ पिटाई करने व उसे घर-घर जाकर बदनाम करने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। वैशाली कालोनी निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 8 मई 2025 को उसके पति ने सुभाषनगर स्थित एक हलवाई की दुकान के पास उसकी पुत्री को गालियां देते हुए व मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल करते उसे व उसकी पुत्री को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने बताया कि वह अपने पति की इस क्रूरता से बहुत परेशान है। वो शुरु से उसके व उसके बच्चे के साथ मान. सिक व शारीरिक क्रूरता करता आ रहा है। महिला ने बताया कि 10 मई को उसका पति अपनी मां के साथ उसकी सहेली के घर गया और वहां जाकर उसको डराया धमकाया कि उसकी पत्नी से दूर रहे। वह जहां कहीं सड़क पर भी उसे मिल जाती है वह उसे गन्दी-गन्दी गालियां देता है।

### आंदोलन को तेज करने की चेतावनी

**अल्मोड़ा।** तीन सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर खूंट के ग्रामीणों ने सोमवार को चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में धरना दिया। शासन-प्रशासन पर धरने की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। राष्ट्रनीति संगठन के अध्यक्ष एड. विनोद तिवारी ने कहा कि ग्राम पंचायत खूंट धामस में कोसी नदी पर पुल का निर्माण करने, सड़क के डामरीकरण एवं जीआईसी खूंट में विद्यार्थियों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था करने समेत अन्य मांगों को लेकर धरना दे रहे है। बताया कि विभाग विकास कार्यो में बजट की कमी बता रहे हैं। जिस कारण भीख मांग कर धनराशि एकत्रित की जा रही है, जिसे विभाग को दी जाएगा। बताया कि जब तक जनहित की मांगे पूरी नहीं हो जाती धरना जारी रहेगा।

## पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिशन की मासिक बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिशन काशीपुर शाखा की रेलवे स्कूल परिसर में सम्पन्न मासिक बैठक में 8वें वेतन आयोग में पेंशनर्स को लाभ न दिए जाने पर हो रही भ्रांतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा नेशनल इंक्रीमेंट के एरियर पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। पेंशनर्स की तमाम समस्याओं का निदान भी इस दौरान किया गया। पेंशनर्स एसोसिशन के सचिव एसएस सिन्हा, ट्रेजरार राजीव पाल, संजय राय, एके मिश्रा तथा रेलवे यूनियन के पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने भी अलग-अलग विषयों पर जानकारी देकर विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता सुरेश शर्मा ने की। बैठक में पेंशनर्स संजय कुमार, जयविंदर सिंह, हरिओम का जन्मदिन तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर मनाया गया। इस अवसर पर अमर सिंह, एमपी सिंह, वीरेंद्र पाल, कृष्णपाल, केके शर्मा, सुरेश कुमार, लालता प्रसाद, नित्यानंद, शिव प्रसाद, दिगपाल सिंह समेत दर्जनों पेंशनर्स मौजूद थे।





## गौतम बुद्ध के जन्मोत्सव पर बुद्ध पूर्णिमा समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डा. बीआर अम्बेडकर जन्मदिवस समारोह समिति के तत्वावधान में तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में तथागत गौतम बुद्ध के जन्मोत्सव के अवसर पर बुद्ध पूर्णिमा समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन दीप दर्शन द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अमरोहा से पधारे धम्म कीर्ति भंते जी द्वारा बुद्ध वंदना के साथ हुई। अपने प्रवचन में भंते जी ने नैतिकता, करुणा, मैत्री, समानता, बंधुत्व और भाईचारे के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए बुद्ध के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने आगामी बुद्ध पूर्णिमा पर सभी लोगों से अपने परिवार सहित सम्मिलित होने का आग्रह किया और अम्बेडकरवादी समाज को संगठित होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अनेक सामा. जिक कार्यकर्ता एवं अम्बेडकरवादी नेता उपस्थित रहे, जिनमें विरेन्द्र टम्टा, विनोद बौद्ध, राजेश राज अम्बेडकर, नफीस अहमद खान, हरीश लोधी, नवीन मूलनिवासी, प्रकाश टम्टा, दीपक चनियाल, जीआर टम्टा, आरपी गंगोला, गंगा प्रसाद, जीआर आर्य, संजय बगढ़वाल, बीएल आर्य और सुनीता आर्य शामिल रहे।



# शांत वादियों में जन्म ले रही मूक क्रांति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** शांत वादियों में एक मूक क्रांति जन्म ले रही है। एक ऐसी पहल जो इस क्षेत्र की कृषि और किसानों की तकदीर को बदलने का वादा

**■ कृषि और किसानों की तकदीर बदलने की मुहिम**

करती है। इस परिवर्तन की कमान संभाल रहे जिलाधिकारी आशीष भटगांई की दूरदर्शी सोच पारंपरिक कृषि को नई ऊर्जा और आधुनिक दृष्टिकोण से जोड़ कर देखा जा रहा है।

उन्होंने काली और लाल धान की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने की एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। ये धान पोषण से भरपूर हैं और बागेश्वर की जलवायु के लिए उपयुक्त है। राष्ट्रीय कृषि विस्तार एवं प्रौद्योगिकी मिशन (एनएमएइटी) के अंतर्गत शुरू की गई यह पहल केवल नई फसलें उगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य बागेश्वर के किसानों की आर्थिक दशा को एक नई दिशा देना है। गहरे रंग, खास स्वाद और स्वास्थ्यवर्धक गुणों वाली काली और लाल धान की मांग आज देश-विदेश के स्वास्थ्य जागरूक उपभोक्ताओं के बीच तेज़ी से बढ़ रही है। एंटीऑक्सीडेंट्स, फाइबर और जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर यह धान अब वैश्विक बाजार में 'सुपरफूड' का दर्जा पा चुकी है और बागेश्वर इसके एक प्रमुख उत्पादक के रूप में उभर रहा है। जिलाधिकारी ने इस संभावना को समझते हुए एक समग्र रणनीति तैयार की है। ताकि स्थानीय किसान इन किस्मों की खेती को न सिर्फ अपना सकें, बल्कि इससे लाभ भी उठा सकें। प्रशासन द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले बीज नि:शुल्क वितरित किए जा रहे हैं और किसानों को आधुनिक व जैविक खेती के तरीकों में प्रशिक्षित करने के लिए नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल की खास बात यह है कि यह सिर्फ बुवाई और कटाई तक सीमित नहीं है, बल्कि किसान को बाज़ार तक पहुँचाने और वहां उचित मूल्य दिलाने की भी पूरी योजना इसके अंतर्गत शामिल है। किसानों को खरीदारों से जोड़ा जा रहा है और मांग के अनुरूप जागरूकता फैलाई जा रही है, जिससे उन्हें उनके उत्पाद का सही और सम्मानजनक मूल्य मिल सके।



## पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा की पत्नी का निधन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा की पत्नी रानी मणिमाला सिंह का उपचार के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहीं थीं। उन्हें इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां उन्होंने आज सुबह करीब नौ बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के कई गणमान्य लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा के आवास पर पहुंच कर उनकी पत्नी रानी मणिमाला सिंह के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना परमपिता परमेश्वर से की। परिजनों के अनुसार उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार 13 मई को प्रात: 9 बजे उनके निवास स्थान धनौरी फार्म से निकाली जायेगी और फार्म पर ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। रानी मणिमाला सिंह के निधन पर महापौर दीपक बाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, पूर्व विधायक राजीव अग्रवाल, जसपुर विधायक आदेश चौहान, मुशर्रफ हुसैन, संदीप सहगल एडवोकेट, मनोज जोशी एडवोकेट, विमल गुड़िया, अरुण चौहान, विमला गुड़िया, इंदु मान, अलका पाल, गीता चौहान, डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, जितेंद्र सरस्वती, अर्पित मेहरोत्रा, आशीष अरोरा बॉबी, प्रभात साहनी, शफीक अहमद अंसारी, राम मेहरोत्रा, मुक्ता सिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष शमशुद्दीन, चेतन अरोरा ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# फैशन डिपार्टमेंट: ज्ञानार्थी कॉलेज में सजी फैशन की रंगीन दुनिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** ज्ञानार्थी कॉलेज का फैशन डिपार्टमेंट रविवार को उस वक्त रौशन हो उठा, जब फैशन प्रदर्शनी के मंच पर रचनात्मकता, संस्कृति और नवीनता ने एक साथ कदम से कदम मिलाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉलेज की वाइस चेयरपर्सन निभा मेहरोत्रा एवं पूर्व मेयर उषा चौधरी रहीं। दोनों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में पारंपरिक, इंडो-वेस्टर्न, ट्राइबल और समकाल. ीन फैशन के रंगों की ऐसी झलक देखने को मिली, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिलाई-कढ़ाई, रंग संयोजन, फैब्रिक चयन और स्टाइलिंग के क्षेत्र में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि देखने वाले देखते रह गए। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन संतोष मेहरोत्रा, सेक्रेटरी शिवानी मेहरोत्रा, संस्थान की अध्यक्ष प्रतिमा सिंह, अकेडमिक डायरेक्टर डॉ. मनोज मिश्रा, रजिस्ट्रार सतीश कांडपाल, समाजसेवी पंकज टण्डन, हरीश त्रिपाठी एवं गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## बुद्ध के जीवन पर डाला प्रकाश





**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर डा. अम्बेडकर एकता फाउंडेशन कालाढूंगी द्वारा महामानव तथागत बुद्ध की फोटो पर माल्यार्पण कर संगठन के सभी पदाधिकारियों द्वारा उनको याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष एडवोकेट जगदीश चन्द्र ने की। व तथागत बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा कि तथागत बुद्ध का संपूर्ण जीवन संपूर्ण विश्व के लिये अनुकरणीय है। वर्तमान समय में उनके द्वारा बताये गये अहिंसा के सिद्धांत अति प्रासंगिक हैं और हम सभी को उनके बताये मार्ग-समता, बंधुत्व और भाईचारे पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में संगठन सचिव मदन चन्द्र, कोषाध्यक्ष एडवोकेट अरविन्द कुमार, संयोजक एडवोकेट गंगा प्रसाद, मीडिया प्रभारी शेखर चन्द्र, कार्यालय प्रभारी अंजलि आर्या, उपसचिव भुवन टम्टा, संरक्षक घनी राम, कमला, मनोज कुमार, तुषार आर्या मौजूद थे।

# सिद्ध बाबा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** बैशाख पूर्णिमा के विशेष मौके पर नैनीताल की चीना चुंगी स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में सोमवार को सिद्ध बाबा की नव स्थापित मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद विविध धार्मिक अनुष्ठान व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी की। इस दौरान क्षेत्र का वातावरण दिनभर भक्तिमय बना रहा। दूसरी ओर बैशाख पूर्णिमा का राजकीय अवकाश होने की वजह से दिनभर मंदिर में भक्तजनों की काफी भीड़-भाड़ लगी रही। बता दें कि सोमवार को सिद्ध बाबा मंदिर का 15वां स्थापना दिवस था। इस मौके पर सुबह से मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन हुए। मंदिर में सिद्ध बाबा की नई मूर्ति स्थापित की गई है, जिनकी सोमवार को विधिवत प्राण प्रतिष्ठा हुई जिसके बाद विविध धार्मिक अनुष्ठान, हवन, कन्या पूजन तथा सुंदरकांड हुआ साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। धार्मिक अनुष्ठानों में मुख्यत: भुवन चन्द्र मठपाल, दीवान सिंह धामी, सन्तोष सिंह, भीम सिंह आदि सपत्नीक शामिल हुए। धार्मिक अनुष्ठान पंडित महेश चंद्र भट्ट ने सम्पन्न कराए जबकि भंडारे की व्यवस्था में नगर पालिका परिषद के सभासद भगवत सिंह रावत समेत राजेन्द्र भट्ट, हरीश जोशी, राजू बिष्ट, गौरव शर्मा, माधव अधिकारी, किशन सिंह बिष्ट, पुष्कर सिंह बिष्ट तथा पालिका की सभासद लता दफौटी समेत संजय सुयाल सहित काफी संख्या में स्थानीय भक्तजन भक्तिभाव से जुटे रहे। दूसरी ओर मंदिर को भी काफी आकर्षक तरीक से सजाया गया था।



# मां एक सुंदर एहसास है: सरस्वती खेतवाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा रविवार को नैनीताल बैंक के सहयोग से मदर्स डे पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**■ मदर्स डे पर लेकसिटी क्लब ने कराया विशेष प्रोग्राम**


इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल द्वारा द्वीप जलाकर किया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा समाज की संघर्षशील महिलाओं (ज्योति धामी, भागीरथी बिष्ट, इंदु अरोड़ा, लीला पाठक व हेमा जोशी) को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के तहत शहर के 15 विद्यालयों के बीच स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें साक्षी नेगी (सरस्वती विद्या मंदिर) ने प्रथम रोजम (मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर) ने द्वितीय एवं सुधांशु कुमार (बिशप शा इंटर कालेज) ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके साथ ही आशीष सतुडी (पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार दुर्गापुर) तथा मानसी आर्य (निशांत), नितिन (संट जेवियर) रुबीना खातून (सनवाल पब्लिक स्कूल) के साथ ही गर्वित नेगी (भारतीय शाहिद सैनिक विद्यालय) को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के शुरुआत लेक सिटी वेलफेयर क्लब की सचिव सरिता त्रिपाठी द्वारा तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है मां... गीत गाकर की। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि मां एक सुंदर एहसास है जिसे सिर्फ महसूस किया जा सकता है। कहा कि मां की भरपाई कोई नहीं कर सकता। इस मौके पर उत्तराखंड राज्य गीत के लेखक हेमंत बिष्ट ने मां के संघर्षों पर प्रकाश डाला वहीं दूसरी ओर स्वाति, दिग्विजय बोरा, रश्मि पांडे, नीलम जोशी, आशा शर्मा, ईशा शाह, अजीत कुमार तथा डा. प्रगति जैन आदि ने मां के बारे में विशेष वर्णन किया। इस अवसर पर नैनीताल बैंक के मैनेजर अंकित भट्ट, कार्यक्रम संयोजक ज्योति ढौडियाल, लेक सिटी वेलफेयर क्लब की अध्यक्ष आभा शाह समेत हेमा भट्ट, रानी शाह, डा. पल्लवी, रमा तिवारी, रमा भट्ट, तनु सिंह, तुसी शाह, गीता शाह, विनिता पांडे, जीवंती भट्ट, मीनू बुलाकोटी, कविता त्रिपाठी, सीमा सेठ, रेखा त्रिवेदी, कंचन जोशी, दया कुमार, अमिता शाह, तारी शेरवानी, नीरू शाह, जय वर्मा, मधुमिता, सरस्वती सिराला आदि महिलाएं उपस्थित थी। संचालन मीनाक्षी कीर्ति ने किया।



### वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने वालों को बेनकाब करेगी भाजपा: बंजारा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा ने वक्फ बोर्ड पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह संस्थान अपने उद्देश्य से भटक चुका है और



अब कुछ रसूखदार मुस्लिमों की बपौती बनकर रह गया है। उन्होंने कहा कि गरीबों और असहायों के लिए दान की गई वक संपत्तियों पर मौलाना, नेता और भूमाफिया कब्जा जमाए बैठे हैं। बंजारा ने महमूद मदनी और असदुद्दीन ओवैसी सहित कई मुस्लिम नेताओं पर वक्फ की जमीनों का दुरुपयोग कर स्कूल, होटल और रिसॉर्ट बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने उत्तराखंड के रामगढ़ में अकबर अहमद डंपी द्वारा वक्फ जमीन पर रिसॉर्ट बनाए जाने का भी जिक्र किया।

# चिकित्सा शिक्षा निदेशक ने बेस अस्पताल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल का सोमवार को चिकित्सा शिक्षा निदेशक डा. आशुतोष सयाना ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में ओपीडी, निर्माण कार्य आदि का जायजा लिया और क्रिटिकल केयर यूनिट तक फुट ओवर ब्रिज बनाने के निर्देश दिए।

अस्पताल के निरीक्षण के दौरान चिकित्सा शिक्षा निदेशक डा. सयाना ने अस्पताल भवन के लिए खतरा बनी पानी की टंकी के मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपी निर्माण निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर विजय कुमार को सही से मरम्मत कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं, अस्पताल में घरों से आ रहे पानी को भी दूसरी जगह डाइवर्ट करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने मुख्य सड़क से दोपहिया वाहनों के लिए पार्किंग बनाने, अस्पताल में साइन बोर्ड लगाने, बायोमेडिकल वेस्ट के निस्पादन, अस्पताल से क्रिटिकल केयर यूनिट तक फुट ओवर ब्रिज बनाने आदि के निर्देश दिए। उपनल कर्मचारियों के वेतन संबंधी समस्याओं के निदान को लेकर बैठक भी की। यहां एमएस डा. अशोक कुमार, नोडल अधिकारी डा. अनिल पांडे आदि रहे।



# नर्स आत्महत्या मामले का पर्दाफाश

## महिला का दूर का रिश्तेदार प्रेमी हारुन गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी। महिला नर्स की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के

- सर्वेंट क्वार्टर में बीते 27 अप्रैल को लगा ली थी फांसी
- शादी के बाद भी पीछा नहीं छोड़ रहा था हारुन



प्रेमी हारुन को गिरफ्तार किया है। दोनों के बीच पिछले 12 साल से प्रेम संबंध थे, लेकिन राबिया की शादी हो जाने के बावजूद हारुन उसका पीछा नहीं छोड़ रहा था। उसने राबिया को इस कदर मान. सिक परेशानी दी कि उसने फांसी लगाकर जान दे दी। पकड़े गए आरोपी प्रेमी हारून के खिलाफ पुलिस को तमाम इलेक्ट्रानिक सुबूत मिले हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। बता दें कि मूलरूप से पीपली अहीर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी (26) राबिया खातून पेशे से नर्स थी और हल्द्वानी के रामपुर रोड स्थित शंकर हॉस्पिटल में नौकरी करती थी। उसकी शादी शरीफनगर मुरादाबाद निवासी जियाउल मुस्तफा से हुई थी और उसकी ढाई साल की एक बेटी भी है। राबिया हॉस्पिटल के सर्वेंट क्वाटर में अपनी डॉक्टर ननद नाजिया व बच्चों के साथ रहती थी। बीती 27 अप्रलै को राबिया का शव सर्वेंट क्वाटर के फर्श पर पड़ा पाया गया था। उसने छत पर लगे पंखे से फंदा लगाकर फांसी लगाई थी, लेकिन पंखे के ब्लेड मुड़ जाने की वजह से वह कुछ देर बाद वह नीचे गिर गई थी। इस मामले में हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने 11 मई को राबिया के पिता पीपली अहीर निवासी महबूब अली की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ राबिया को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि जांच में सामने कि बीएनएसएस की धारा 108 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच और मोबाइल फॉरेंसिक टीम ने इसकी गहन जांच की। जांच में राबिया के दूर के रिश्तेदार मुनीमपुर थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद निवासी मोहम्मद हारुन का नाम सामने आया, तो पता चला कि हारुन और राबिया में पिछले 12 साल से प्रेम संबंध थे। शादी के बाद राबिया ने उससे किनारा कर लिया, लेकिन हारुन ने पीछा नहीं छोड़ा। हारुन न सिर्फ उससे पैसे वसूलता बल्कि लगातार उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था। उसने इस कदर परेशान किया कि राबिया अपनी जान देने पर मजबूर हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी प्रेमी हारून को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। टीम में एसएसआई रोहताश सिंह सागर, एसआई महेंद्र प्रसाद, कांस्टेबल अरविन्द कुमार हेड कांस्टेबल इशरार नबी, कांस्टेबल संतोष बिष्ट व कुंदन सिंह थे।

### करंट की चपेट में आए युवक की उपचार के दौरान मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मंदिर में भंडारे से प्रसाद लेकर लौट रहा एक युवक बारिश के दौरान बिजली के पोल से उतरे करंट की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से झुलसे युवक को हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राजेंद्र प्रसाद (33) पुत्र लीलाधर निवासी ग्राम पतोड़ी, लमगड़ा अल्मोड़ा में रहता है। बताया जा रहा कि बीते रविवार को वह गांव के मंदिर में आयोजित भंडारे में शामिल हुआ था। प्रसाद ग्रहण करने के बाद जब वह घर लौट रहा था, तभी रास्ते में बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए वह एक स्थान पर रुका, जहां एक बिजली का पोल भी लगा था। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण बिजली के पोल में करंट उतर आया, जिससे राजेंद्र बुरी तरह झुलस गया। परिजनों द्वारा उसे तत्काल सुशीला तिवारी पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परि. जनों को सौंप दिया है।

# विधायक पर वीडियो बनाकर चर्चा में आए ब्लॉगर कमल गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सोशल मीडिया पर विधायक के खिलाफ वीडियो बनाकर सुर्खियों में रहने वाले ब्लॉगर कमल चंद्र कफल्टिया को पुलिस ने मारपीट के एक मामले में गिरफ्तार कर लिया है। वह थाना चोरगलिया से वांछित चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने उसे मुखानी स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। कमल कफल्टिया, निवासी नैनवालपुर कमलुवागांजा, एक चर्चित ब्लॉगर है और सोशल मीडिया पर उसके हजारों फॉलोवर्स हैं। वह अपने कई वीडियो में एक विधायक पर निशाना साधते दिखाई देता रहा है। पुलिस के अनुसार बीते 21 अप्रैल को लक्ष्मीपुर कुंवरपुर, गौलापार निवासी मनोज कुमार बेलवाल ने चोरगलिया थाने में कमल के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, घटना वाले दिन दोपहर करीब सवा दो बजे जब वह दानीबंगर गौलापार क्षेत्र में था, तभी कमल ने उसे देखकर गाड़ी रोकी और बिना किसी उकसावे के गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। कमल के साथ उस समय दो अन्य व्यक्ति भी मौजूद थे। इसके अलावा, मनोज ने यह भी आरोप लगाया कि 11 जुलाई 2024 को कमल ने उसके चचेरे भाई के घर में घुसकर भी मारपीट की थी, जिसकी शिकायत पहले भी की गई थी। थानाध्यक्ष राजेश कुमार जोशी ने जानकारी दी कि कमल कफल्टिया मामले में वांछित था और कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद मुखानी पुलिस की सहायता से उसे गिरद्धतार कर लिया गया। न्यायालय में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

# अपहरण कांड में आया नया मोड़

## अपहृत युवक ने साइबर फ्रॉड के लिए अपहरण का लगाया आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बीते दिनों मुखानी थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज अपहरण की घटना रोज़ एक नया मोड़ ले रही है। पहले इसे पैसे के लेनदेन का मामला बताया गया, फिर रंजिश की बात सामने आई, और अब पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसका अपहरण साइबर फ्रॉड करवाने के लिए किया गया था। घायल अवस्था में बेस अस्पताल में भर्ती तुषार लोहनी ने बताया कि आरोपी उसे साइबर ठगी कराने के लिए दबाव बना रहे थे। जब उसने इनकार किया तो उसे जबरन कार में डालकर अपहरण कर लिया गया, चार दिन तक बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया और फिर अधम. रा समझकर राष्ट्रीय राजमार्ग 35 पर बांधा से 37 किलोमीटर पहले फेंक दिया गया। बता दें कि बीते 6 मई की सुबह तुषार को तल्ली बमौरी मुखानी स्थित उसके घर के पास से कुछ कार सवारों ने जबरन उठाया। पीड़ित फिलहाल सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में भर्ती है, जहां 10 मई से उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में कपिल तिवारी और आलोक रंजन तिवारी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। तुषार ने बताया कि वह कंप्यूटर साइंस इंजीनियर है और ऑनलाइन वित्तीय मामलों में दक्ष है। आरोपी उसके इस हुनर को जानते थे और उसका गलत इस्तेमाल करने की साजिश रच रहे थे। उन्होंने तुषार का मोबाइल पासवर्ड तोड़कर उसके रिश्तेदारों को कॉल कर रंगदारी मांगने की कोशिश भी की। जब उसने साइबर फ्रॉड करने से इनकार किया, तो उसकके साथ जमकर मारपीट की गई। वहीं घायल तुषार के पिता गिरीश चंद्र लोहनी ने बताया कि आरोपी उनके परिवार की जान के भी दुश्मन बन गए हैं। उन्होंने बताया कि तुषार दिल्ली में जिस मालिक के साथ काम करता था, उसका आलोक रंजन तिवारी से कोर्ट में मामला चल रहा है, और आरोपियों का दबाव था कि तुषार गवाही न दे। साथ ही 22 लाख रुपये के लेनदेन की बात भी सामने आई थी। पुलिस पहले लेनदेन को ही प्रमुख वजह मान रही थी, लेकिन अब तुषार के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए अन्य पहलुओं पर भी जांच शुरू कर दी गई है। इधर मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि किसी भी आरा. पी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की टीमें फरार अपहरणकर्ताओं की तलाश में लगातार दबिश दे रहे है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरो. पियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जायेगा।



### किशोरी ने गटका जहर, मौत

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते एक किशोरी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे गंभीर हालत में उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर तीन निवासी 15 वर्षीय रिया सक्सेना पुत्री भैय्यालाल ने बीते आठ मई को अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। आनन फानन में परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। बीते रविवार की रात्रि उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच कर रहे हैं। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद पता चलेगी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परि. जनों को सौंप दिया।

# नाबालिग के अपहरण पर महिला आयोग सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** टीपीनगर पुलिस चौकी क्षेत्र के हल्दूपोखरा फूलचौड़ से एक नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में महिला आयोग ने संज्ञान लिया है।

- पुलिस से की त्वरित कार्रवाई की मांग

रविवार को महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए पीड़ित परिवार से मिली और उनकी हर संभव मदद का भरोसा दिया।

जिसके बाद महिला आयोग सदस्य कंचन सीओ नितिन लोहनी से मिली और शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। बता दें कि पीड़ित परिवार का आरोप है कि बीते दस मई की सुबह अमित नामक युवक उनकी लड़की को उनके घर



जाते समय बहला फुसलाकर ले गया। जबकि पीड़ित परिवार ने टीपीनगर पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, लेकिन अब तक न तो लड़की का पता चल पाया है और न ही आरोपी युवक की गिरफ्तार हो सकी। वहीं सीओ नितिन लोहनी ने परिवार और महिला आयोग को आश्वस्त करते हुए कहा कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा, और नाबालिग को बहलाकर ले जाने के आरोप में कड़ी कानूनी धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। राज्य महिला आयोग की सदस्य कंचन कश्यप ने जिले में बढ़ रहे नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और अपहरण के मामलों पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा ऐसे मामलों में पुलिस को त्वरित और कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि समाज में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

# घायल ने तोड़ा दम, अज्ञात बाइक सवार पर केस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शादी समारोह से लौटते समय तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं घटना के करीब 13 दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुय कर दी है। बता दें कि मूल रूप से ग्राम ललपुरी, थाना दिनेश. पुर, ऊधमसिंह नगर निवासी हिमांशु गड़िया अपनी पत्नी भूमि के साथ हल्द्वानी में रह रहे थे। बीते 23 अप्रैल को हिमांशु हल्द्वानी में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल हुए थे। रात करीब साढ़े 10 बजे वे रामपुर रोड स्थित एवन बैंक्वेट हॉल के बाहर खड़े थे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हिमांशु को तुरंत हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत बिगड़ने पर उन्हें भोजीपुरा स्थित राममूर्ति अस्पताल रेफर किया गया। स्थिति में सुधार न होने पर अगले दिन उन्हें नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 5 दिन तक वेंटिलेटर पर रहने के बाद भी उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। अंतत: उन्हें हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां बीते 29 अप्रैल को उनकी मृत्यु हो गई। वहीं पुलिस ने 13 दिन बाद मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# नेता प्रतिपक्ष के बयान पर पलटवार

## डा. अनिल डब्बू, रेनु अधिकारी ने कहा-यशपाल आर्य भूमाफियाओं के दबाव में

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के प्राधिकरण पर लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को मंडी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू ने बेबु. नियाद और बौखलाहट का प्रतीक बताया है।

हल्द्वानी मंडी परिषद गेस्ट हाउस में सोमवार को पत्रकार वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के पास कोई ऐसा मामला है तो उसकी तुरंत शिकायत करें, सरकार तुरंत कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आदेश जारी किया था कि पुराने प्राधिकरण एवं विनयमती क्षेत्र को छोड़कर नए सम्मिलित क्षेत्र में



मानचित्र की प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी।

नेता प्रतिपक्ष ने यह बयान उन भूमाफियाओं के दबाव में आकर दिया है जो नजूल की संपत्ति, सरकारी संपत्ति पर अवैध रूप से कॉलोनी और मकान का निर्माण कर रहे है और जिनके खिलाफ धामी सरकार कठोर कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम करती रही है। खुद उनके पूर्व मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार की बात करते हुए कैमरे में कैद हो चुके है, उनके पूर्व विधायक ने गुंडागर्दी के दम पर जो संपत्ति कब्जा कर रखी थी उसे आज सरकार ने छुड़वा दिया है। भ्रष्टाचार के मामले में अभी तक 150 से अधिक भ्रष्टाचारी जेल के पीछे जा चुके हैं। दर्जा मंत्री रेनू अधिकारी ने कहा कि जनता में धामी सरकार की बढ़ती लोकप्रियता को देखकर विपक्ष के नेता अनर्गल आरोप लगा रहे है। अगर कोई प्रकरण नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के संज्ञान में है तो वह स्वयं मुख्यमंत्री को अवगत करा सकते है, उस पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने भ्रष्टाचारियों के खिलाफ 1064 के माध्यम से विजिलेंस को तुरंत कार्रवाई करने की छूट दे रखी है।

# शराब, इंजेक्शन व सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले तीन धरे

**शाह टाइम्स, हल्द्वानी।** बीती रात्रि बनभूलपुरा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से शराब, इंजेक्शन व सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में टीम अलग-अलग स्थानों पर गश्त कर रही थी तभी टीम ने चैनल गेट इन्द्रानगर छोटीरोड बनभूलपुरा निवासी साजिद पुत्र गुड्डू को गौला पार्किंग के पास से 7 नशे के इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर एसआई नीरज चौहान, कांस्टेबल सुनील कुमार व दिलशाद अहमद के साथ गश्त कर रहे थे तभी टीम ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए लाइन नंबर-18 निवासी आरिश पुत्र मुनीर खां को रेलवे पटरी के पास सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जिसके पास से सट्टे की पर्चियां व 2540 रूपये की नगदी बरामद हुई। जबकि तीसरी जगह पर कांस्टेबल हरीश रावत व मो. अतहर ने गश्त के दौरान टाटा मोटर गौरापड़ाव निवासी विनोद कुमार पुत्र मोनू कुमार को रेलवे फाटक चोरग. लिया रोड के पास शराब की तस्करी करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। जिसके पास से दो पेटी अवैध देसी शराब बरामद हुई। पुलिस ने तीनों तस्करों पर कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# जय दुर्गा मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** देहरादून में आयोजित थर्ड उत्तराखंड स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में जय दुर्गा मार्शल आर्ट




अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक जीतकर जनपद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता का आयोजन 11 मई को उत्तराखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया। प्रशिक्षक विनोद लखेरा ने जानकारी देते हुए बताया कि अकादमी के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 8 गोल्ड, 5 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। बालिका वर्ग में पलक बल्यूटिया, दीपिका आर्य, निकिता सती, मृदुल शाही, कुमकुम बिष्ट गोल्ड मेडल विजेता रहीं जबकि गायत्री सिंह ने बालिका वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में सिद्धार्थ जोशी, लक्ष्य अगरतानिया गोल्ड मेडल विजेता जीता जबकि संदर्भ मनराल, पारस रौतेला, आयुष नेगी, सागर कुमार, लक्षित शर्मा ने सिल्वर मैडल जीता जबकि बालक वर्ग में आयुष नेगी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। प्रशिक्षक विनोद लखेरा ने बताया कि सभी गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी अब आगामी किकबॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उत्तराखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कोटनाला, महासचिव सत्येंद्र कुमार, हिमांशु कुलेठा, प्रकाश पांडे, मनोज उप्रेती, अनीता लखेरा, सुमन साह, और शालिनी भट्ट ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नर्सेज डे पर भव्य कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट स्थित नैन्सी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस डे के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसका विषय अवर नर्सेस अवर फ्यूचर केरिंग फॉर



नर्सेस स्ट्रेंथेंस इकोनॉमिक्स था। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंजू सिंह तथा निदेशक डा. संजय कुमार सिंह समेत सभी नर्सिंग टीचर एवं छात्राएं भी उपस्थित रही। मुख्य अतिथि मंजू सिंह ने नर्सिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर्से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र की रीढ़ होती हैं और उनकी निरूस्वार्थ सेवा समाज के लिए एक प्रेरणा है। निदेशक डा. संजय कुमार सिंह ने समस्त नर्सिंग स्टाफ एवं छात्राओं को अंतराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की बधाई दी साथ ही छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सेवा भाव तथा समर्पण और करुणा के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिसमें गीत, कविता, नाट्य मंचन और नृत्य आदि शामिल थे। कार्यक्रम के समापन में निदेशक डा. संजय कुमार सिंह द्वारा छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की तथा नर्सिंग वीक के प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्राओं के पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट भी दिए गए।

# बुद्ध पूर्णिमा पर विचार गोष्ठी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर अंबेडकर युवा संगठन के तत्वावधान में कुमाऊं शिल्पकार सेवा संस्थान




राजेंद्र नगर में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में समानता, प्रेम और संगठन की भावना को बढ़ावा देना था। गोष्ठी के संयोजक और संगठन के अध्यक्ष विनोद कुमार पिन्नू ने इसे समाज के लोगों को एक मंच पर लाने का सुंदर प्रयास बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कुमार बौद्ध ने की, जबकि सफल संचालन हरीश सिनौली द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार में राज्य मंत्री दिनेश चंद्र आर्य रहे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में मुकेश कुमार बौद्ध, चेत राम सागर, पूर्व पार्षद राधा आर्या, और मनोज कुमार मन्नू ने संयुक्त रूप से बुद्ध की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। गोष्ठी के दौरान मुख्य अतिथि दिनेश चंद्र आर्य, समाजसेवी इंदरपाल आर्य और जगमीत सिंह (मिती भाई) ने भगवान बुद्ध के जीवन, शिक्षाओं और उनके सामाजिक संदेशों पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सामाजिक कार्य कर रहे गणमान्य व्यकितयों को अंबेडकर युवा संगठन की ओर से सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सूरज प्रकाश, पूर्व पार्षद दिनेश रंधावा, पार्षद रोहित प्रकाश, पार्षद चंद्र प्रकाश, पूर्व पार्षद महेश चंद्र, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पाल, राजेश राज, राजेश साहू, भूपेंद्र कुमार, वीरेंद्र टम्टा, और सुनीता आर्या सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सत्यापन न कराने वाले मकान मालिक नपे

## ऑपरेशन सेनेटाइज अभियान के तहत 24 मकान मालिकों पर भारी जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** पुलिस ने ऑपरेशन सेनेटाइज अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए सत्यापन न कराने वाले 24 मकान मालिकों पर 2.40 लाख का जुर्माना लगाया है। अभियान के दौरान 659 बाहरी व्यक्तियों सत्यापन भी कराये और नियम तोड़ने पर 179 लोगों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसएसपी पीएन मीणा के निर्देशन में ऑपरेशन सेनेटाइज अभियान के अंतर्गत बाहरी राज्यों/जनपदों से जनपद में कार्यरत/निवासरत बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों, मजदूरों, फड़ फेरी व




रेड़ी/ठेला लगाने वाले व्यक्तियों का शत प्रतिशत सत्यापन करने एवं बिना सत्यापन किरायेदार, मजदूर रखने पर सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक नगर प्रकाश चंद्र एवं पुलिस अधीक्षक क्राइम डा. जगदीश चंद्र के नेतृत्व में हल्द्वानी, रामनगर, भवाली सहित सभी थाना क्षेत्रों में सभी क्षेत्राधिकारियों ने थाना प्रभारियों के साथ बाहरी व्यक्तियों का वृहद सत्यापन अभियान चलाया। जिसके अंतर्गत 614 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया और 45 व्यक्तियों का पहचान एप से सत्यापन किया गया। 24 मकान मालिकों, ठेकेदारों पर 10-10 हजार रुपए के कोर्ट चालान किए, जबकि 155 व्यक्तियों पर 81 पुलिस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाया। नैनीताल पुलिस ने लोगों से अपील करती है कि वे किरायेदारों, मजदूरों व बाहरी व्यक्तियों का समय पर सत्यापन अवश्य कराये ताकि अपराध नियंत्रण में सहयोग मिल सके।

### अतिक्रमण हटाने के लिए टीम गठित

**नैनीताल।** नगर पालिका ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण पर लगाम कसने के लिए सख्त रुख अपनाया है। पालिका प्रशासन ने आठ सदस्यीय विशेष टीम का गठन किया है जो रोज क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को चिह्नित कर नियमानुसार कार्रवाई करेगी। बता दें कि सोमवार को पालिका टीम ने पंत पार्क क्षेत्र में अवैध रूप से ड़ लगाकर व्यवसाय कर रहे लोगों को नोटिस भी जारी किए। पालिका की ओर से बताया गया कि शहर में आए दिन अतिक्रमण की शिकायतें मिलती रहती हैं जिस पर समय समय पर कार्रवाई की जाती रही है। कई बार अतिक्रमण हटाने गई टीम के साथ बहस और झड़प की घटनाएं भी सामने आई हैं।

# बॉडी बिल्डिंग में कालाढूंगी के भूपेश को गोल्ड

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी निवासी भूपेश सामंत ने दिल्ली में बॉडी




बिल्डिंग प्रतियोगिता में गोल्ड जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इसी के साथ 23 वर्षीय भूपेश ने भविष्य मैं इंटरनेशनल प्रतियोगिता मैं प्रतिभाग करने की बात कही है। भूपेश के पिता पेशे से व्यवसाई हैं और भूपेश ने अपनी इस उपलब्धि के लिए अपने माता पिता को दिया है। उन्होंने कहा की मेरी मेहनत के पीछे माता पिता के सहयोग से मैंने इस मुकाम को हासिल किया है। युवाओं के प्रेणनास्रोत बने भूपेश ने युवाओं को सन्देश देते हुए बताया की युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलकूद और अपनी पढ़ाई लिखाई पर ध्यान चाहिए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**


*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## रंगीन मिजाज इंस्पेक्टर साहब

# एक-दो से काम नहीं चला, तो अब करने चले चौथी शादी




- तीसरी बीबी को पता चला तो फूट गया भांडा
- तीसरी पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रंगीन मिजाज इंस्पेक्टर साहब का एक दो से काम नहीं चला को अब वह चौथी शादी के लिए लड़की ढूंढने में बिजी हो गये। यहां तक इंस्पेक्टर साहब से अपना बायोडाटा सहित फोटोज भी रिश्ते के लिए कई जगह भेजी थीं। लेकिन, इसी के बीच उनकी तीसरी पत्नी को इसका पता चल गया और इंस्पेक्टर साहब के चौथी बार दूल्हा बनने के सारे मंजूबों पर पानी फिर गया। तीसरी पत्नी की शिकायत पर पुलिस भी ऐक्शन में आई गई। आरोपी पुलिस इंस्पेक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि रुद्रपुर निवासी एक महिला ने अपने पुलिस इंस्पेक्टर पति पर तीन शादियां करने और अब चौथी शादी की तैयारी करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र के बाद पंतनगर पुलिस ने आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ओमेक्स रिविएरा निवासी वैजयंती चंद ने बताया कि वर्ष 2019 में मथुरा में उनका हिंदू रीति-रिवाज से रुड़की हरिद्वार निवासी पुलिस इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह से विवाह हुआ था। वर्तमान में वह पिथौरागढ़ में तैनात हैं। विवाह के समय आशुतोष ने खुद को तलाकशुदा बताया था, लेकिन बाद में पता चला कि उनकी दूसरी पत्नी पूनम रानी से तलाक नहीं हुआ था और उससे उन्हें एक बेटी भी है। पहली पत्नी से तलाक ले लिया था। वैजयंती चंद ने आरोप लगाया कि बिना तलाक लिए ही आशुतोष ने उनसे तीसरी शादी की और अब चौथी शादी करने की फिराक में हैं। वैजयंती चंद ने बताया कि शादी के बाद उन्होंने दो पुत्रियों को जन्म दिया, जिसके बाद सास शकुंतला देवी ने बेटा न होने के ताने देने शुरू कर दिए। पति ने देहरादून के फ्लैट में उन्हें अकेले रहने के लिए छोड़ दिया और खुद कभी मिलने नहीं आए। इस बीच उन्हें पता चला कि पति का एक महिला कांस्टेबल से प्रेम संबंध चल रहा है, जो पिथौरागढ़ में तैनात है। उन्होंने महिला के पति से भी बात की, जिन्होंने खुद पत्नी के व्यवहार से परेशान होने की बात कही। आरोप है कि जब उन्होंने इसका पति से विरोध किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी और खर्चा देना बंद कर दिया। आरोप लगाया कि सास ने विवाह से जुड़े सारे कागजात, जेवरात और फोटो अपने कब्जे में ले लिए और देहरादून स्थित फ्लैट को किराए पर चढ़ा दिया। इतना ही नहीं, पति ने इनकम टैक्स के नाम पर उनसे सादे और लिखित कागजात पर हस्ताक्षर करवा लिए और बाद में पता चला कि उन्हें लिव-इन पार्टनर दिखाने वाले दस्तावेज तैयार कर लिए हैं। पीड़ित वैजयंती चंद की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी इंस्पेक्टर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, धोखाधड़ी, धमकी देने आदि धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पंतनगर थाना प्रभारी सुंदरम शर्मा ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सास ने बहू और उसके पिता पर दर्ज कराया केस

एक ओर जहां इंस्पेक्टर एके सिंह के विरूद्ध उसकी पत्नी ने मुकदमा दर्ज कराया है तो वहीं दूसरी ओर कोर्ट के आदेश पर इंस्पेक्टर की माता ने अपनी बहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

दर्ज कराए मुकदमें में शकुंतला पत्नी बिशन लाल निवासी हनुमान कालोनी रुडकी हरिद्वार हाल निवासी ओमेक्स बीटा 02 रुद्रपुर ने बैजन्ती चंद पुत्री हर्ष बहादुर चंद हाल निवासी ओमेक्स बीटा 02 रुद्रपुर व हर्ष बहादुर निवासी ग्राम बिरिया खटीमा के विरूद्ध कहा है कि एक महिला मित्र बैजन्ती चंद पुत्री हर्ष बहादुर चंद विगत डेढ वर्ष से ग्राउंड् फ्लोर मे रह रही है। उक्त महिला द्वारा उसे तथा उसके पति को गोली मारने तथा तेजाब से जलाकर मारने की आए दिन धमकियां दी जाती हैं तथा दो करोड रुपए और एक् फ्लैट की मांग करती है। नवंबर 2023 में दिवाली से पहले बैजन्ती ने अपने पिता हर्ष बहादुर चंद को घर ओमेक्स बुलाया। दोनों गोली से मरवाने की धमकी देने लगे जातिसूचक शद्बों का प्रयोग करते हुए अपमा. नित किया। उसके बाद आज तक रोज बैजन्ती द्वारा हम लोगों को अपमा. नित करना जान से मारने की धमकी देना तथा गाली गलौज करना जारी है।18 मार्च 2025 को सुबह बैजन्ती ने उससे तथा उसके पति के साथ मारपीट की। उनकी गाड़ी पर गमला मारा और बाहर के गमले तोड़फोड़ दिए और जान से मारने की धमकी देकर यह बाहर चली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### तलाक दे वरना मार कर जंगल में फेंक दूंगा

**पीड़िता वैजयंती चंद** का आरोप है कि बिना उससे तलाक लिए पति चौथी शादी करने की तलाश में है। कहने लगा मुझे व मां को बेटा चाहिये, तू बेटा पैदा नहीं कर पाएगी इसलिए अब मैं चौथा विवाह करूंगा। उसके बाद पति मुझे मेरे मायके ले गये, मायके से सीधे मुझे बच्चों सहित देहरादून भेज दिया और मेरा कैमरा वाला फोन अपने पास रखा लिया, छोटा की पैड वाला फोन दिया। आरोप है मार्च 2023 में पति देहरादून आ गये कहने लगे मेरे साथ आईटीआई रहने चलो हरिद्वार से आते समय बीच जंगल में पति ने गाडी रोक दी और रिवाल्वर निकाल कर मेरे ऊपर तान दी कहने लगे तूझे मारकर यही जंगल में फेंक दूंगा, किसी को पता भी नहीं चलेगा। अचानक मेरी बड़ी बेटी नींद से जाग गयी तो वह रोने लगी, तब जाकर पति ने रिवाल्वर वापस रखी। सुबह होते ही हमें खटीमा छोड आये। खटीमा पहुंचाते ही दूसरे दिन सास ने उसका देहरादून में रखा स्त्रीधन, मेरे कागजात, जिसमें शादी का पंडित द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र, कीमती सामान, सोने व चांदी के जेवरात, शादी के फोटो आदि सब बिना बताये अपने कब्जे में रख लिये और सास और पति ने मिलकर खाली कर किराये पर दे दिया। इसी बीच प्रार्थिनी के पति ने विला नम्बर बीटा-2 ओमेक्स रिवेरा कालौनी में क्रय किया व अपने माता पिता व बच्चों के साथ उक्त विला में आ गयी। जिसके बाद उक्त विला के एक मंजिल में वह अपने बच्चों के साथ रहने लगी तथा दूसरी मंजिल पर उसके सास ससुर रहने लगे। सास लगातार प्रार्थिनी का शारीरिक एवं मानसिक उत्पीडन करते हुये गाली-गलौच कर कौसती रहती खर्चा मांगने पर पति ने मना कर दिया।

पति द्वारा आईटीआई में पोस्टिंग के दौरान जबरन कुछ सादे व लिखे काग. जात एवं स्टाम्प पर भी हस्ताक्षर यह कहकर करा लिये गये कि इनकम टैक्स में कागजात चाहिए बाद में पता चला कि पति ने जालसाजी करके लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के कागजात बनाये है और उस पर धोखाधडी से हस्ताक्षर कराये है। इसी बीच मेरी छोटी पुत्री की तबीयत ज्यादा खराब हो गयी थी तो उसे इलाज हेतु हास्पिटल में एडमिट करना पड़ा पति एवं सास पुत्री को देखने नहीं आये। करीब चार माह पहले पति ने अपने मित्र को उसके पास भेज कहलवाया कि अपने पति का घर छोड़ दो और बच्चियों को लेकर चले जाओं और आशुतोष को तलाक दे दो तुम्हें एक 02 बीएचके का् फ्लैट व पुत्रियों के लिए 10-10 लाख रुपये मिल जाएंगे इसी में तुम्हारी व तुम्हारी पुत्रियों की भलाई है वर्ना आशुतोष तुम्हारे साथ जो अंजाम करेगा वह तुम देखने लायक नहीं रहोगी।

# तस्करों ने काटे जंगल से खैर के पेड़

- वन विभाग ने खैर के 57 नगों से लदी पिकअप सहित चालक को दबोचा
- वन विभाग ने वन तस्करों के विरूद्ध की कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रभागीय वनाधिकारी, तराई केन्द्रीय वन प्रभाग, रुद्रपुर उमेश चन्द्र तिवारी और उप प्रभागीय वनाधिकारी किच्छा शशि देव एवं वन क्षेत्राधिकारी पीपलपड़ाव के निर्देशन में मुखबिर खास की सूचना पर वन दरोगा सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम बनाकर गत रात्रि बाजपुर के पास अवैध खैर की लकड़ी से भरी एक पिकअप रजि. नं.- Uk06CC 0521 सहित चालक को मौके से पकड़ लिया, जबकि तीन तस्कर पिकअप से कूदकर फरार हो गए। वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लगभग 57 नग अवैध खैर की लकड़ी से भरी पिकअप कब्जे में ले ली।

वन विभाग द्वारा पूछताछ करने पर पिकअप चालक ने अपना नाम रमेश कुमार पुत्र रविन्द्र कुमार तिलपता करनवास जिला गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश का बताया। पिकअप से कूदकर भागने वाले तीन तस्करों में नन्हे उर्फ जाहिद पुत्र फरजन्द अली, इमरान पुत्र युसुफनिवासीगण-मुकन्दपुर थाना गदरपुर उधम सिंह नगर और रेशम सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी बरवाला थाना-गदरपुर उधम सिंह नगर हैं। पिकअप चालक ने यह भी बताया कि यह लकड़ी पानीपत किसी अंकुश नामक व्यक्ति के पास बेचने के लिए ले जा रह थे। मौके से पकड़ा गया चालक रमेश कुमार सहित एक पिकअप को कार्यालय लाया गया और अग्रिम विधिवत कार्यावाही की गई।

वन विभाग टीम में वन दरोगा सुरेन्द्र सिंह, वन दरोगा पान सिंह, वन आरक्षी रूस्तम सिंह राणा, वन आरक्षी राहुल कुमार, वाहन पायलेट अंकित कुमार, पीपल पडाव वन क्षेत्राधिकारी, वन क्षेत्र तराई केन्द्रीय वन प्रभाग रुद्रपुर शामिल रहे।

## कच्ची शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिहनगर मणिकांत मिश्रा द्वारा अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में चौकी इंचार्ज पतरामपुर उ.नि. गोविंद सिंह मेहता द्वारा मय पुलिस टीम के गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बुडा फार्म को जाने वाली सड़क से गुरमीत सिंह पुत्र कुंदन सिंह निवासी भोगपुर डाम, थाना जसपुर को एक प्लास्टिक के कट्टे में 52 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जगदीश सिंह ढकरियाल, एसआई गोविंद सिंह मेहता चौकी इंचार्ज पतरामपुर, का. प्रशांत कुमार, हरीश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा। हल्द्वानी** बाईपास रोड पर ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मिली जानाकारी के अनुसार रविवार रात्रि छतरपुर रुदपुर निवासी विमल पाठक पुत्र भुवन पाठक और नितिन पाठक पुत्र नवम पाठक निवासी सनगाढ़ बेरीनाग पिथौरागढ़ बाइक से हल्द्वानी बाईपास की ओर जा रहे थे। इस दौरान उनकी बाइक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। गंभीर अवस्था में दोनों घायलों को सीएचसी लाया गया। यहां उपचार के दौरान विमल पाठक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### मोदी सरकार का जाति जनगणना का फैसल ऐतिहासिक: राठौर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** मोदी सरकार द्वारा जाति जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लिए जाने पर भाजपा ओबीसी मोर्चा की ओर से धन्यवाद एवं आभार कार्यक्रम आयोजित किया गया।




भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीकांत राठौर द्वारा नगर के वार्ड नंबर 11 में एक धन्यवाद, आभार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं भाजपा समर्थकों को संबोधित करते हुए श्रीकांत राठौर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जाति जनगणना का जो ऐतिहासिक फैसला लिया है, उसे सामाजिक समरसता और पिछड़े वर्ग के सम्मान की दिशा में यह निर्णय मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ओबीसी मोर्चा केंद्र की मोदी सरकार का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम में मुकेश राठौर, ललित कुमार, रामपाल यादव, सनी सक्सेना, राजेंद्र सिंह, भीमसेन बिन्द, गीता राठौर,विद्या देवी, पार्वती, शांति राठौर, प्रेम सिंह, नन्ही देवी, ज्योति, पूनम, शोभा राठौर,ओमवीर दास, सुरेश, अमित रस्तोगी, रवि शंकर यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद थे।

### सड़क निर्माण एवं सोलर लाइट लगाए जाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** सड़क निर्माण एवं सोलर लाइट लगाए जाने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ता जावेद मलिक ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

नगर के वार्ड नंबर 13 में सड़क निर्माण एवं कब्रिस्तान में सोलर लाइट पोल लगवाए जाने की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ता जावेद मलिक ने एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वार्ड नंबर 13 की सड़क अत्यंत खराब है, जिसका निर्माण किया जाना जनहित में बेहद जरूरी है। इसके अलावा वार्ड नंबर 11, 12 एवं 13 के बीच स्थित कब्रिस्तान में सोलर लाइट पोल की अति आवश्यकता है। एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही उनके द्वारा दिए गए ज्ञापन पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# खिलाड़ियों के लिए अनुशासन बेहद जरूरी: हीरा चन्द

- दो दिवसीय जिला स्तरीय जु-जित्सू प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 11 से 12 मई तक नानकमत्ता साहिब के दीवान हॉल, गुरुद्वारा में जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वावधान एवं दक्ष स्पोर्ट्स अकैडमी, नानकमत्ता के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय जु-जित्सू प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व सैनिक संगठन के संरक्षक सूबेदार हीरा चन्द एवं विशिष्ठ अतिथि दक्ष स्पोर्ट्स एकेडमी नानकमत्ता के अध्यक्ष शंकर बसेरा ने संयुक्त रूप से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अभ्यास ही खिलाड़ियों को सफलता की सीढ़ियां चढ़ने में मदद करता है। नियमित और कड़ी मेहनत के बिना, खिलाड़ी अपने कौशल और क्षमताओं को नहीं बढ़ा सकते। खिलाड़ियों के लिए अनुशासन बेहद जरूरी है। यह उन्हें अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करता है। अनुशासन के बिना, खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को पूरी तरह से विक. सित नहीं कर सकते हैं और चुनौतियों का सामना करने में सफल हो सकते हैं। कहा कि नानकमत्ता जैसे छोटे शहर में संसाधन विहीन रहने के बावजूद यहां का खेल संघ निरंतर यहां के छात्र-छात्राओं एवं युवा वर्ग को खेल के प्रति प्रेरित कर रहा है। विशिष्ट अतिथि शंकर बसेरा ने कहा कि जिले की बहुत सी खेल प्रतिभाओं ने न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी खेल प्रतिभा का परिचय देकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। आने वाले दिनों में जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद दी जाएगी ताकि जिले में मौजूद खेल प्रतिभाओं को निखारा जा सके।

आयोजक सचिव सिहान किशोर सिंह ने बताया कि शिविर में जनपद के 50 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। शिविर में एशियन खिलाड़ी कमल सिंह ने खिलाड़ियों को जु-जित्सू ने ख्वाजा, फाइटिंग इवेंट्स में इस्तेमाल की जाने वाली प्रमुख तकनीकों एवं थ्रो का प्रशिक्षण दिया। कहा कि सभी खिलाड़ी अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें और अपने प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत कर उसे प्राप्त करें। समापन अवसर पर महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय एवं एशियन जु-जित्सू प्रतियोगिताओ हेतु जनपद के विभिन्न ब्लॉकों में जिला जुख्रजित्सू संघ द्वारा खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन हेतु जु-जित्सू प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की अध्यक्षा रसिका सिद्दीकी, महासचिव विनय जोशी, सतीश जोशी, डीएसओ जानकी कार्की, जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, उपाध्यक्ष जॉनी हिराम, शोभा तिग्गा, सुखदेव सिंह, मुकेश यादव, हिमा भट्ट, वसीम खान, केनाथ लाल, कृष्ण कुमार साना, गंगा मेहरा, पूजा तरागी, प्रिया विश्वास, कंचन बसेरा, जय प्रकाश, जय लोहनी, शिव चरण, बलविंदर सिंह सहित अन्य खेल पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की।

# विधायक ने जरूरतमंदों को सौंपे आर्थिक सहायता चेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमंदों को आर्थिक साहयता चेक वितरित किए।

विधायक ने विधानसभा क्षेत्र रुद्रपुर के अलग-अलग क्षेत्र जिसमे रमपुरा, प्रति बिहार, आदर्श कॉलोनी, जगतपुरा, शिवपुर, राजा कॉलोनी, शिवनगर, रविंद्रनगर क्षेत्र से आए आर्थिक रूप कमजोर जिसमे इलाज व कन्या विवाह हेतु लगभग 30 लोगों को आर्थिक सहायता के चेक बांटे। विधायक शिव अरोरा ने कहा हर जरूरतमंद की मदद हेतु उनका विधायक सदैव तत्पर रहता है। उनका प्रयास रहता है कि मुख्यमंत्री राहत कोष से हर गरीब जो आर्थिक रूप से कमजोर है उस तक आर्थिक साहयता पहुंचे।

कहा प्रदेश कि धामी सरकार गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करती है, इसके परिणामस्वरूप सरकार द्वारा चलाई जा रही हर योजना का लाभ गरीब व्यक्ति को मिल रहा है। इस दौरान राजकुमार साह, जगदीश तनेजा, किरन विर्क, जगदीश विश्वास, राधेश शर्मा, एमपी मौर्य, सतनाम सिंह, महेंद्र आर्य, गोविन्द राय, जीतेन्द्र संधू, डंम्पी चौपड़ा, मयंक कक्कड़, अमित मिश्रा, रामाधारी गंगवार, सुनील यादव, अमित गोड़, गोपी मंडल, मोर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# लिटल किंगडम में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लिटल किंगडम स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक हृदयस्पर्शी और उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करना था।

कार्यक्रम में कक्षा प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 5 तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र -छात्राओं द्वारा गीत के माध्यम से हुई। छोटे बच्चों ने नृत्य, कविता, और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से अपनी माताओं के प्रति प्रेम को अभिव्यक्त किया। माताओं के लिए विशेष गेम्स और गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

विद्यालय की निर्देशिका परविंदर ने कहा कि 'मां'... एक ऐसा शब्द जिसमें पूरी दुनिया समा जाती है। मां की ममता और उनके त्याग की व्याख्या करना किसी के लिए आसान नहीं। वैसे तो मां के लिए हर दिन खास होता है, लेकिन मदर्स डे एक ऐसा अवसर होता है जब हम अपने प्यार को शब्दों में ढाल कर उन्हें शुक्रिया कह सकते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना ने मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां एक बच्चे की प्रथम गुरु होती है और उनके योगदान को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। उप प्रधानाचार्य सिमरन पूरी ने भी मां शब्द का महत्व बताया व सब को इस दिवस की बधाई दी। विद्यालय के संचालक लक्ष्य शर्मा ने कहा कि मां तो हमेशा खास होती है। इसलिए ही तो वो हमारी पहली गुरु, पहली दोस्त और पहली साखी होती है साथ ही मां के आगे हम कुछ भी बोल देते हैं, वो हमें कभी भी जज नहीं करती हैं। जब भी हमें चोट या दर्द होता है तो हमारे मुंह से सबसे पहला शब्द ही मां निकलता है। हर बच्चे के लिए वो अपने दिल में बराबर का प्यार रखती है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने अपनी माताओं को हस्तनिर्मित काड्र्स और उपहार भेंट कर उन्हें विशेष महसूस कराया। पूरा वातावरण स्नेह, मुस्कान और भावनाओं से परिपूर्ण रहा। स्कूल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम मातृत्व की गरिमा को समर्पित एक सुंदर पहल रही, जिसे सभी ने सराहा।

# ठेकेदार के विरुद्ध सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर ठेकेदार के विरुद्ध प्रदर्शन करते हुए मांगे पूरी किए जाने की मांग की है। देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले जिलाध्यक्ष विनोद कुमार की अगुवाई में सफाई कर्मचारियों ने पालिका परिसर में धरना प्रदर्शन कर हंगामा काटते हुए कार्यदाई संस्था आरिफ एंटरप्राइजेज के विरुद्ध जमकर भड़ास निकाली।

प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि मैसर्स आरिफ इंटरप्राइजेज कंपनी द्वारा आउटसोर्स कर्मचारीयों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा आउटसोर्स कर्मचारी को दो माह से सफाई से संबंधित कार्य के उपकरण और वेतन नहीं दिया गया है।

विनोद कुमार ने बताया कि मैसर्स आरिफ एंटरप्राइजेज द्वारा पीएफ, ईएसआई भी जमा नहीं किया गया है, जबकि पालिका प्रशासन द्वारा कर्मचारी यूनियन को लिखित अवगत कराया गया है कि पालिका प्रशासन द्वारा सारे भुगतान ठेकेदार को कर दिए गए हैं।

मैसर्स आरिफ एंटरप्राइजेज द्वारा किसी भी प्रकार की बात ना मानने के कारण कर्मचारियों को मजबूरन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लेना पड़ा। जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि कर्मचारियों के वेतन सफाई उपकरण आदि मांगों से संबंधित एक ज्ञापन बीती पांच मई को अधिशासी अधिकारी को सौंपा जा चुका है।

उन्होंने कहा कि ज्ञापन में साफ तौर पर कहा गया था कि समयावधि तक मांगे न जाने पर कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के लिए मैसर्स आरिफ इंटरप्राइजेज एवं पालिका प्रशासन जिम्मेदार होगा।

प्रदर्शन करने वालों में देव भूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार के अलावा भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज जिला अध्यक्ष नितिन वाल्मीकि, राजेश कुमार, सुदेश कुमार, रामचंद्र कोहली, राहुल कुमार, रजनी, रोहित वाल्मीकि, अजय कुमार ,निवास बाबू, प्रदीप कुमार, बिट्टन, रमेश, सुनील, संदीप कुमार ,सुरेश, राजू, रमेश, विजय, सोनी, राजेंद्र, शकुंतला ,पूनम, गौरव, रवि ,विक्की, सुमन ,सुंदरी आदि थे।

## सत्यापन न करने पर पांच मकान मालिकों पर दस-दस हजार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा द्वारा चलाए जा रहे सत्यापन अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा बिजली घर के पीछे नई बस्ती जसपुर, ध्यान नगर, कालू सैय्यद पतरामपुर, धर्मपुर आदि क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर किरायेदारों का सत्यापन ना कराने वाले मकान मालिकों के 83 पुलिस एक्ट में 10-10 हजार के चलान कर समन के लिए न्यायालय प्रेषित किया गया।



किरायेदारों और वर्कर्स द्वारा अपना सत्यापन ना कराने पर 12 लोगों का 81 पुलिस एक्ट में 250-250 रुपएये का चलान कर 3000/- रुपये वसूल किए गए। वर्तमान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर द्वारा सत्यापन अभियान चलाया गया है। बाहरी राज्यों से आकर बिना सत्यापन के काम करने वाले, किराये पर रहने वाले, फेरी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सत्यापन ना कराने पर कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर टीम में प्रभारी कोतवाली जगदीश सिंह ढकरियाल ,एसएसआई जावेद मलिक, कांस्टेबल प्रशांत, हरि बिष्ट, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने नदी किनारे चल रही कच्ची शराब बनाने की चार भट्टियां तोड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में अवैध शराब तस्करों के विरुद्ध पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही की गयी। सोमवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना अध्यक्ष उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने प्रतापपुर क्षेत्र में ग्राम कच्ची खमरिया के पास देवहा नदी के किनारे चार अवैध कच्ची शराब की भट्टियों को मौके पर नष्ट किया,पुलिस ने शराब बनाने के उपकरण सहित मौके पर लगभग एक हजार लीटर लहन भी नष्ट घकिया है।थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया की थाना क्षेत्र में नशे के कारोबार, व नशा संचालित करने वाले नशा कारोबारी को किसी सुरत में बख्शा नहीं जायेगा। कहा की अवैध कच्ची शराब से होने वाली जनहानि के दृष्टिगत अवैध कच्ची शराब के निष्कर्षण, बिक्री व अन्य राज्यों से हो रही तस्करी के विरुद्ध चलाया अभियान जारी रहेगा।

**एम.के. वाटर प्रूफिंग**
मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो. महबूब भाई
बिलासपुर रोड, रुद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

# दुष्कर्म में फरार आरोपी के घर की होगी कुर्की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** तमंचे और चाकू के बल पर सातवीं की छात्रा से दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी के घर की कुर्की करने के लिए पुलिस ने कोर्ट में आवेदन कर दिया है। पूर्व में पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। बीते दिनों थाना निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उसकी बेटी कक्षा सात की छात्रा है। 23 अप्रैल की शाम रुद्रपुर निवासी समीर उसकी बेटी को झांसा देकर डांस प्रतियोगिता में शामिल करने के लिए किच्छा ले गया था। इस दौरान समीर ने अपने एक साथी अरबाज को भी बुलाया था। आरोप था कि किच्छा स्थित एक होटल में दोनों ने तमंचा और चाकू के बल पर बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया था।

वहीं अश्लील वीडियो बनाकर धमकी दी थी। मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर समीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि उनका साथी अरबाज फरार हो गया था। मामले में पुलिस ने आरोपी अरबाज की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से एनबीडब्ल्यू लिया था, लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगा। वहीं कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि आरोपी अरबाज के घर की कुर्की करने के लिए कोर्ट में आवेदन कर दिया है।

# वैष्णवी शक्तिपीठ के खुले कपाट

■ बद्रीनाथ के लघुरूप में स्थापित शताब्दीयों से बैसाखी पूर्णिमा को धाम के कपाट खुलने एवं कार्तिक पूर्णिमा को बंद होने की चली आ रही है परंपरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** बद्रीनाथ के लघु रूप में स्थापित सकल धाम वैष्णवी शक्तिपीठ महर पिनाना में धार्मिक मंत्रोचारण एवं पारंपरिक पूजा अर्चना के साथ यहां धाम के कपाट खुल गए हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

शताब्दियों से बैसाखी पूर्णिमा के दिन धाम के कपाट खुलते एवं कार्तिक पूर्णिमा में बंद हो जाते हैं। आज से यहां 6 माह के लिए पूजा अर्चना का कार्य पंडित चंद्रकांत जोशी करेंगे जबकि इससे पूर्व पंडित शंकर दत्त जोशी पूजा किया करते थे। यहां पूजारियो की आज ही के दिन अदला बदली होती है। पुजारियों को छह माह तक कठोर नियमों से गुजरना पड़ता है। इस अवसर पर महर पिनाना के 96 वर्षीय घनानंद जोशी कार्यक्रम के साक्षी बने, जो बाल्यकाल से ही धाम का आशीर्वाद लेने आते रहे है। इसके अलावा सतीश जोशी, खिलानंद जोशी, केएन जोशी, भिंगराडा के पूर्णानंद भट्ट, रमेश चंद्र भट्ट, बिरगुल कलमाटा के भोला दत्त भट्ट प्रमुख लोग भी मौजूद थे। दिनभर धाम में भजन कीर्तन का दौर जारी रहा। इसी के साथ यहां श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। गत वर्ष आज ही के दिन जिलाधिकारी नवनीत पांडे यहां मौजूद हुए थे। उनके आने के बाद इस धाम के विकास के द्वार खुले हैं। उन्होंने धाम के विकास के लिए अपना ध्यान केंद्रित भी किया है।



### और कपाट खुलते समय भगवान भी हो गए प्रसन्न

**लोहाघाट।** सकल धाम वैष्णवी शक्तिपीठ महर पिनाना में आज कपाट खुलते समय जमकर बारिश होने से शक्तिपीठ का स्वयं भगवान अभिषेक करने लगे। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार कपाट खुलते समय मेघराज का बरसाना उत्तराखंड के लोगों की सुख शांति और समृद्धि का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने धाम के कपाट खुलने के लिए क्षेत्रीय लोगों को बधाई दी है।

धाम में आज देश में चल रही विषम स्थिति का मुक. ाबला करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शक्ति सामर्थ्य देने, उत्तराखंड में लंबे समय तक धामी का नेतृत्व मिलने तथा जिलाधिकारी नवनीत पांडे द्वारा जिले के विकास के लिए और ऊर्जा के साथ कार्य करने की शक्ति देने एवं इनके दीर्घ जीवन की कामना की गई।

# कांग्रेस कार्यालय पर कब्जे को लेकर फिर हुआ बवाल

■ कांग्रेस कार्यालय गेट पर लगा ताला तोड़ा
■ विरोध में कांगेसी धरने पर बैठे

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के रानीखेत रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय को लेकर सोमवार सुबह बड़ा बवाल खड़ा हो गया। कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने इस मामले में पुलिस प्रशासन पर सीधे तौर पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

रणजीत रावत का कहना है कि सुबह उन्हें जानकारी मिली कि कांग्रेस कार्यालय के गेट पर लगे उनके ताले को तोड़कर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नए ताले लगा दिए गए हैं। इस जानकारी के बाद वह मौके पर पहुंचे और अपने पुराने ताले वापस लगवाए, लेकिन इसके तुरंत बाद भारी संख्या में पुलिस बल वहां पहुंच गया। पूर्व विधायक रावत ने दावा किया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कहा कि कार्यालय के अंदर कुछ लोग



बंद हैं। इस पर कांग्रेस नेताओं ने जवाब दिया कि यह कार्यालय उनका है और अंदर कोई भी उनका व्यक्ति मौजूद नहीं है। इसके बावजूद पुलिस ने ताला तोड़ दिया, जिसकी पुष्टि खुद रावत ने मीडिया के सामने की।

रणजीत रावत ने आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों की मौजूदगी में पुलिस ने ताला तोड़ा है, जो इस बात का प्रमाण है कि पुलिस प्रशासन इस कार्यालय पर कब्जा कराने में शामिल है, यहां तक कि कुछ अधिकारी और कर्मचारी भी कह रहे हैं कि ऊपर बात कर लीजिए इसका मतलब साफ है कि इस कार्रवाई के पीछे ऊपर तक की मिलीभगत है। रावत ने कहा कि पुलिस ने उनके कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज भी किया, जिसमें कुछ कार्यकर्ताओं को चोटें आई हैं और कुछ को कोतवाली में बैठाया गया है, उन्होंने दो टूक कहा हम डरने वाले नहीं हैं, पुलिस की जाति और सत्ता के दवाब का विरोध करते रहेंगे, यह हमारा कांग्रेस कार्यालय है, और हम इस पर कब्जा नहीं छोड़ेंगे।

वहीं दूसरी ओर, कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने इस मामले में बयान देते हुए कहा कि पुलिस को 112 पर सूचना मिली थी कि कांग्रेस कार्यालय में दो पक्षों के बीच तनातनी है, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल भेजा गया, कोतवाल ने कहा कि मजिस्ट्रेट के निर्देश पर पुलिस ने वहां मौजूदगी दर्ज की और स्थिति को नियंत्रण में रखा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों से अगर कोई तहरीर मिलती है तो उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस कार्यालय के बाहर बवाल की सूचना मिलते ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक सुमित हृदयेश, जसपुर विधायक आदेश चौहान आदि बड़े स्तर के कांग्रेस नेता रामनगर कांग्रेस कार्यालय के बाहर पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह सब सरकार के इशारे पर किया जा रहा है, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ गुंडे और बदमाश किस्म के लोगों ने कांग्रेस कार्यालय के अंदर घुस गए हैं और वह जबरन कांग्रेस कार्यालय में कब्जा करना चाहते हैं। कहा कि यह सब शासन प्रशासन के इशारों पर किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यालय के बाहर तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। मामला राजनीतिक रंग पकड़ता जा रहा है, और आने वाले समय में यह विवाद और गहराने की आशंका जताई जा रही है। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण मेहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, विधायक सुमित हृदयेश, जसपुर विधायक आदेश चौहान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छीमवाल, ब्लॉक प्रमुख विक्रम रावत, युवा कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट फैजुल हक, पूर्व विधायक संजीव आर्य, संदीप सहगल, भुवन पांडे, भुवन शर्मा, सचिन कुमार, मोहम्मद अजमल, नवीन सुनेजा, सादिक, मुजाहिद सिद्दीकी, चांद खान, शमीम अहमद, आफाक कुरैशी, नजाकत अली, जावेद खान, बाबर खान, विनय पड़लिया समेत सैकड़ों की तादाद में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### मोहम्मद रेहान का मुख्यमंत्री उन्नयन योजना की छात्रवृत्ति के लिए चयन

शाह टाइम्स संवाददाता



**जसपुर।** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना की छात्रवृत्ति के लिए कक्षा चार के छात्र मोहम्मद रय्यान का चयन हुआ है। योजना के छात्र को प्रतिमाह पंद्रह सौ रुपये की छात्रवृत्ति राज्य सरकार से मिलेगी। खेल समन्वयक केशव सिंह ने बताया कि उक्त छात्र का चयन 8 से 9 वर्ष वाले वर्ग में जिला स्तर पर हुआ है। छात्र के चयन पर विधायक आदेश सिंह, अखलाक अहमद एड., समा. जसेवी नसरीन चौधरी, मो.खालिद, मो.आवेश, हाजी राशिद हुसैन, सरफराज अहमद, शाहनाज, सर्वेश, राहुल गहलोत आदि ने बधाई दी।

### बीएसबी कन्या स्ना. महाविद्यालय में रितिका चुनीं गईं मिस बीएसबी

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** बीएसवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बी ए द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने तृतीय वर्ष की छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी। कार्यक्रम में मिस बीएसवी का चुनाव किया। रितिका मिस बीएसवी चुनीं गईं।



प्राचार्य अर्चना अग्रवाल ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने भांगड़ा, गीत, नृत्य, नाटिका आदि प्रस्तुत किए। महाविद्यालय की व द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने की छात्राओं को विदाई पार्टी दी। अच्छे नंबर लाकर महाविद्यालय का नाम रोशन करे इस हेतु शुभ एवं मंगल कामनाएं प्रेषित की। मिस बी एस वी के चयन के लिए 22 छात्राओं ने प्रतिभा किया। कैटवॉक, नृत्य, गायन, प्रश्नोत्तर चारों स्टेप पार कर मिस बी एस वी का चयन किया गया। प्रथम रन अप - कुमारी रितिका द्वितीय रन अप - कुमारी सिमरनजीत कौर मिस बीएस वी मोनिका चौहान रही। यहां पर प्राचार्य अर्चना अग्रवाल, डॉ गीता जोशी, डॉ नीरज, डॉ सरिता, डॉ कुर्रातुल, डॉ योगेश, लवप्रीत, सना, सुषमा त्यागी, ममता शर्मा, मीना, अंजलि चंद्रा, प्रिया, शुभम, राकेश शर्मा, पुष्पेंद्र, गौरव कुमार, राजकुमार, राहुल, मनोज, राधा, कमलेश, यशोदा, तोताराम आदि उपस्थित रहे।

### जतिन सिंह मौरा का मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना में चयन

शाह टाइम्स संवाददाता



**नानकमत्ता।** चौहान सेल्फ डिफेंस अकैडमी के प्रतिभावान खिलाड़ी जतिन सिंह मौरा का चयन मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर जतिन सिंह मौरा, उनके पिता त्रिभुवन सिंह मौरा तथा पूरे परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। अकादमी प्रबंधक श्रीमती चंद्रा देवी एवं प्रशिक्षक किशन सिंह चौहान ने भी अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### अखण्ड महानाम संकीर्तन में श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने राधा कृष्ण महानाम यज्ञ सभा की ओर से रविन्द्र नगर में आयोजित 16वां श्री श्री अखण्ड महानाम संकीर्तन में पहुंचकर कीर्तन सुना और क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि के लिए कामना की। इस दौरान संकीर्तन में पहुंची कीर्तन मंडलियों ने भावपूर्ण कीर्तन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का आयोजकों ने स्वागत किया और उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी सदभाव और भाईचारा बढ़ता है। ऐसे आयोजनों से समाज को सही दिशा मिलती है और युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर केके दास, पार्षद विष्णु, आनन्द शर्मा, विजय वापजेयी, वीरेन्द्र तिवारी, रामकुमार गुप्ता, कमेटी के अध्यक्ष हिरा मण्डल, उपाध्यक्ष विपुल गाईन, चंदन देवनाथ, सचिव अरूण मेहतो, सरजीत मण्डल, कोषाध्यक्ष विवेक महलदार, कार्तिक मण्डल, बंटी मक्क्ड़, कृष्णा जोद्दार, नारायण डे, सुकुमार वैद्य, राजेश मधु मंगल पाल, प्रकाश अधि कारी, परितोष, सत्यजीत मल्लिक, विश्वजीत, देवबाला, राजू मण्डल, कमलेश, सुशांत, मानस, श्रीमति मलिना, सौराभी, अमिताभ, विशाल वैद्य, अमित वैद्य आदि मौजूद रहे।

### मुस्लिम पसमांदा समाज को कल्याण निधि बनाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सकीर अहमद अंसारी ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित कर बताया है कि खटीमा सहित पूरे प्रदेश में मुस्लिम पसमांदा समाज के लोग बेहद मुफलिसी में जीवन यापन कर रहे हैं, जिसका मुख्य कारण मुस्लिम पसमांदा समाज में शिक्षा का अभाव है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री से मुस्लिम पसमांदा समाज की तरक्की के लिए प्रदेश में एक कल्याण निधि बनाने तथा इस्लामनगर खटीमा में एक इंटर कॉलेज की स्थापना करने की मांग की है ताकि मुस्लिम पसमांदा समाज के बच्चे भी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके। सकीर अहमद ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज कर मुस्लिम समाज के बच्चों का ध्यान रखते हुए उक्त मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई है।

# आपसी सहयोग से विषम स्थिति का किया जा सकता है मुकाबला: डीएम

■ राष्ट्रीय सुरक्षा, आपदा एवं नागरिक सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने बनाई है एक मजबूत कार्य योजना

शाह टाइम्स संवाददाता

चम्पावत। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने कहा कि जनपद में उपलब्ध साधनों एवं संसाधनों का यदि हम समन्वित प्रयास से दोहन कर नागरिकों को आपात स्थिति में बेहतर सवाये दे सकते है। आपात स्थिति नगाड़े बजा कर नहीं आती है, जिले की सभी सुरक्षा एजेंसियां, विभाग एवं जिला प्रशासन आपसी तालमेल, सहयोग, समन्वय एवं संवाद के जरिए विषम स्थिति में भी नागरिकों की रक्षा



व सुरक्षा कर सकते है।

यह बात जिलाधिकारी ने जिले में उपलब्ध सभी सुरक्षा एजेंसियों, अधिकारियों, सीमांत सड़क संगठन, इंटेलिजेंस ब्यूरो के अलावा जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कर आपसी विचार विमर्श कर यह तय किया गया कि सभी सुरक्षा एजेंसियों एवं नागरिक क्षेत्रों में काम करने वाले विभागों में यदि आपस में लगातार संवाद एक दूसरे के पूरक बनने एवं अपने दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वाह करने तथा हर स्थिति से निपटने का जज्बा हो तो जिले में विषम स्थिति में भी हम लोगों को अपनी उपस्थिति का बेहतर लाभ दे सकते है।

जिलाधिकारी का कहना था कि चम्पावत जैसे जिले जो नैसर्गिक रूप से शांत है लेकिन बदलती हुई परिस्थितियों एवं आपदा की मार से हम किस प्रकार युद्ध स्तर पर लोगो के जान माल की रक्षा कर सकते है, यह कार्य संस्कृति हमारे रोजमर्रा के जीवन में अपनाई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जिले में उपलब्ध साधनों व संसाधनों का आपसी सहयोग से ऐसा स्वस्थ वातावरण तैयार कर सकते है जिसमे हम किसी भी स्थिति में पीड़ितों के लिए तत्काल सहायक बन सकते है। सभी एजेंसिया यदि ठान ले की हम जिले में किसी भी अनहोनी का मुकघबला करने के लिए तैयार है तो यह तत्परता आम लोगो के हितों की सुरक्षा का नया संद. ेश देगी।

जिलाधिकारी का यह भी कहना था कि जहां कहीं भी कोई नागरिक समस्याएं, भूस्खलन को दावत देने वाली परिस्थितियाँ एवं राष्ट्र विरोधी कोई भी कार्य देखते है तो उसमे यदि वे आपसी सहयोग एवं समन्वय स्थापित करने की मानसिकता बना चुके है तो जिला प्रशासन को इन परिस्थितियों से निपटने में और आसानी होगी।

बैठक में आईबी, सीआईएसएफ, ईएमई, बीआरओ, आईटीबीपी, एसएसबी के डीआईजी, पुलिस अधीक्षक ने अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। जिलाधिकारी ने जिले में सक्रिय गैर सरकारी संगठनों से एक सप्ताह के भीतर एसपी कार्यालय में अपनी गतिविधियों की जानकारी देने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, बीआरओ के कमांडेंट राकेश पाठक, आईटीबीपी की 36वी वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार, ओएमसी आर्मी चम्पावत के कर्नल बीएस राठौड़, सीआईएसएफ के सहायक सेनानी राजेश कुमार, 57 बटालियन एसएसबी के अनिल कुमार यादव, ओसी लेफ्टिनेंट दीपक वर्मा, डिप्टी कमांडेंट दीपक तोमर, एडीएम जयवर्धन शर्मा, सीएमओ डॉ देवेश चौहान, सैनिक कल्याण के लेफ्टेंट कर्नल उमेद सिंह, एसडीएम नितेश डांगर, एसडीओ फारेस्ट नेहा चौधरी, आपदा प्रबंधन के देवेंद्र पटवाल, जिला पंचायत के एएमए कमलेश बिष्ट, जिला युवा कल्याण अधिकारी यशवंत खड़ायत, हाइडेल के ईई बीके सकारिया आदि तमाम अधिकारी मौजूद थे।

# निर्माणाधीन मंदिर का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण



■ प्रदेश में विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं: मुख्यमंत्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नगला तराई में 254 लाख की लागत से निर्माणाधीन मां पूर्णागिरी मंदिर का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, मंदिर कार्य को शीघ्र पूरा करने तथा मंदिर में पानी व शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जो कार्यदाई संस्था अथवा ठेकेदार अच्छा कार्य नहीं करेंगे उनके खिलाफ उन्होंने कार्रवाई करने हेतु जिला अधिकारी को निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री धामी ने लोहिया हेड कैंप कार्यालय में जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी तथा उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री धामी जनपद अल्मोड़ा के लिए रवाना हो गए।

इस अवसर पर विधायक शिव अरोड़ा, काशीपुर मेयर दीपक बाली, राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा रमेश चंद्र जोशी, जिलाध्यक्ष बीजेपी कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, गुंजन सुखीजा, भवानी भंडारी, जिला जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, अशोक जोशी, एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी खटीमा रविन्द्र बिष्ट, सीओ आर डी मठपाल, भूपेंद्र सिंह धोनी, अधिशाषी अभियंता आरडब्लूडी अमित भारती सहित अनेकों अधिकारी व जनप्रतिनिधि थे।

# आरएएन पब्लिक स्कूल डिबडिबा में धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल डिबडिबा में मातृ दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगे गुब्बारों और बच्चों द्वारा बनाए गए आकर्षक चित्रों से सजाया गया था, जो मां के प्रति उनके असीम प्रेम और सम्मान को दर्शा रहे थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक विंग कमाण्ड एचके राय, मधु राय, प्रधानाचार्या ममता बिष्ट, सम्मानित अतिथि डा. प्रीति छाबङा, दीपिका जोशी, रीगल महर, पुष्पा रावत ने मां सरस्वती के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर बच्चों द्वारा गणेश वंदना से किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता बिष्ट ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया, जिसमें उन्होंने मां के त्याग, समर्पण और बच्चों के जीवन में उनके अद्वितीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मां न केवल जन्मदात्री हैं, बल्कि प्रथम गुरु और मार्गदर्शिका भी हैं, जिनके बिना किसी भी बच्चे का जीवन अधूरा है। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण माताओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बहुत से कार्यक्रम थे। जैसे चित्रकला प्रतियोगिता, फायरलैस कूकिंग, सिंगिंग, डांस, मेहंदी तथा टैटू आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार रखे गए। विद्यालय के शिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे दिन विद्यालय में एक उत्सव का माहौल रहा, जहां हर बच्चा अपनी मां के प्रति अपना प्यार और सम्मान व्यक्त करने के लिए उत्साहित दिखा। यह मातृ दिवस विद्यालय के लिए एक यादगार दिन बन गया, जिसने मां और बच्चे के पवित्र बंधन को और भी मजबूत किया।

# प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापित की गई बजरंग बली की मूर्ति

■ देश की सेनाओं, सुरक्षाबलों, पुलिस के जवानों को शक्ति व सामर्थ्य देने को की गई सामूहिक प्रार्थना

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** आईटीबीपी की 36वी वाहिनी के सर्वधर्म मंदिर में आज पूर्व विधि विधान के साथ बजरंग बली की प्राण प्रतिष्ठा के साथ मूर्ति स्थापित की गई। बटालियन के नवागत कमांडेंट संजय कुमार ने अपनी धर्मपत्नी अनुराधा सिंह एवं बटालियन के अधिकारियों, हिमवीरों एवं उनकी जीवन संगिनियों के साथ अपने व्यक्तिगत प्रयासों से मंदिर में मारुति नंदन हनुमान की मूर्ति स्थापित कर बुध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर



मंदिर में मूर्ति की कमी को दूर किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने जवानों व अधिकारियों के साथ हवन यज्ञ भी किया जिसमें देश की सेना, सुरक्षाबलों व पुलिस बल को राष्ट्र के लिए समर्पित होने के लिए अपूर्व शक्ति व सामर्थ देने की प्रार्थना करने के साथ अपना घर-बार छोड़कर राष्ट्र की आन-बान-शान के लिए सीमा में दुश्मन का मुकाबला कर रहे जाबाजो को हनुमान जी से अपना ही जैसा बल देने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर कमांडेंट की ओर से विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया जिसमे सैकड़ो हिमवीरो एवं उनके परिवारो ने प्रसाद स्वरूप भोजन ग्रहण किया। सर्वधर्म मंदिर में पंडित केवलानंद जोशी के पौरोहित्य में कलश पूजन, नवग्रह पूजन, ओंकार पूजन, मातृका पूजन के साथ लोक देवताओ व सभी देवी देवताओ का आवाहन कर उनका पूजन किया गया। दिनभर यहाँ हिमवीरों के द्वारा भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अनुष्ठान में द्वितीय कमान अधिकारी बेगराज मीणा, डॉ सूबे सिंह, डा. सुरभि, सहायक सेनानी संजय भारद्वाज, बीएस मेहता, गौरव गुप्ता, इंस्पेक्टर लक्ष्मी लाल वर्मा, एसएम दिनेश बिष्ट भी शामिल थे।

# हाईवे किनारे खड़े डंपर पर दूसरे डंपर ने मारी टक्कर, जलकर हुए राख



शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** हाईवे पर खनन से भरे डंपर पर दूसरे डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर से दूसरे डंपर की डीजल टंकी फट गई और दोनों में आग लग गई। डंपर चालक ने किसी तरह अपनी जान बचाई। फायर ब्रिगेड ने जब तक लपटों पर काबू पाया, तब तक दोनों डंपर जल गए। इस दौरान हाईवे के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। यातायात को सुचारू करने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार शाम ग्राम भोजीपुरा बरेली उत्तर प्रदेश निवासी इमरान का डंपर खनन लेकर बाजपुर से बरेली जा रहा था। ग्राम मसीद स्थित हाईवे पर बनी माइनिंग चौकी पर वह अपने कागजों की जांच कराने लगा। इस दौरान ग्राम सरोवर नगर गदरपुर निवासी मुराद का मिट्टी से लोडेड डंपर इमरान के खड़े डंपर से जा टकराया। इससे ईंधन की टंकी फटने से दोनों वाहनों में आग लग गई। चालक मुराद ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। वहीं डंफर चालक मुराद अली फरार हो गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड और उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दोनों डंपर बुरी तरह जल गए। वहीं, घटना से दोनों तरफ वाहनों का लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने बमुश्किल सुचारू किया। एसआई मुकेश मिश्रा ने बताया कि गदरपुर पुलिस और फायर बिग्रेड जवानों ने आग पर काबू पाया। दोनों वाहनों का करीब 20 लाख रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# जलभराव रोकने को दिया अनिश्चितकालीन धरना

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** आंबेडकर चौक के पास आदर्श अंबेडकर विद्यालय परिसर में मोहल्ले के घरेलू गंदे पानी से हो जलभराव को रोकने व पानी की निकासी की मांग को लेकर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार ने सोमवार को गेट के पास अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है।

आरोप लगाया कि नालियों की सफाई नहीं होने से लम्बे समय से गंदे पानी का जल भराव हो रहा है।

भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि बहुजन समाज का सबसे बड़ा स्थान है। यहां पर आंबेडकर विद्यालय, आंबेडकर भवन, आंबेडकर प्रतिमा एवं संत रविदास मंदिर स्थापित है। यहां काफी लंबे समय से नाली के पानी से जल भराव हो रहा है। परिसर में जल भराव की समस्या यथावत बनी हुई है। परिसर के मुख्य द्वार एवं परिसर के भीतर पानी भरा रहता है। आरोप लगाया कि पानी की निकासी नहीं होने से महापुरुषों का अपमान किया जा रहा है।

यहां संदीप गौतम, सर्वजीत गौतम, रवि कुमार, देवशरण, धर्मवीर, विशाल सिंह, अमन राठौर, देवशरण, बंटी, राजेंद्र कुमार, गुलशन कुमार, अंगद कुमार शामिल रहे।



# सम्पन्न हुआ प्रथम चीफ जस्टिस गोल्फ टूर्नामेंट मुख्य न्यायाधीश ने किया पुरस्कार वितरण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से राजभवन गोल्फ क्लब के सहयोग से राजभवन परिसर में चल रही तीन दिनी प्रथम चीफ जस्टिस गोल्फ टूर्नामेंट का सोमवार को विधिवत समापन हो गया।

इस मौके पर विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी. नरेंद्र ने पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण समारोह में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, महासचिव वीरेंद्र सिंह रावत, उत्तराखंड बार कौंसिल के अध्यक्ष डा. महेंद्र सिंह पाल, मुख्य स्थाई अधिवक्ता चंद्र शेखर सिंह रावत समेत कई अधिवक्ता व राजभवन गोल्फ क्लब के सचिव समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा। वहीं, जूनियर




गोल्फर अंडर 10 के रनर रिदित नैथानी तथा विनर रुशांक प्रताप सिंह सिजवाली रहे। मैक्स पार्स राहुल वर्मा रहे जबकि मैक्स बर्डीज कर्नल सीबी शर्मा रहे। अंडर 12 श्रेणी की विजेता आनिया साह रही जबकि अंडर 15 श्रेणी की रनर नित्यंत रहे। इसी क्रम में अंडर 15 श्रेणी की विज.ता याना त्यागी रही वहीं लेडीज गोल्फर रनर कमलेश सिंह रही वहीं लेडीज गोल्फर विजेता खुखवानी सिंह रही। बुर्जुग गोल्फर वीनर कर्नल सीबी शर्मा रहे। रनर सर्वश्रेष्ठ नेट विनायक पंत रहे जबकि विजेता सर्वश्रेष्ठ नेट कर्नल सीबी शर्मा रहे जबकि वीनर सर्वश्रेष्ठ नेट न्यायाधीश बीएस वर्मा रहे जबकि रनर बैस्ट ग्रास कर्नल सीबी शर्मा रहे। विजेता सर्वश्रेष्ठ ग्रौस राहुल वर्मा रहे। इसी क्रम में सर्वश्रेष्ठ ग्रौस न्यायाधीश श्रेणी में उप विजेता न्यायाधीश लो. कपाल सिंह रहे जबकि सर्वश्रेष्ठ सकल न्यायाधीश श्रेणी में विजेता न्यायाधीश बीएस वर्मा रहे।

## बुद्ध पूर्णिमा पर बौद्ध मठ में अनुष्ठान

**नैनीताल।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। इस दौरान विश्व शांति की प्रार्थना भी की गई। इस मौके पर खंपा भोटिया समिति की ओर से राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया। बता दें कि सुख निवास स्थित मठ पर सुबह से ही जाप समेत अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए। लोगों ने अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। खंपा भोटिया समिति नैनीताल के पदाधिकारियों ने कहा कि खंपा भोटिया समुदाय की ओर से प्रत्येक वर्ष बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देना है।

# देशभर में युवाओं को बनाया जा रहा 'माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक'

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** माई भारत, युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार देश भर के युवाओं को माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक के रूप में नामांकन के लिए सक्रिय रूप से प्रेरित कर रहा है।

**■ आपदा और आपात स्थिति में निभाएंगे अहम भूमिका**

यह राष्ट्रव्यापी आह्वान युवा नागरिकों को राष्ट्रीय हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाने के एक ठोस प्रयास का हिस्सा है। खासकर आपात स्थिति और संकट के दौरान। बता दें कि इस पहल का उद्देश्य एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित व उत्तरदायी और लचीला स्वयंसेवी बल तैयार करना है जो प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं, सार्वजनिक आपात स्थितियों और अन्य अप्रत्याशित स्थितियों के समय नागरिक प्रशासन की सहायता कर सके। वर्तमान परिदृश्य और उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए एक मजबूत समुदाय आधारित प्रतिक्रिया तंत्र स्थापित करने की तत्काल और बढ़ती आवश्यकता है। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से स्थानीय अधिका. रियों का समर्थन करके इस संबंध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें बचाव और निकासी अभियान, प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन देखभाल, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण व सार्वजनिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया और पुनर्वास प्रयासों में सहायता करना शामिल है। एक तैयार और प्रशिक्षित नागरिक बल का महत्व पहले से कहीं अधिक है और माई भारत इस राष्ट्रीय मिशन में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए माई भारत अपने युवा स्वयंसेवकों के गतिशील नेटवर्क और अन्य सभी उत्साही युवा नागरिकों से अपील करता है कि वे आगे आएं और माई भारत नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के रूप में पंजीकरण करें। मौजूदा माई भारत स्वयं सेवक और नए व्यक्ति जो इस क्षमता में राष्ट्र की सेवा करना चाहते हैं दोनों का इसमें शामिल होने का स्वागत है। यह पहल न केवल युवाओं में नागरिक जिम्मेदारी और अनुशासन की मजबूत भावना पैदा करती है बल्कि उन्हें महत्वपूर्ण परिस्थितियों में तेजी से कार्य करने के लिए व्यावहारिक जीवन रक्षक कौशल और प्रशिक्षण भी प्रदान करती है। राज्य निदेशक माई भारत उत्तराखंड अनिल कुमार सिंह व नेहरु युवा केंद्र के पौड़ी गढ़वाल के जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट के मुताबिक इसकी पंजीकरण प्रक्रिया सरल है और आधिका. रिक माई भारत पोर्टल के एचटीटीपीएसरू//माईभारत डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से सुलभ है। यह युवाओं से आगे आने व इस राष्ट्रीय मकसद के लिए इच्छुक युवाओं व जनता को संगठित करने का आह्वान है।

# देवी के विभिन्न रूपों का वर्णन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा जन कल्याण के लिए आयोजित श्रीमद्देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन सोमवार को व्यास देवेश शास्त्री ने बताया कि कथा देवी के स्वरूप तथा शक्तियों और भक्तों के प्रति उनकी कृपा महत्वपूर्ण है। उन्होंने देवी के विभिन्न रूपों और अवतारों का वर्णन किया साथ ही बताया कि भक्तों को देवी की भक्ति और साधना से कैसे लाभ मिलता है।

व्यास शास्त्री ने कहा कि महाकाली, महालक्ष्मी व महासरस्वती भक्तों की देवी है और भक्तों की देवी हमेशा रक्षा करती हैं और उन्हें मोक्ष प्रदान करती हैं। कहा कि देवी की भक्ति और साधना से मनुष्य को ज्ञान और मुक्ति मिलती है। देवी की शक्ति का



ज्ञान तथा शक्ति को ऊर्जा रूप में और महिमा के बारे में ज्ञान प्राप्त होता है जो भक्तों को देवी की भक्ति और साधना के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। व्यास देवेश शास्त्री ने बताया कि यह भक्तों को मोक्ष प्राप्त करने का मार्ग भी दिखाती है। कहा कि मां भगवती सबका कल्याण करे। जन कल्याण के लिए आयोजित श्रीमद देवी भागवत में शाम को पूर्णिमा के अवसर पर दीपदान सभा भवन में हुआ। दूसरी ओर अब मंगलवार (आज) अंतिम दिन पूजन प्रात: 7 बजे तथा यज्ञ के बाद 12 बजे कथा तथा अपराह्न 1.30 बजे से विशाल भंडारा आयोजित होगा। बता दें सोमवार को पूजन में नरेंद्र सिंह बिष्ट सपत्निक शामिल हुए। इस मौके पर सभा परिवार के सभी सदस्य व भक्तजन मौजूद रहे।

# योग प्रतियोगिता में हर्षिका को गोल्डमेडल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारत योग स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में जिले के

**■ शहर और प्रदेश का नाम किया रौशन**

रामनगर में रविवार को राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जस गोविन पब्लिक स्कूल हल्द्वानी की कक्षा 4 की छात्रा हर्षिका रिखाड़ी ने एक बार गोल्ड मेडल जीतकर हल्द्वानी के साथ साथ पूरे उत्तराखंड का नाम रोशन किया। बता दें कि हर्षिका की इस उपलब्धि से उसके स्कूल में खुशी का माहौल है, साथ साथ उसके माता पिता समेत गुरुजनों ने हर्षिका को उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। काबिलेगौर है कि हर्षिका इससे पूर्व योग के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया प्राउड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड्स तथा योग रत्न सम्मान अवॉर्ड एवं फिल्म अभिनेता तुषार कपूर और फिल्म अभिनेत्री नीलम कोठारी से अवार्ड हासिल कर चुकी हैं अगर हर्षिका रिखाड़ी की मेडल की बात करें तो नहीं हर्षिका ने अभी तक योग के क्षेत्र में लगभग 30 से ज्यादा मेडल और ट्राफी जीत चुकी हैं जिसमें 15 गोल्ड मेडल भी शामिल हैं। मात्र 8 साल की उम्र में हर्षिका 6 बार नेशनल लेबल पर परफॉर्म कर चुकी है और उसमें भी कई गोल्ड मेडल जीत चुकी है।

# नैनीताल में कानून व्यवस्था होगी चुस्त

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** शहर में पुलिस ने एक बार फिर क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। तल्लीताल इलाके में सोमवार को पुलिस टीम ने सघन सत्यापन अभियान चलाया। इस पूरे अभियान की निगरानी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा कर रहे थे जबकि मैदान में खुद थाना तल्लीताल के प्रभारी रमेश बोरा मौजूद रहे।

उनके साथ उप निरीक्षक सुनील कुमार और श्याम सिंह बोरा ने अलग अलग हिस्सों में जाकर कार्रवाई को अंजाम दिया। श्याम सिंह बोरा ने पंद्रह लोगों का सत्यापन किया जिसमें से दस मामलों में पुलिस एक्ट की कार्रवाई की गई। वहीं सुनील



कुमार ने इकतालीस लोगों की जांच की जिसमें दो मामलों में इक्यासी पुलिस एक्ट और एक में तिरासी पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया। इसी के साथ एक मामला ऐसा भी रहा जिसमें तिरासी पुलिस एक्ट के तहत पांच हजार रुपये का चालान काटा गया और एक व्यक्ति का कोर्ट चालान भी किया गया। थाना प्रभारी रमेश बोरा का कहना है कि यह अभियान अब रोज़ चलेगा और इलाके में रहने वाले हर शख्स का सत्यापन किया जाएगा। जो लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। सोमवार की इस मुहिम में पुलिसकर्मियों के साथ एसएसबी के जवान भी मौजूद थे।

## गलत नंबरों पर चालान, एसपी ट्रैफिक ने जताई नाराजगी

# चालान में दूसरे वाहनों के नंबर किए जा रहे अंकित

**■ गलत धाराओं का भी किया जा रहा समावेश, वाहन चालकों को हो रही अनावश्यक परेशानी**

**मयूर गुप्ता**

**देहरादून।** वाह-री दून यातायात पुलिस! अधिकारियों की नजरों में स्वयं को कर्तव्य के प्रति निष्ठावान दिखाने के लिए यातायात पुलिस अधिकारी और कर्मचारी जहां गलत वाहनों के चालान काटकर सरकारी खजाना भरने में लगे हुए हैं, वहीं चालान काटते समय इस बात का भी ध्यान नहीं रख पा रहे हैं कि वे जिस गाड़ी अथवा दोपहिया वाहन का चालान काट रहे हैं, उसके नंबर भी सही हैं या नहीं।

दून यातायात पुलिसकर्मियों के कार्यों को देखकर पुलिस अधीक्षक यातायात ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए यातायात से जुड़े अधीनस्थ अधिकारियों और जनपद के सभी कोतवाली प्रभारी निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों को पत्र लिखकर भविष्य में लापरवाही न बरते जाने के निर्देश दिए हैं। यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा अपने कर्तव्यों का जिस तरह से निर्वहन किया जा रहा है, उससे दूसरे प्रदेशों से आने वाले वाहन चालकों को मानसिक रूप से जो परेशानी हो रही है, उसे शब्दों में बयान करना कठिन है। लेकिन दून के यातायात पुलिस अधीक्षक लोकजीत सिंह को शायद उन वाहन चालकों के दर्द का अहसास हुआ, जिनकी गाड़ियों के गलत तरीके से चालान



किए गए हैं और अब भी किए जा रहे हैं। यातायात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कभी भी किसी स्थान पर रोककर गाड़ी के कागजात दिखाने के नाम पर वाहन चालकों को परेशान करने और उनकी गाड़ियों के बेवजह चालान काटने के प्रकरण समय-समय पर सामने आते रहे हैं।

हद तो तब हो गई जब यातायात पुलिस अधीक्षक लोकजीत सिंह के समक्ष उनके अधीनस्थ यातायात पुलिसकर्मियों की कारगुजारी सामने आई। पुलिस अधीक्षक यातायात लो. कजीत सिंह ने इसी वर्ष 30 अप्रैल को अपने पत्रांक संख्या एसपीटी-आर-19/2025 में यातायात के समस्त निरीक्षकों, प्रभारी निरीक्षकों, सीपीयू, जनपद देहरादून के सभी कोतवाली प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों एवं ड्रोन प्रभारी को लिखते हुए कहा कि लगातार यह देखा जा रहा है कि आप एवं आपके अधीनस्थ उपनिरीक्षक और अपर उपनिरीक्षक मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्रवाई करते समय गंभीर लापरवाही बरत रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक यातायात ने अपने पत्र में इस बात का उल्लेख किया कि वाहनों की चालानी कार्रवाई करते समय दूसरी गाड़ियों के नंबर अंकित किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, चालान में गलत धाराओं का भी समावेश किया जा रहा है। उन्होंने अपने पत्र में यह भी लिखा कि चालान करते समय की जा रही इन गलतियों के कारण वाहन स्वामियों से की जाने वाली वसूली में घटोतरी और बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि जिस वाहन चालक का चालान किया जा रहा है, चालानी रिपोर्ट में गलत तथ्य अंकित होने के कारण वह अनावश्यक रूप से परेशान हो रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक यातायात लोकजीत सिंह ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि पुलिस महानिरीक्षक, निद. शक यातायात को गलत चालान और संशोधित चालानी रिपोर्टों के लिए अनावश्यक पत्राचार करना पड़ रहा है। एसपी यातायात ने अपने सभी अधीनस्थों, कोतवाली प्रभारी निरीक्षकों तथा थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे चालान करते समय तथा उनके अधीनस्थों द्वारा किए जाने वाले चालानों के दौरान पूरी सावधानी बरतें और इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो।

पुलिस अधीक्षक यातायात लो. कजीत सिंह ने अपने पत्र में कड़े शब्दों में सभी को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार की लाप. रवाही दोहराई गई, तो संबंधित चालानकर्ता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। एसपी यातायात के पत्र के बाद भी यातायात पुलिस और जनपद पुलिस के अधीनस्थ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एवं थानाध्यक्षों में कोई विशेष फर्क नहीं पड़ा है।

## एक नजर

### भगवान बुद्ध सभी के लिए प्रेरणा श्रोत: प्रधानाचार्य

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, छत्रपाल सिंह, बाज सिंह, सुभाष चमोली, कुलदीप जगवाण, गीता देवी आदि के द्वारा किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य बाज सिंह ने बुद्ध पूर्णिमा के विषय में बताते हुए कहा कि बुद्ध पूर्णिमा बौद्ध धर्म में आस्था रखने वालों का एक प्रमुख त्यौहार है। यह बैसाख माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, इसी दिन उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और इसी दिन उनका महानिर्वाण भी हुआ था। प्रधानाचार्य कली राम भट्ट न कहा कि बुद्ध ने प्रेम, अहिंसा, करुणा, और ज्ञान का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध सभी के लिए प्रेरणा का श्रोत हैं।

### भारत चौहान उत्कृष्ट पत्रकारिता से सम्मानित

**विकासनगर।** महर्षि नारद जयंती के अवसर पर विश्व संवाद केंद्र के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जौनसार बावर के बाढौघ गांव निवासी भारत चौहान को 'उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान' से नवाजा गया है। चौहान जनजातीय क्षेत्र जौनसार बावर में लंबे समय से लेखन व सामाजिक कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभा रहे हैं। उन्होंने अब तक दो पुस्तकें जौनसार बावर की दिवंगत विभूतियां व जौनसार बावर में तीर्थाटन व पर्यटन प्रकाशित की है जिसमें जौनसार बावर की विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है। चौहान बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में जुड़े रहे संघ में रहते हुए उन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर नागपुर में भी शिक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभा चुके हैं। इसके साथ ही सामाजिक सरोकारों को समर्पित लोक पंचायत के वह सक्रिय सदस्य के रूप में अपने भूमिका निभा रहे हैं।

### प्रधानमंत्री की नकारात्मक पोस्ट शेयर करने वाला त्यूणी में गिरफ्तार

**विकासनगर।** भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद सीजफायर के कारण युद्ध रुक गया इसी बीच सोशल मीडिया पर सुलेमान नामक व्यक्ति ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का एक फेंक एआई क्रिएट वीडियो से अपने फेसबुक अकाउंट से शेयर किया गया था। जिसके बाद यह खबर आग की तरह क्षेत्र में फैल गई। भारतीय जनता पार्टी त्यूनी के मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा ने लिखित रूप में त्यूनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसको लेकर क्षेत्रवासी उक्त व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग करने कर पार्टी और रूद्र सेना के नेतृत्व में थाना त्युनी में धरना प्रदर्शन किया। उक्त व्यक्ति पर कड़ी धाराओं का मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। भाजपा और रुद्र सेना के कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों से बातचीत करने के बाद उपरोक्त व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने कार्रवाई की बात कही। पुलिस ने त्यूणी में सुलेमान व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष विनय मित्तल त्यूनी बताया कि क्षेत्र में शांति भंग की आशंका को देखते हुए धारा 191 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### छावनी बाजार में तीन दिन से बंद पड़ा एसबीआई एटीएम

**चकराता।** छावनी बाजार स्थित शहीद चौक के पास ग्राहकों की सुविधा के लिए लगाया गया भारतीय स्टेट बैंक का एटीएम पिछले तीन दिनों से बंद पड़ा है। मशीन के बंद रहने से चकराता और आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों को नकदी संकट का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वे दूरदराज के गांवों से पैसे निकालने के लिए एटीएम तक पहुंचे, लेकिन मशीन लगातार बंद मिलने से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। स्थानीय निवासी मातवर सिंह, अनिल, मनोज, रंगकमी डॉ. नंदलाल भारती, नितेश, पूरन सिंह और मदन सिंह आदि ने बताया कि बैंक की छुट्टी के कारण वे एटीएम से पैसे निकालने आए थे, लेकिन एटीएम मशीन शोपीस बनी हुई है। बीते दो दिन से वे रोजाना छावनी बाजार पहुंच रहे हैं, लेकिन हर बार निराश होकर लौटना पड़ रहा है। शाखा प्रबंधक अरविंद राणा से संपर्क करने की कोशिश की गई, परंतु उनका मोबाइल फोन नहीं उठाया गया। लोगों ने बैंक प्रशासन से जल्द एटीएम को चालू करने की मांग की है ताकि आम जनता को हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

### विकासनगर व सहसपुर पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

**विकासनगर/सहसपुर।** थाना सहसपुर और विकासनगर पुलिस द्वारा मकान मालिकों व किरायेदारो का सत्यपान अभियान चलाया गया। सुहसपुर पुलिस ने रामपुर शंकरपुर धर्मावाला क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर 150 व्यक्तियों का सत्यापन किया तथा 28 मकान मालिकों का किरायेदारों का सत्यापन न कराये जाने पर चालान 280000 रूपये का जुर्माना अध्यारोपित किया और 12 चालान पुलिस अधिनियम में कर 3000 नगद वसूला।

# बालश्रम से रेस्क्यू बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना ही लक्ष्य: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जिला बाल संरक्षण इकाई बाल मिक्षावृत्ति उन्मूलन निवारण प्रयास अभियान के सुचारू संचालन के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंटेन्सिव केयर सेन्टर साधु राम इण्टर कॉलेज राजा रोड देहरादून में प्रवेशरत बच्चों के स्वास्थ्य जांच के सम्बन्ध में बताया गया कि प्रत्येक मंगलवार बच्चों को आरबीएसके की चिकित्सकीय टीम इटेंसिव केयर सेंटर पर बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करती है तथा बच्चों के शारीरिक विकास स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी करती है।

मुख्यमंत्री की अमिट प्रेरणा से बाल भिक्षावृत्ति निवारण का सम्पर्ण तंत्र: जिला प्रशासन ने किया आयुष्मान भव: डीएम ने की धन व्यवस्था टीचर्स एग्रीमेंट, रेस्क्यू वाहन टीमें, एनजीओ आसरा व्यवस्था और अधिक विस्ता करते हुए सीधा दो साल कर दिया है।

डीएम ने कहा हमारी सिर्फ अधिकारिक नही कुछ नैतिक जिम्मेदारी भी है प्रशासन की व्यक्ति की हम सबकी: डीएम जिले को हरहाल में भिक्षावृत्ति, व बालश्रम मुक्त करने को संकल्पबद्ध हैं, जिसके लिए जिला प्रशासन का निरंतर अभियान चलाते हुए बच्चों को मुख्यधारा शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। जिले में देखते ही देखते राजधानी में राज्य का पहला आधुनिक सुविधाओं से लेस इंटेसिव चाईल्ड सेंटर तैयार हो गया है जिसके 19 बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ते हुए स्कूलों में दाखिला दिया गयाहै। भिक्षावृत्ति, बालश्रम से रेस्क्यू बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना ही प्रशासन का लक्ष्य है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल भिक्षावृत्ति निवारण प्रयास के अन्तर्गत माह दिसम्बर 2024 से अप्रैल 2025 तक रेस्क्यू किये गये बाल भिक्षावृत्ति/बाल श्रम/कूडा-बीनने में संलिप्त 174 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है।

# बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विकासनगर पहुंचे हरिद्वार सांसद

**विकासनगर।** बैशाख बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर आज विकासनगर में सैनी व कुशवाहा समाज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कालसी में स्थित अशोक शिलालेख पर समाज के लोगों ने पूजा अर्चना कर शिलालेख की परिक्रमा की। वहीं दूसरी ओर विकासनगर में आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री और हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत और राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने शिरकत की। वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं इस दौरान हरिद्वार सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान की कायराना हरकत का बदला भारत ने एयर स्ट्राइक से लिया हैं, जिसमें भारत के जांबाज सैनिकों ने जिस तरह आतंकी ठिकानों और एयरबेस को नष्ट किया हमें उन पर गर्व है। कहा कि अगर फिर से पाकिस्तान ने कोई हरकत की तो उसे मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

# गढ़वाल के पांच दिवसीय दौरे पर कैबिनेट मंत्री डॉ.रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत गढ़वाल मंडल के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह अपनी विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास योजनाओं का जायजा लेंगे, साथ ही विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे। इसके उपरांत डॉ. रावत चमोली जनपद का भ्रमण करेंगे, जहां वह चार धाम यात्रा से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं को परखेंगे। चमोली जिला मुख्यालय में कैबिनेट मंत्री स्थानीय प्रशासन की बैठक लेंगे, इसके साथ ही वह स्वास्थ्य, शिक्षा और सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी विभागीय अधिकारियों से लेंगे।

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि वह आगामी 17 मई तक गढ़वाल मंडल के दौरे पर रहेंगे। पांच दिवसीय दौरे की शुरूआत वह अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर से करेंगे। जहां वह मंगलवार को सिमखेत में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर बाढ़ सुरक्षा कार्यों का शिलान्यास करेंगे। बुधवार को डॉ. रावत कलगड़ी मल्ली में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके उपरांत वह कालौं, चमगांव और पटोटी में आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान वह राजकीय इंटर कॉलेज कालौं के नव निर्मित भवन तथा पटोटी के बहुउद्देशीय पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे साथ ही वह प्राथमिक विद्यालय कालौं व चमगांव के स्वीकृत भवन व सौन्दर्यीकरण का शिलान्यास करेंगे।

गुरूवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत भुवनेश्वरी में ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर नव प्रवेशित छात्रों के मंगल स्नान एवं यज्ञोपवीत संस्कार में हिस्सा लेंगे और उन्हें दीक्षारम्भ की शुभकामनाएं प्रेषित



करेंगे। इसके उपरांत वह ग्वाडीगाड, सरणा, चोपड्यूं और पाबौं में विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय ग्वाड़ीगाड, जूनियर हाईस्कूल सरणा के नव निर्मित भवन तथा चोपड्यूं में पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद पाबौं म ब्लॉक सभागार एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के इंटरलॉकिंग टाइल रास्ते का लोकार्पण करेंगे। पाबौं में डॉ. रावत व्यापार मंडल के पादधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे।

16 व 17 मई को कैबिनेट मंत्री डॉ.


**■ चमोली में परखेंगे यात्रा व्यवस्थाएं, जिला प्रशासन की लेंगे बैठक, भ्रमण के दौरान श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में योजनाओं का करेंगे लोकार्पण**

धन सिंह रावत चमोली जनपद के दौरे पर रहेंगे। जहां वह चार धाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इस दौरान वह यात्रा मार्गों पर स्थित स्वास्थ्य विभाग की स्थाई व अस्थाई चिकित्सा इकाईयों का भी निरीक्षण करेंगे। इसके उपरांत वह जिला मुख्यालय में स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के साथ स्थानीय प्रशासन की बैठक लेंगे। जिसमें विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे साथ ही चार धाम यात्रा व्यवस्था पर अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा करेंगे।

# परिवार रजिस्टर बनाने का कार्य जोरों पर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता गांव में परिवार रजिस्टर कार्य जोरों पर चल रहा है। सोमवार को इन्द्रानगर द्वितीय निवासी



अमित कर्नाटक के आवास पर परिवार रजिस्टर में ग्रामीणों के नाम दर्ज करने का कार्य शुभारंभ किया गया। इस दौरान 28 लोगों के नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज किए गए। इसके अलावा बिंदुखत्ता के विभिन्न ग्रामों में भी परिवार रजिस्टर में ग्रामीणों के नाम दर्ज करने का कार्य जोर शोर से जारी है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता किशन गिरी गोस्वामी ने सभी ग्रामीणों से अपने परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर निर्धारित स्थल पर पहुंचने अपील की ताकि सभी लोगों का नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज हो सके। उन्होंने बताया कि यह अभियान परिवार रजिस्टर में समस्त ग्रामीण का नाम दर्ज होने तक जारी रहेगा। इस दौरान महेश चंद्र फुलारा, अमित कर्नाटक, नीरज भट्ट, जानकी जोशी, रश्मि कर्नाटक, रितेश लोहनी आदि मौजूद रहे।

# पांच दिन के अंदर विराट कोहली-रोहित का टेस्ट से संन्यास



## ● नौ खिलाड़ी दोनों की जगह लेने को तैयार, विराट कोहली को रिप्लेस करने के लिए श्रेयस नंबर-1

**नई दिल्ली, वार्ता।** पांच दिन के भीतर भारत के दो सुपर स्टार क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। अब टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा।


विराट कोहली के जाने से टीम में मिडिल ऑर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं। श्रेयस अय्यर- भारत से तीनों फार्मेट में डेब्यू कर चुके श्रेयस टेस्ट में कोहली को रिप्लेस करने के नंबर-1 दावेदार हैं। वे वनडे टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन टेस्ट में खराब प्रदर्शन के कारण फिलहाल बाहर हैं। वे 14 टेस्ट में 1 शतक और 5 फिफ्टी लगा चुके हैं। श्रेयस के नाम 15 फर्स्ट क्लास शतक भी हैं। रजत पाटीदार- इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में पाटीदार ने ही कोहली को रिप्लेस किया था। तब विराट निजी कारणों से सीरीज नहीं खेल सके थे। हालांकि, पाटीदार 3 मैचों में एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके। घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन को देखते हुए वे इंग्लैंड सीरीज के लिए एक बार फिर स्क्वाड में जगह बना सकते हैं। रजत के नाम 13 फर्स्ट क्लास सेंचुरी हैं। सरफराज खान- भारत के लिए पिछले साल ही टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज 1 शतक और 3 फिफ्टी लगा चुके हैं। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी मैच में मौका नहीं मिला। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सरफराज का औसत 65.61 का है। वे घरेलू पिचों के एक्सपर्ट माने जाते हैं, ऐसे में विदेशी कंडीशन में उनका कोहली को रिप्लेस कर पाना मुश्किल है। ध्रुव जुरेल- 24 साल के जुरेल भारत के लिए 4 टेस्ट खेल चुके हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अपनी टेक्निक से सिलेक्टर्स का ध्यान खींचा। युवा जुरेल विकेटकीपंग भी कर लेते हैं, ऐसे में प्लेइंग-11 में शामिल होने का ज्यादा आप्शन देते हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए मैनेजमेंट उन पर भी इन्वेस्ट कर सकता है। करुण नायर-घरेलू क्रिकेट के पिछले सीजन में अपनी परफार्मेंस से सबका ध्यान खींचने वाले करुण को इंग्लैंड में भी खेलने का अनुभव है। कोहली के रिप्लेसमेंट के रूप में वे अच्छा आप्शन हैं। घरेलू मैदान पर भारत के लिए तिहरा शतक लगाने के साथ वे 23 फर्स्ट क्लास सेंचुरी भी लगा चुके हैं। रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। पिछले 6 साल से वे रेड बाल में ओपनिंग कर रहे थे। ओपनिंग पोजिशन पर उनकी जगह केएल राहुल परमानेंट हो सकते हैं। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की थी। शुभमन भी ओपनिंग करने लौट सकते हैं। इनके अलावा भी 4 युवा प्लेयर्स रों. हत की जगह लेने के दावेदार हैं। साई सुदर्शन-23 साल के सुदर्शन आईपीएल में अपनी परफार्मेंस के बाद चर्चा में हैं। वे भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी-20 खेल चुके हैं। उनकी टेक्नीक और स्किल को देखते हुए रवि शास्त्री जैसे एक्सपर्ट्स उन्हें टेस्ट टीम के लिए फिट बता चुके हैं। सुदर्शन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 7 शतक लगा चुके हैं और उन्हें इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट का अनुभव भी है। देवदत्त पडिक्कल-24 साल के पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौका मिला था। उन्होंने नई गेंद के सामने बेहतरीन बैटिंग की थी। 2 टेस्ट के अलावा वे 2 टी-20 भी खेल चुके हैं। वे इंडिया-ए टीम से लगातार फर्स्ट क्लास मैच खेलते रहते हैं। इस फार्मेट में 6 शतक लगाकर वे 2815 रन बना चुके हैं। अभिमन्यु ईश्वरन- ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित पहला मैच नहीं खेल सके, उनकी जगह स्क्वाड में ईश्वरन को ही मौका मिला था। उन्हें अब तक इंडिया डेब्यू का मौका नहीं मिला, लेकिन फर्स्ट क्लास के 101 मैचों में वे 27 शतक लगा चुके हैं। )तुराज गायकवाड- व्हाइट बाल क्रिकेट में भारत से डेब्यू कर चुके गायकवाड भी रोहित को रिप्लेस करने के उम्मीदवार हैं। हालांकि, वे घरेलू क्रिकेट में रेड बाल से ज्यादा प्राथमिकता व्हाइट बाल को देते हैं। देखना अहम होगा कि उन्हें स्क्वाड में शामिल करने के बारे में विचार होता है या नहीं। गायकवाड के नाम 7 फर्स्ट क्लास शतक हैं। रोहित और कोहली के बाद टेस्ट टीम में रवींद्र जडेजा ही इकलौते सीनियर प्लेयर बचे, जिनका करियर 12 साल से ज्यादा है। माना जा रहा है कि जडेजा अगर 1-2 साल में इस फार्मेट से रिटायर नहीं हुए तो उन्हें भी चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की तरह साइडलाइन कर दिया जाएगा। ईशांत शर्मा, उमेश यादव और )f( मान साहा भी कुछ प्लेयर रहें, जिन्हें रिटायरमेंट से पहले ही टीम से बाहर कर दिया गया था। टीम इंडिया ने युवा प्लेयर्स पर इन्वेस्ट करना शुरू कर दिया है। ऐसे में नंबर-1 टेस्ट आलराउंडर पर भी गाज गिर सकती है। जडेजा के अलावा टेस्ट टीम में जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल ही थोड़े अनुभवी हैं। दोनों ने 45 से ज्यादा टेस्ट खेल लिए हैं। बुमराह 31 और राहुल 33 साल के हैं।

# मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाएः अनुष्का

## ● विराट कोहली के संन्यास लेने पर गंभीर बोले- शेर जैसे जुनून वाले कोहली को मिस करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** 14 साल तक टेस्ट में भारत के लिए खेलने वाले विराट ने 123 मैचों में 9230 रन बनाए। इनमें 30 शतक शामिल हैं। पूरा क्रिकेट जगत विराट के रिटायरमेंट पर प्रतिक्रिया दे रहा है।

रवि शास्त्री बोले- विश्वास नहीं हो रहा टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने कहा कि विश्वास नहीं हो रहा। आप माडर्न डे लीजेंड हैं, टेस्ट क्रिकेट में आपकी कप्तानी ने फार्मेट की दिशा बदल दी। सुखद यादों के लिए धन्यवाद, मैं इन्हें हमेशा याद रखूंगा। शास्त्री ने आगे कहा कि कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को जुनून और आक्रामकता के साथ जिया और इस फार्मेट में भारत की पहचान को नई ऊंचाई दी। अनुष्का शर्मा ने इंस्टाग्राम पर विराट के साथ फोटो शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा, श्वे रिकार्ड और माइलस्टोन के बारे में बात करेंगे। लेकिन मुझे वो आंसू याद रहेंगे जो तुमने कभी नहीं दिखाए, वो संघर्ष जिन्हें किसी ने नहीं देखा और वह अटूट प्यार जो आपने टेस्ट क्रिकेट को दिया। हर टेस्ट सीरीज के बाद आप थोड़े समझदार, थोड़े विनम्र होकर लौटे। आपको इन सबके माध्यम से विकसित होते देखना एक विशेषाधिकार रहा है। अनुष्का ने आगे इस पोस्ट में लिखा, श्मैंने हमेशा कल्पना की थी कि आप टेस्ट क्रिकेट में किसी अलग तरह से संन्यास ले लेंगे, लेकिन आपने हमेशा अपने दिल की बात सुनी है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाक सुपर लीग को दोबारा शुरू करने पर विचारः पीसीबी

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद स्थगित की गई पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को दोबारा शुरू करने पर विचार कर रहा है। पीसीबी का मानना है कि अगर टूर्नामेंट के शेष मैचों के लिए विद. शी खिलाड़ी नहीं भी आ पाए तो भी वह लीग शुरू करने के लिए तैयार है। बांग्लादेश को इस महीने के अंत में टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान का दौरा करना है और बोर्ड इससे पहले ही टूर्नामेंट का फाइनल कराना चाहता है। पीसीबी सूत्र ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के एलान के बाद पीसीबी 16 मई से पीएसएल दोबारा शुरू करने की योजना बना रहा है। सूत्र ने कहा, फाइनल लेकर पीएसएल में हमारे आठ मैच शेष हैं और रणनीति यह है कि विदेशी खिलाड़ी के बिना भी 15-16 मई से टूर्नामेंट दोबारा शुरू किया जाए और इसे खत्म किया जाए। अधिकारियों ने कहा कि कुछ विदेशी खिलाड़ी अभी दुबई में हैं, जबकि कुछ अपने घर के लिए रवाना हो गए हैं।

### भारत की पुरुष व मिश्रित रिले टीमें विश्व चैंपियशनिप क्वालीफिकेशन से चूकी

**चीन, वार्ता।** भारत की पुरुष और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें विश्व एथलेटिक्स रिले 2025 से आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने में विफल रहीं। शनिवार को अपना पहला अवसर चूकने के बाद आज हुई स्पर्धा में टीमों को इस सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए अपनी हीट में शीर्ष तीन में जगह बनाने की आवश्यकता थी। मिश्रित 4गुणा 400 मीटर रिले में भारत की टी संतोष, रूपल, विशाल टीके और सुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने 3:14:81 का समय निकालकर हीट 2 में 4वां स्थान हासिल किया।

## ● 14 साल तक लाल गेंद के खेल में दिखाया जलवा ●

# एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आएंगे विराट

### बोर्ड ने लिखा, टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 14 साल तक लाल गेंद के खेल में अपना जलवा दिखाने के बाद अंततः सोमवार को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। अब केवल कोहली एकदिवसीय प्रारूप में भारत के लिए खेलते नजर आयेंगे। कोहली ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा कि टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बैगी ब्लू पहनने के 14 साल हो गए। सच कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जाएगा।

इसने मुझे परखा, गढ़ा। मैं इसे जिंदगी भर याद रखूंगा। उन्होंने कहा इस प्रारूप से दूर जाना आसान नहीं है, लेकिन यह सही लगता है। कोहली ने जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उनकी शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारतीय टीम ने कई महत्वपूर्ण जीत हासिल की और भारत को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुँचाया। उन्होंने कहा कि मैंने इसमें अपना सबकुछ झोंक दिया है और इसने मुझे मेरी उम्मीद से कहीं अधिक लौटाया है। उन्होंने अपनी जर्सी का नंबर '269' लिखा और लिखा 'साइ. निंग ऑफ'। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कोहली को धन्यवाद कहा। बोर्ड ने लिखा टेस्ट क्रिकेट में एक युग समाप्त हो गया है, लेकिन विरासत जारी रहेगी। भारतीय टीम में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 30 शतक, 31 अर्द्धशतक और सात दो. हरे शतक बनाये। उन्होंने 123 टेस्ट मैच की 210 पारियों में 46-85 की औसत से की मदद से 9230 रन बनाए। इस दौरान नाबाद 254 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। उन्होंने 68 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी भी की, जिसमें 40 में भारत की जीत और 17 में हार का स्वाद चखने को मिला, जबकि 11 मैच ड्रॉ भी हुए।

कोहली ने 2016 और 2019 के बीच शानदार प्रदर्शन किया और उस दौर के सबसे प्रभावशाली बल्लेबाज उभरकर सामने आये। उन्हें टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के लिए वर्ष 2017 और 2018 में टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गया। हालांकि 2020 की शुरुआत में उनका फॉर्म कमजोर हुआ, लेकिन उन्होंने 2023 में फिर से वापसी की। सफेद जर्सी में उन्होंने आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेला था। इस सीरीज में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं इस खेल का, अपने साथ खेलने वाले हर साथी का और हर उस व्यक्ति का दिल से शुक्रगुजार हूं, जिसने इस सफर में मुझे सराहा।



# तन्वी शर्मा ने जीता डेनमार्क चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

● तन्वी ने फाइनल मुकाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 21-13 व 21-10 से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** उभरती हुई भारतीय शटलर तन्वी शर्मा ने महिला एकल के फाइनल मुकाबले में इंडोनेशिया की नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को हराकर डेनमार्क चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने फाइनल में मुक. ाबले में इंडोनेशियाई खिलाड़ी नी कडेक ढिंडा अमर्त्य प्रतिवी को 21-13, 21-10 से हराया। तन्वी का यह बीडब्ल्यूएफ इंटरनेशनल चैलेंज स्तर का दूसरा खिताब है। खेले गए मुकाबले की शुरुआत में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी संघर्ष करती दिखीं, और इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी ने 6-2 की बढ़त बनाई। हालांकि, तन्वी ने धैर्य रखते हुए स्कोर 8-8 से बराबर कर दिया और मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। तन्वी ने सेमीफाइनल में इंडोनेशियाई शटलर मुटियारा आयु पुष्पितसारी पर 23-21, 19-21, 21-19 से हराया था।

# करिश्मा सानिल ने एथलेटिक्स वूमेंस गाला की भाला फेंक स्पर्धा में जीता सोना

### करिश्मा सानिल ने 53.33 मी. के प्रयास के साथ तीन एथलीटों में शीर्ष स्थान हासिल किया

**दुबई, वार्ता।** भारत की करिश्मा सानिल ने एथलेटिक्स वूमेंस गाला 2025 में जहां शानदार प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वहीं, एंसी सोजन और शैली सिंह लंबी कूद स्पर्धा में क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। रविवार को मदर्स डे पर दुबई पुलिस क्लब स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा में 24 वर्षीय करिश्मा सानिल ने 53.33 मीटर के प्रयास के साथ तीन एथलीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। यूएई की अलियाज्या तारेक (31.04 मीटर) थ्रो के साथ दूसरे और भारत की हर्षिता सेहरावत की (16. 77 मीटर) थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रही। वूमेंस लंबी कूद में एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता भारतीय एथलीट एंसी सोजन 6.54 मीटर के सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भारत की शैली सिंह 6.48 मीटर की लम्बी कूद लगाकर तीसरे स्थान के साथ कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतिस्पर्धा में अरब गेम्स की चैंपियन एसरा ओविस ने 6.66 मीटर की लम्बी कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता। एंसी सोजन और शैली सिंह ने शुक्रवार को इसी स्थान पर यूएई ग्रां प्री 2025 एथलेटिक्स मीट में भी हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में शैली सिंह ने 6.44 मीटर की कूद के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि एंसी सोजन 6.33 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य स्पर्धाओं में रविवार को भारत की मौमिता मोंडल (24:61 सेकेंड) ने दक्षिण अफ्रीका की तमजिन(24:15 सेकेंड) में 200 मीटर रेस में 2वां हासिल किया।

### अनाहत, वीर, रमित की हार से विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में भारतीय अभियान समाप्त

शिकागो, वार्ता। विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में अनाहत सिंह, वीर चोटरानी और रमित टंडन की हार के साथ ही भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया। लेकशोर स्पोर्ट एंड फिटनेस सेंटर में रविवार को खेले गए दूसरे दौर में 28 मिनट तक चले मुकाबले में भारत की शीर्ष रैंक वाली महिला खिलाड़ी अनाहत को मिस्र की फैरूज अबोएलखिर के हाथों 3-1 (11-7, 8-11, 11-4, 11-3) से हार का सामना करना पड़ा। 17 वर्षीय भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने पहले दौर के पांच सेट में अमेरिका की मरीना स्टेफनोनी को हराकर इस स्पर्धा के एकल में जगह बनाई थी।

# भारत-पाक सीजफायर के बाद गुजरात का अभ्यास शुरू



## 16 या 17 मई से फिर हो सकता है आईपीएल, 9 मई को रोक दिया गया था

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद गुजरात टाइटंस ने प्रैक्टिस शुरू कर दी है। टीम के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जाकर प्रैक्टिस की। हालांकि,आईपीएल को दोबारा शुरू करने के लिए अभी आधिकारिक रूप से कोई बयान नहीं है। माना जा रहा है कि आईपीएल 16 या 17 मई से फिर से शुरू हो सकता है। 9 मई को आईपीएल को रोक दिया गया था भारत-पाक के बढ़ते तनाव के कारण आईपीएल को 9 मई को एक हफ्ते के लिए रोक दिया गया था। फाइनल सहित 16 मैच बचे हुए है। वहीं 8 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच हुए मैच को भी बीच में ही रोक दिया गया था। पंजाब ने पहले बैटिंग करते हुए 10.1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 122 रन बना लिए थे। हमलों के बीच मैच रोकना पड़ा था। गुजरात पाइंट्स टेबल में टॉप पर आईपीएल रोके जाने तक लीग स्टेज के 57 मैच खत्म हो चुके थे। 58वां मैच बीच में रोका गया। 57 मैच के बाद पाइंट्स टेबल में गुजरात टाइटंस और रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सबसे ज्यादा 16-16 पाइंट्स रहे। बेहतर रन रेट के कारण जीटी टॉप पर रही। आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। मौजूदा सीजन के बचे मुकाबले चार वेन्यू पर खेले जा सकते हैं। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। नया शेडयूल जल्द जारी होगा। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि लीग के बाकी मुकाबले अगले हफ्ते से शुरू होंगे। इन्हें चार वेन्यू पर कराया जाएगा। जल्द ही वेन्यू फाइनल किए जाएंगे। लीग बेंगलुरु और लखनऊ मैच के साथ फिर से शुरू होगी। वहीं, पीटीआई ने एक सूत्र के हवाले से लिखा कि फाइनल मैच कोलकाता से बाहर हो सकता है। पिछले शेडयूल में प्लेआफ के मुकाबले हैदराबाद और कोलकाता में खेले जाने थे। फाइनल मैच भी कोलकाता में होना था। आईपीएल 2025 जीतने की दावेदार गुजरात टाइटंस शुरुआत से ही आईपीएल 2025 को जीतने की बड़ी दावेदार रही है। अभी इस टीम के 3 खिलाड़ी आरेंज कैप की रेस में हैं। साई सुदर्शन (509 रन), शुभमन गिल (508) और जोस बटलर (500 रन) बना चुके हैं। दूसरी ओर पर्पल कैप भी फिलहाल गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी के पास है। गुजरात के प्रसि( कृष्णा 20 विकेट लेने के साथ पर्पल कैप होल्डर बने हुए हैं। गुजरात के अभी 3 मैच बाकी हैं और वह टेबल के टॉप-2 में जगह पक्की कर सकती है।

# एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषित

● एफआईएच प्रो लीग का यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन एंटवर्प और बर्लिन में खेला जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने 14 से 29 जून तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण में प्रतिस्पर्धा करने के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम घोषणा कर दी है।

एफआईएच प्रो लीग का यह चरण 14 से 29 जून तक लंदन, एंटवर्प और बर्लिन में खेला जायेगा। इस लीग भारत, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, बेल्जियम और चीन के बीच दो-दो मैच खेले जायेंगे। भारत 14 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम का कप्तान सलीमा टेटे को बनाया गया है जबकि अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर टीम की उप-कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम हैं। चयनित डिफेंडरों में सुशीला चानू पुखरामबम, ज्योति, सुमन देवी थौदम, ज्योति सिंह, इशिका चौधरी और ज्योति छत्री शामिल हैं।

मिडफील्ड में वैष्णवी विठल फाल्के, सुजाता कुजूर, मनीषा चौहान और नेहा शामिल हैं, जबकि हमलावर मिडफील्डर सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनीता टोप्पो और महिमा टेटे हैं। फॉरवर्ड लाइन में दीपिका, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग और साक्षी राणा शामिल हैं। अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में गोल. कीपर बंसरी सोलंकी और डिफेंडर अजमीना कुजूर शामिल हैं।

### सालियर गांव में पंचायत में युवक पर गोली चलाकर फरार

# हिस्ट्रीशीटर पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

## चेकिंग के दौरान गंगनहर पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रविवार को सालियर गांव में एक पंचायत के दौरान मामूली बात पर एक युवक पर फायरिंग झोंकने वाले फरार हिस्ट्रीशटर की देर रात चेकिंग के दौरान गंगनहर पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। जिसमें भागते हुए हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस पर गोली चलायी तो गंगनहर पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस ने दबोच लिया और अस्पताल में भर्ती कराया। पकडे गये बदमाश ने पंचायत के दौरान युवक पर गोली चलायी थी जो उसके हाथ में लगी जिसमें वह बाल बाल बच गया था तब से ही पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किये गये आरोपी की तलाश कर रही थी।

जानकारी के अनुसार रविवार को सालियर में बीते रोज एक पंचायत के दौरान गोली चलने की घटना सामने आई थी जिसमें नईम नाम का युवक घायल हुआ था। घायल युवक ने पुलिस को बताया था कि गोली रोहित राणा नाम के युवक द्वारा चलाई गई है रोहित बाबू हत्याकांड में आरोपी रह चुका



है और हिस्ट्रीसीटर है। वही देर रात तक पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी गंग नहर पुलिस द्वारा सालियर और रुड़की के बीच में चेकिंग की जा रही थी तभी एक युवक बाइक पर पुलिस को आता दिखाई दिया जिसे रोकने पर वह भागने लगा और उसके द्वारा पुलिस पर फायर भी की गई जवाबी फायरिंग में युवक पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। घायल का नाम रोहित पुत्र महावीर सिंह निवासी करौंदी भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताया गया है। आरोपी बदमाश भगवानपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और मामूली बात पर गोली चलाने की वारदातों को अंजाम देता रहा है। पुलिस द्वारा घायल बदमाश को उपचार के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। वहीं सीओ नरेंद्र पंत एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और फिर अस्पताल में भी बदमाश से पूछताछ की।

# मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में महिला सहित तीन पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की के महीग्रान निवासी एक युवती और महिला से धक्कामुक्की मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों पर केस दर्ज किया है।

सिविल लाइन कोतवाली पुलिस को महीग्रान बंधा रोड निवासी हिना ने तहरीर देकर बताया था कि दो दिन पूर्व जब वह देर शाम भारतगर स्थित अपने निर्माणाधीन आवास को देखने के लिए गई तो तभी वहां पहले से खड़े अनस पुत्र इनाम और हुसैन पुत्र साहिल और आसमा पत्नी साहिल द्वारा उसके साथ मारपीट करते हुए जमकर गाली गलौच की गई ।इतना ही नहीं दोनों युवकों ने उसके साथ अश्लील टिप्पणी और छेड़छाड़ भी की।जब उसने इसका विरोध किया तो उन्होंने छेड़छाड़ करते हुए उसके साथ ध क्का मुक्की की उसके कपड़े तक फाड़ डाले। मौके पर चीखपुकार की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए।जब दोनों युवकों को उनकी पड़ोसन सुभानी ने रोकना चाहा तो दोनों ने उस पर लात घूंसों से उस पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई ।सुभानी का हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। आरोप है कि उसका परिवार तभी से मानसिक रूप से तनाव में है उसे अपने परिवार की जान का खतरा सता रहा है,फिलहाल सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आध ार पर अनस पुत्र इनाम, हुसैन पुत्र साहिल,आसमा पत्नी साहिल निवासी महीग्रान बंधा रोड के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है।

### खेत की मेढ़ को लेकर पिता-पुत्र पर हमला

**लक्सर।** खेत की मेढ़ को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक पक्ष ने फावड़े से दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। हमले में पिता-पुत्र घायल हो गए। दोनों को अस्पताल लाया गया। वहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। लक्सर कोतवाली के ढाढेकी गांव निवासी शिवकुमार का गांव के ही व्यक्ति के साथ खेत की मेढ़ को लेकर विवाद चल रहा है। इसी को लेकर रविवार को दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने फावड़े से शिवकुमार पर वार कर उन्हें घायल कर दिया। बीचबचाव के लिए आए उनके बेटे रोहित पर भी हमला किया दोनों को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## अवैध चाकू के साथ एक युवक पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा संदिग्ध घूम रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है उससे एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोत वाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराअधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर प्रभावी रूप से लगाम लगाए जाने के लिए पुलिस को चेकिंग के लिए निर्देशित किया था चेकिंग के दौरान 11 मई 2025 को एक व्यक्ति को संदिग्ध व्यवस्था में घूमता हुआ पकड़ा। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम मुख्तयार पुत्र अब्दुल हक निवासी साबर अली मस्जिद वार्ड नंबर आठ सुलतानपुर थाना कोतवाली लकसर जिला हरिद्वार बताया उसको पकड़ाने वाली पुलिस टीम में अउपनिरीक्षक रणजीत नौटियाल कांस्टेबल मनोज शर्मा अरुण नेगी शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## शांति व्यवस्था भंग करने पर पुलिस ने दो दबोचे

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था जिसमें सूचना मिली थी की दो व्यक्ति आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं सूचना पर तुरन्त ही पुलिस को भेजा गया पुलिस ने दोनों को समझने का काफी प्रयास किया वह दोनों नहीं माने और मरने मारने पर उतारू हो गए किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए दोनों व्यक्तियों को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर लिया गया पूछताछ करने पर उन दोनों व्यक्तियों ने अपने नाम अर्जुन पुत्र तेजपाल निवासी अहियापुर थाना कोतवाली खानपुर जनपद हरिद्वार कृष्ण पाल पुत्र स्वर्गीय श्री जय प्रकाश निवासी ग्राम सेठपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताये। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल शूरवीर सिंह अर्जुन गुजियाल कांस्टेबल रविंद्र सिंह चौहान शामिल रहे। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# राज्य औषधि बोर्ड उपाध्यक्ष का कर्मियों ने किया स्वागत

## समिति कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पूर्व कर्मचारी नेता प्रताप सिंह पंवार को राज्य औषधीय बोर्ड उत्तराखंड का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर रुड़की में कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगे भी राज्यमंत्री के सामने रखी।

लोकनिर्माण विभाग स्थित मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी संघ के सभागार में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में राज्य मंत्री प्रताप सिंह पंवार को कर्मचारियों ने स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों के लिए उन्होंने काफी आंदोलन किए और भविष्य में भी वह इस परिवार के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कर्मचारियों के हितों के लिए कई कार्य किए हैं जिनका लाभ भी उन्हें मिला है। कार्यक्रम संयोजक उत्तराखंड फार्मेसी अधिकारी संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश कुमार ने कहा कि राज्य मंत्री प्रताप सिंह पवार के द्वारा कर्मचारियों के हित के लिए कई



ऐसे कार्य किए हैं जिन्हें कर्मचारी कभी नहीं बुला सकते। उन्होंने उत्तराखंड डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन एवं पर्वतीय शिक्षक संघ की मांगों को लेकर सरकार से लड़ने का काम कराया और उनकी हितों की सुरक्षा का काम किया है। कर्मचारियों ने राज्य मंत्री प्रताप सिंह पवार से मांग की कि वह संविदा पर विभागों में कार्य कर रहे कर्मचारियों को नियमित करने की मांग सरकार में रखें। स्कूलों में रखी गई भोजन माताओं के वेतन में बढ़ोतरी करवाएं। मंत्री ने सभी मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया। आंबेडकर जनकल्याण समिति ने सुनहरा में आंबेडकर भवन बनाए जाने की मांग को लेकर राज्य मंत्री को ज्ञापन भी दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में छावनी बोर्ड स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार,अमजद,विपिन बर्मन, उमेश मैठाणी, डीसी मीणा, बाबूराम, संचित, किशन सिंह, एडवोकेट अनिल नौटियाल, नरेश बर्मन, परविंदर कुमार, एसपी बडोला,रामकुमार सुरेंद्र कुमार, राजवीर हुसैन, अशोक कुमार, सचिन शर्मा,अमित माहेश्वरी आदि कर्मचारी गण उपस्थित रहे

# भगवानपुर पुलिस ने दबोचा युवती से दुष्कर्म का आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को दबोच कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार वादी निवासी थाना भगवानपुर द्वारा थाना भगवानपुर आकर तहरीर दी कि मेरी नाबालिग पुत्री के साथ आरोपी धंनजय कुमार सिंह के द्वारा दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लाकर दी जिसके आधार पर थाना भगवानपुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुये तत्काल पुलिस टीम कर गठन किया गया गठित टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी धंनजय कुमार सिंह पुत्र सुचित सिंह निवासी



ग्राम सींधरी थाना बलियापुर जिला धनबाद झारखण्ड हाल पता ग्राम खुब्बनपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम खुब्बनपुर के प्राथमिक विघालय के पास से पकड़ा गया। नियमानुसार अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में उ0नि0 विनय मोहन व का0संजय नेगी आदि शामिल रहे।

## टाइल्स के रंग को लेकर दो पक्षों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** कस्बे के गांव डाडापट्टी में गेट पर टाइल्स के कलर को लेकर दो पक्षों में हंगामा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। चौकी प्रभारी विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि दोनों पक्षों के लोगों को थाने बुलाया गया है।

भगवानपुर कस्बे के गांव डाडापट्टी में गांव के बाहर सड़क पर एक बड़ा गेट बना है। गेट पर ग्राम प्रधान की ओर से टाइल्स लगाने का काम किया जा रहा था। जैसे ही गांव में भीमआर्मी कार्यकर्ताओं को आपत्तिजनक कलर की भनक लगी तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर काम रुकवा दिया। बाद में दोनों पक्षों के ग्रामीणों के बीच भी कहासुनी होने पर हंगामा हो गया। हंगामे की सूचना पर गांव मंडावर पुलिस चौकी प्रभारी विनय कुमार द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। ग्राम प्रधान रोहतास का कहना है कि गांव के एक समाज के कुछ लोगों ने कलर को लेकर आपत्ति जताते हुए काम रुकवा दिया। चौकी प्रभारी विनय कुमार द्विवेदी का कहना है कि मामले को शांत करा दिया गया है। दोनों पक्षों के लोगों को थाने बुलाया गया है। वहां वार्ता कर समाध ान निकाला जाएगा।

# बाइक खड़ी करने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर के डाला जलालपुर गांव में बाईक खडी करने को लेकर दो पक्षो में लाठी डंडे चले जिसमे जमकर पथ्राव भी हुआ। जिसमें कइ लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला शंत कराया और घायलो को अस्पताल में भर्ती कराया। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार जलालपुर गांव में बाइक खडी करने को लेकर बात इतीनी बढ गयी कि दो पक्षों में गाली गलौज के बाद लाठी डंडे चले और पथराव हो गया। बतया कि इसमें दर्जन भर घायल हो गये। जिसमें एक पक्ष के अक्षय, मोहित, रोहित कश्यप घायल हुए तो दूसरे पक्ष के सन्नी, हिमांशु, गंगाराम, रोबिन, सत्यम आदि घायल हुए है। पुलिस ने सूचना पर पहुची ओर साथ मे सीओ मंगलौर भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और फलैग मार्च निकाला। गांव में अहतियातन पुलिस फोस लगा दी है। सीओ विवके कुमार का कहना है कि पुलिस ने हालात पर काबू कर दिया है। दोनों पक्षो के लोग घायल हुए है। दोनो पक्षों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। स्थित नियंतण में है। पुलिस बल तैनात किया गया है।

### टक्कर मारने पर रोडवेज चालक के खिलाफ मुकदमा

**रूडकी।** दो दिन पूर्व रोडवेज बस चालक की लापरवाही में पैदल को टक्कर लगने से हुई मौत के बाद परिजनों की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

दो दिन पूर्व बस चालक के डाईवर ने टककर मार दी थी जिससे बाद फरार हो गया था। लढोरा निवासी अनवार ने सिविल लाइन पर तहरीर देकर बताया कि बीते रोज पैदल जा रहे उसके पुत्र को रोडवेज चालक ने टक्कर मारी थी जिसमें अमदज को गंभीर चोटे आई बाद में उपचार के दौरान अमजद ने दम तोड दिया। बस को कब्जे में लिया अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया।

## युवक पर किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है।

जानकारी के अनुसार एक युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी आठ मई को घर पर थी। इस दौरान गांव का ही युवक उसे बहला-फुसलाकर अपहरण कर अपने साथ ले गया। किशोरी के घर नहीं लौटने पर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान उन्हें युवक के किशोरी को ले जाने की जानकारी मिली। ग्रामीण के अनुसार, उन्होंने किसी प्रकार आरोपी का मोबाइल नंबर जानकर उससे फोन पर बात की लेकिन आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी है।

वहीं इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। किशोरी की तलाश की जा रही है।

## पुलिस ने 300 लोगों का किया सत्यापन

**कलियर।** पुलिस ने आंतरिक सुरक्षा को लेकर कस्बे में सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान 300 बाहरी लोगों का सत्यापन किया गया। इस दौरान किराएदारों का सत्यापन न कराने वाले आठ भवन स्वामियों का चालान किया गया है।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि आंतरिक सुरक्षा को लेकर रविवार तड़के पुलिस ने कस्बे में अलग-अलग टीम बनाकर बाहरी व्यक्तियों, किराएदारों, फड़-फेरी वालों प्रतिष्ठानों अन्य स्थानों पर काम करने वाले मजदूरों के साथ-साथ बाजारों में घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। इस दौरान सत्यापन न कराने वाले आठ मकान मालिकों के 10-10 हजार का चालान किया गया है।

## ट्रांसफार्मर के खंभे में मारी टक्कर, बस चालक पर केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** बस चालक ने बिजली के खंभे में टक्कर मारकर ट्रांसफार्मर और केबल को क्षतिग्रस्त कर दिया। ऊर्जा निगम के अवर अभियंता ने लक्सर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। बस के रजिस्ट्रेशन नंबर की मदद से चालक की पहचान की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ऊर्जा निगम की लक्सर डिवीजन में तैनात अवर अभियंता राम कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गत दिवस रुड़की की एक बस सर्विस एजेंसी की बस के चालक ने लक्सर-रुड़की मार्ग पर हुसैनपुर के पास लगे दो खंभों में टक्कर मार दी। इससे खंभे पर लगा ट्रांसफार्मर और 250 मीटर विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे विभाग को सात लाख से अधिक की क्षति हुई है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बस के रजिस्ट्रेशन नंबर की मदद से चालक की पहचान की जा रही है।

# विकासनगर से लापता युवती लक्सर स्टेशन पर मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** विकासनगर क्षेत्र से लापता युवती लक्सर रेलवे स्टेशन पर एक युवक के साथ बैठी मिली है। लक्सर जीआरपी की सूचना पर विकासनगर पुलिस युवती के परिजन के साथ लक्सर पहुंची। युवती को उसके परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

जीआरपी के मुताबिक, पुलिस को सोशल मीडिया ग्रुप में देहरादून के विकासनगर क्षेत्र से एक युवती के लापता होने के संबंध में सूचना मिली थी। जीआरपी थानाध्यक्ष संजय शर्मा पुलिसकर्मियों के साथ प्लेटफार्म पर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान जब वह प्लेटफार्म के अंत में बनी बेंच के पास पहुंचे तो यहां एक युवती और युवक बैठे हुए नजर आए। पुलिस को देख दोनों सकपका गए। इस दौरान युवती के चेहरे का विकासनगर क्षेत्र से लापता हुई युवती की फोटो से मिलान किया गया तो युवती वही निकली। जीआरपी की सूचना पर विकासनगर थाना पुलिस युवती के परिजनों के साथ जीआरपी लक्सर थाने में पहुंची। उन्होंने बताया कि स्थानीय थाने में युवती की गुमशुदगी दर्ज है। थानाध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि युवती को उसके परिजन की सुपुर्दगी में दे दिया गया। युवक को भी पुलिस अपने साथ ले गई है।

### लक्सर में सैन्य ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर

# सर्वसमाज की बैठक में क्षेत्रवासियों ने दिखाई एकजुटता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हाल ही में भारत द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किए गए सैन्य ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर लक्सर कोतवाली में एक सर्वधर्म बैठक का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में क्षेत्र के विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य सैन्य ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करना और भारतीय सेना के प्रति अपना अटूट समर्थन जताना था। इस अवसर पर उपस्थित सभी धर्मगुरुओं और नागरिकों ने एक स्वर में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सेना ने अपनी बहादुरी और कुशलता से देश की सीमाओं की रक्षा की है और हर भारतीय को इस पर गर्व है।

जानकारी के अनुसार लक्सर ने बैठक को संबोधि त करते हुए कहा कि सैन्य ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने क्षेत्रवासियों द्वारा दिखाए गए एकजुटता और समर्थन की सराहना की और कहा कि यह एकता ही देश की सबसे बड़ी ताकत है। ब्ळ लक्सर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा



कि पुलिस प्रशासन हमेशा नागरिकों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर है और इस कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित है।बैठक में उपस्थित विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और अखंडता सर्वोपरि है और इसके लिए हर नागरिक एकजुट है।

# रोटरी क्लब व आर्ट ऑफ लिविंग ने लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोटरी क्लब रुड़की में आर्ट ऑफ लिविंग ने संयुक्त रूप से सिविल अस्पताल में अपना दूसरा रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह आयोजन आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के जन्मदिन के अवसर पर किया गया, जो 13 मई को मनाया जाता है।

गुरुदेव के जन्मदिन पर सेवा पर ध्यान केंद्रित करने के आह्वान के बाद, उनके अनुयायियों ने इस नेक कार्य में योगदान देने के लिए एकजुट हुए, जो निस्वार्थ सेवा की शक्ति को उजागर करता रोटरी क्लब रुड़की और आर्ट ऑफ लिविंग रुड़की चैप्टर के संयुक्त रक्तदान शिविर में लगभग 30 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। पदाधिकारी ने कहा कि यहसब टीम के प्रयास से



ही किया गया है जिसमें-आर्ट ऑफ लिविंग स्वयंसेवक: गौरव सिंह, मधुकृति, कुणाल और आंचल-रोटरी क्लब रुड़की के सदस्य: अध्यक्ष वंदना मोहन, सचिव अलका मित्तल, पीपी सुभाष सरिन, एचपी क।ला और संजीव सैनी आदि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 13 मई 2025

## पीएम का संबोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार की सायं आठ बजे देश की जनता को सीधे संबोधित किया। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने पाकिस्तान को सीधे आतंकवाद को लेकर ललकारा साथ ही अपनी सेना को इस बात के लिए बधाई दी कि उन्होंने अपने काम को बहुत ही बेहत तरीके से अंजाम दिया। आतंकवाद के विरुद्ध चलाए ऑपरेशन सिंदूर को उन्होंने महिलाओं के प्रति समर्पित करते हुए कहा कि जो भी हमारी महिलाओं के सिंदूर के साथ खिलवाड़ करेगा उसको बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन रुकने वाला नहीं है। जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का साथ देता रहेगा सिंदूर ऑपरेशन जारी रहेगा। छह–सात मई की रात हमारी भारतीय सेना ने जिस तरह सीमापार जाकर पाक के आतंकियों को धूल चटाई और उनके तमाम ठिकाने ध्वस्त किए जिनमें 100 आतंकियों की जान चली गई। यह देश और दुनिया को बताने के लिए काफी है कि भारत अब चुप रहने वाला नहीं है। उन्होंने सीधे विश्व समुदाय को आह्वान करते हुए यह कहकर चेताया कि कश्मीर पर जब भी बात होगी तो वह उस कश्मीर पर बात होगी जिस पर पाकिस्तान ने कब्जा किया हुआ है। जाहिर है वह एक तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान को खारिज कर रहे थे जो उन्होंने सीजफायर की घोषणा करते हुए कहा था कि वह कश्मीर के विवाद को सुलझाने के लिए सहयोग देने के लिए तैयार है। जाहिर है यह भारत का स्टैंड नहीं है भारत हमेशा से कहता रहा है कि वह कश्मीर को लेकर तीसरे देश की मध्यस्ता स्वीकार नहीं करेगा। भारत–पाक के बीच बातचीत को लेकर उन्होंने दो टूक कहा ट्रेड और आतंकवाद साथ–साथ नहीं चल सकते। पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता बातचीत और आतंकवाद साथ–साथ जारी नहीं रह सकते। मतलब साफ है यह पाकिस्तान के लिए सीधी चेतावनी है कि वह अगर भारत के साथ बातचीत करना चाहता है। तो उसे आतंकवाद की फैक्ट्री बंद करनी ही होगी। उन्होंने भारत में निर्मित रक्षा उपकरणों का भी जिक्र किया और कहा कि उनकी सटीकता के चलते ही पाक घुटनों पर आया और दुनिया से सीजफायर के लिए गुहार लगाता रहा। उन्होंने भारत के स्टैंड का जिक्र करते हुए कहा कि भारत भी युद्ध नहीं चाहता, लेकिन उन्होंने याद दिलाया कि शांति का रास्ता भी शक्ति के माध्यम से निकलता है इसलिए भारत का मजबूत होना भी बेहद आवश्यक है और भारत इस पर बेहतर तरीके से काम कर रहा है। जिस तरह सीजफायर हुआ उसको लेकर देश के भीतर कई तरह की बाते चल रही है। कुछ लोग इसके पक्ष में दिखाई दे रहे थे तो ऐसे लोगों की कमी भी नहीं जो कह रहे थे कि भारत को सीजफायर पर पाक को पूरी तरह सबक सिखाए बिना सहमत नहीं होना चाहिए था। इन तमाम बातों का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में लिया। अपने लगभग 22 मिनट के संबोधन में देशवासियों को पूरी तरह आश्वस्त किया कि देश सुरक्षित हाथों में है।

## देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे



मुसलमानों के शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता और सरकार को इस संबंध में ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए, देश की वर्तमान परिस्थिति में लोगों के व्यापक हित में यह आवश्यक है कि देश के राजनेता, , बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता और कानूनी विशेषज्ञ एक साथ बैठकर देश की जनता के समक्ष उपस्थित विभिन्न समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर विचार–विमर्श करें, वर्तमान परिस्थिति में सभी का दायित्व है कि वे इन समस्याओं के समाधान में अपनी भूमिका निभाएं, देश में कुछ लोग तनाव पैदा करने में लगे हैं और सरकार भी देश की जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने में प्रयासरत दिखती है।

**तारिक अनवर, सांसद**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय कौमी तंजीम**

# कोहली का टेस्ट सन्यास: क्रिकेट के सबसे महान अध्यायों में से एक

भारतीय क्रिकेट के महान इतिहास में विराट कोहली का नाम ऐसे चमकता है जैसे कोई सितारा। पिछले चौदह वर्षों में कोहली ने एक ऐसी धरोहर बनाई है, जो न केवल उनके अभूतपूर्व आंकड़ों के लिए बल्कि खेल के प्रति उनकी जुनून, तीव्रता और नेतृत्व क्षमता के लिए भी याद रखी जाएगी। जैसे ही वे टेस्ट क्रिकेट से विदा लेते हैं, यह केवल एक खिलाड़ी का नहीं, बल्कि क्रिकेट के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है जो आने वाली पीढ़ियों तक चर्चा का विषय रहेगा। विराट कोहली, जिन्हें आधुनिक क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, ने 21वीं सदी में क्रिकेट खेलने का



तरीका ही बदल दिया। उनके आक्रामक बल्लेबाजी, प्रेरणादायक नेतृत्व और खेल के प्रति निष्ठा ने क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनकी यात्रा केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों की नहीं बल्कि भारतीय क्रिकेट की वह प्रक्रिया है, जहां टीम की मानसिकता, दृष्टिकोण और दृष्टि उनके नेतृत्व में विकसित हुई।

### संक्रमण के दौर में एक पथप्रदर्शक

जब विराट कोहली ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि वे क्रिकेट की दुनिया में इतनी बड़ी छाप छोड़ेंगे। उस समय भारत क्रिकेट के एक संक्रमण काल से गुजर रहा था। दिग्गज खिलाड़ी जैसे सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण के संन्यास के बाद भारत को एक नए नेता की आवश्यकता थी, और कोहली ने इस जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाया। कोहली का क्रिकेट में प्रवेश आक्रामकता और सफलता की इच्छा से भरा था। पहले के खिलाड़ियों की तुलना में जो अधिक संयमित और नियंत्रित थे, कोहली का खेल तरीका एकदम अलग था। उन्होंने क्रिकेट के नियमों को तोड़ा और अपने आक्रामक खेल, फिटनेस के प्रति समर्पण और उत्कृष्टता की आकांक्षा से भारतीय क्रिकेट को नई दिशा दी। जल्दी ही भारतीय टीम फिटनेस और आक्रामकता के एक नए युग का प्रतीक बन गई और कोहली इस बदलाव के सिरमौर थे।

### टेस्ट क्रिकेट में

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट में रिकॉर्ड स्वयं में एक मिसाल है। 27 टेस्ट शतक के साथ, वे वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक शतक बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। भारत के लिए, वे सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर हैं। 8,000 से अधिक टेस्ट रन और अद्वितीय औसत के साथ, उन्होंने क्रिकेट के इस सबसे कठिन प्रारूप में खुद को साबित किया है। लेकिन कोहली की महानता केवल उनके आंकड़ों में नहीं, बल्कि इस बात में भी है कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को कैसे पुन: परिभाषित किया। उस दौर में जब तेज गेंदबाज और चुनौतीपूर्ण पिचें अक्सर प्रमुख रहती थीं, कोहली ने बिना किसी डर के अपने कौशल का परिचय दिया। चाहे इंग्लैंड की स्विंग करती पिचें हो या भारत की स्पिनिंग पिचें, कोहली ने हर चुनौती का सामना किया। उनकी यात्रा 2014 में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंची, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद खुद को और बेहतर बनाने का फैसला किया। उन्होंने अपने खेल में लगातार सुधार किया और अब वे टेस्ट क्रिकेट के सबसे सशक्त बल्लेबाजों में से एक माने जाते हैं। कोहली ने न केवल रन बनाए, बल्कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के लिए एक नया मानक स्थापित किया।

### नेतृत्व: मैदान पर और मैदान के बाहर एक क्रांति

कोहली का व्यक्तिगत प्रदर्शन भले ही अद्वितीय हो, लेकिन उनका नेतृत्व ही उनकी असली धरोहर है। 2017 में, कोहली ने भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाली और महेन्द्र सिंह धोनी से यह जिम्मेदारी ली। कोहली के नेतृत्व में भारत ने टेस्ट क्रिकेट में एक मजबूत और सफल टीम के रूप में पहचान बनाई। उनकी कप्तानी में भारत ने प्ब्ब टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 का स्थान लंबे समय तक बरकरार रखा।

कोहली की कप्तानी में भारत ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत हासिल की, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हुई। उनकी कप्तानी में भारत ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया, चाहे वह ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या वेस्ट इंडीज की धरती हो। उनका नेतृत्व न केवल रणनीतिक था, बल्कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में व्यक्तिगत जिम्मेदारी और जवाबदेही का भी माहौल बनाया। कोहली का नेतृत्व भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक लेकर गया।

### टेस्ट क्रिकेट: कोहली की कठोरता की पहचान

टेस्ट क्रिकेट का असली उद्देश्य धैर्य, तकनीक और मानसिकता की परीक्षा लेना है। यह एक खिलाड़ी की चरित्र की वास्तविक परीक्षा होती है। कोहली ने बार–बार यह साबित किया कि उनके पास टेस्ट क्रिकेट में सफल होने की सारी क्षमताएं हैं। उनका समर्पण इस प्रारूप के प्रति हमेशा स्पष्ट था। कुछ क्रिकेटर जहां टी20 लीग और वनडे क्रिकेट की ओर आकर्षित होते हैं, वहीं कोहली ने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता दी। इस खेल में उनकी उपस्थिति यह सुनिश्चित करती थी कि भारत हमेशा एक मजबूत बल्लेबाज के साथ मैदान में उतरे।

कोहली के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक उनकी कठिन परिस्थितियों में बनाए गए शतक हैं। 2014 में एडिलेड में उनका शतक एक बेहतरीन उदाहरण है, जहां उन्होंने भारतीय टीम की गिरावट के बीच अपनी अद्वितीय बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। इसी तरह दक्षिण अफीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके शतक उनके टेस्ट क्रिकेट में अपार योगदान को दर्शाते हैं। लेकिन यह सिर्फ रन बनाने की बात नहीं थी। कोहली ने टेस्ट क्रिकेट को खेलने के तरीके में भी बदलाव किया। उनका मानना था कि टेस्ट क्रिकेट को उत्साह और उद्देश्य के



**डॉ. सत्यवान सौरभ**

साथ खेलना चाहिए। उनका मानसिकता हमेशा यह थी कि टेस्ट क्रिकेट खेल का सबसे शुद्ध रूप है, और उनका लक्ष्य था कि वे इसमें जितना हो सके योगदान दें। यही कारण है कि जब वे अपने टेस्ट करियर से विदाई ले रहे हैं, तो यह उनके खेल के प्रति उनकी गहरी श्रद्धा और सम्मान को दर्शाता है।

### कोहली का प्रभाव: आंकड़ों से कहीं बढ़कर

जब विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट से विदा ले रहे हैं, तो इसे केवल उनके आंकड़ों में ही नहीं देखा जाना चाहिए। उनका वास्तविक प्रभाव भारतीय क्रिकेट की संस्कृति पर था। जब कोहली ने भारतीय टीम की कप्तानी संभाली, तो उन्होंने क्रिकेट के प्रति खिलाड़ियों के दृष्टिकोण में एक क्रांति ला दी। उनकी फिटनेस पर जोर, कड़ी मेहनत की प्रतिबद्धता और हर छोटी–से–छोटी बात पर ध्यान देने का तरीका यह दर्शाता है कि उन्होंने भारतीय क्रिकेट को एक नई दिशा दी। उनका प्रभाव भारतीय क्रिकेट की युवा पीढ़ी पर गहरा था, जो आज भी उनकी प्रतिबद्धता और आक्रामकता से प्रेरित होकर खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने की कोशिश कर रही है। कोहली केवल एक क्रिकेटर नहीं हैं, बल्कि एक ब्रांड, एक आदर्श और खेल के प्रति एक मिशन के प्रतीक हैं। उन्होंने यह सिद्ध किया कि केवल अच्छा क्रिकेट खेलने से ही सफलता नहीं मिलती, बल्कि आपको समर्पित, केंद्रित और महानता की ओर लगातार बढ़ते रहना पड़ता है। उनका मानसिक धैर्य और कार्य नैतिकता भविष्य की पीढ़ियों के लिए मानक बन गया है।

### एक महानता को अलविदा

विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक युग का अंत है। उनके योगदान, उनके नेतृत्व और उनके खेल के प्रति समर्पण को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी। कोहली के संन्यास के बाद, क्रिकेट की दुनिया उनकी आक्रामकता, उनकी तीव्रता और उनकी शानदार क्रिकेट बुद्धिमत्ता को याद करेगी। लेकिन जो कुछ भी बचा रहेगा, वह यह है कि एक खिलाड़ी ने केवल अपने रन ही नहीं बनाए, बल्कि भारतीय क्रिकेट को एक नई पहचान दी। कोहली ने जो काम किया, वह न केवल आंकड़ों में है, बल्कि उस भावना में है जिसे उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम में डाला। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि भारत का नाम टेस्ट क्रिकेट में हमेशा सबसे ऊपर रहे।

# ओट्स को रोजाना नाश्ते में खाना हो सकता है नुकसानदायक

नाश्ते को दिन का पहला मील कहा जाता है और इसलिए आप जो भी खाते हैं, उसका सीधा असर आपकी सेहत पर पड़ता है। यही वजह है कि हर किसी को हेल्दी ब्रेकफास्ट करने की सलाह दी जाती है। अमूमन लोग ओट्स को एक हेल्दी नाश्ता मानते हैं। यह कहा जाता है कि ओट्स को वज़न कम करने के लिए काफी अच्छा कहा जाता है। कई बार लोग रोज ही ओट्स खाना शुरू कर देते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि हर दिन ओट्स खाना उतना भी अच्छा ऑप्शन नहीं माना जाता है।

जी हां, इस बात में कोई दोराय नहीं है कि ओट्स हेल्दी होते हैं, लेकिन जब रोज़ाना एक ही चीज़ खाई जाए, जिसमें ना कोई वैरायटी, ना बैलेंस, तो उसका उल्टा असर भी हो सकता है। ओट्स में फाइटिक एसिड होता है, जो मिनरल्स को ठीक से अब्ज़ॉर्ब नहीं होने देता। इसके अलावा ओट्स में प्रोटीन कम होता है, जिससे आपको जल्दी भूख लग जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि हर दिन ओट्स खाने से आपको क्या–क्या नुकसान हो सकते हैं।



### मील हो जाता है बोरिंग

अगर हम रोज़ एक ही चीज़ खाते हैं, चाहे वो कितनी भी हेल्दी हो, तो शरीर उसमें से सिर्फ कुछ ही पोषक तत्व ले पाता है। साथ ही, हर दिन एक जैसा स्वाद मिलने की वजह से तरह–तरह की फूड क्रेविंग्स बढ़ने लगती हैं। ऐसे में कुछ टेस्टी मतलब तला–भुना या मीठा खाने का मन करता है। इससे कहीं ना कहीं आप अपने गोल्स से भटकने लगते हैं।

### फाइटिक एसिड से होता है नुकसान

ओट्स में फाइटिक एसिड मौजूद होता है, जो शरीर में आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे ज़रूरी मिनरल्स को पूरी तरह से अब्जॉर्ब नहीं होने देता। इसलिए, अगर आपको पहले से ही कमजोरी या आयरन की कमी रहती है, तो रोज़ ओट्स खाने से आपकी समस्या बिगड़ सकती है।

### प्रोटीन की कमी

आपका नाश्ता ऐसा होना चाहिए, जिसमें मैक्रो न्यूट्रिएंट्स बैलेंस हों। लेकिन ओट्स में प्रोटीन बहुत कम होता है। अगर आप बिना अंडा, पनीर, सीड्स या प्रोटीन पाउडर के ओट्स खा रहे हो, तो ऐसे में आपको नाश्ते में प्रोटीन मिल ही नहीं रहा। इससे होता ये है कि दो घंटे में फिर से भूख लग जाती है और एनर्जी भी लो हो जाती है।

***डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं, इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें, किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें***

# भारत व पाकिस्तान से सीजफायर के बाद कई अनसुलझे प्रश्न बाकी हैं



**अशोक भाटिया**

भारत और पाकिस्तान ने सीजफायर का ऐलान कर दिया है। बीते कई दिनों से दोनों देशों के बीच भयंकर तनाव चल रहा है। यह तनाव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से शुरू हुआ, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। आज भारत के विदेश सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सूचना दी कि दोनों देश अब एक दूसरे पर किसी भी प्रकार का हमला नहीं करेंगे। दोनों देश केवल अमेरिकी मध्यस्थता के कारण युद्धविराम के लिए सहमत हुए हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत की, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के लिए सहमत हुए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर दोनों देशों को बधाई दी। अमेरिका ने पहले घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम है और बाद में भारत ने इसकी पुष्टि की। दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के बाद भारत ने घोषणा की थी कि हवाई, थल और समुद्र से हमले रुके जाएंगे, लेकिन विदेश मंत्री एस जयशंकर ने घोषणा की है कि आतंकवाद के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं होगा।

सीजफायर से दोनों देशों पर हमले रुकेंगे और फायरिंग, ड्रोन और मिसाइलों का प्रवाह रुकेगा, लेकिन क्या पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद नहीं रुकना चाहिए। पहलगाम या पुलवामा में निर्दोष नागरिकों और सुरक्षा बलों की भयावह हत्याओं को अंजाम देने वाले आतंकवादी सामने आने चाहिए। उन्हें किसने प्रशिक्षित किया, उन्हें हथियार और स्वचालित बंदूकें किसने दीं? उन्हें किसने भेजा? उन्हें किसने कहा कि हिंदू पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने गोली मारकर गोली मार दें और पूछें कि उनका धर्म क्या है? नरसंहार के बाद उन्हें



**भारत ने 7 मई की आधी रात के बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और पाकिस्तान में प्रवेश किया और ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसमें 100 से अधिक आतंकी मारे गए**

किसने छिपाया? किसने उनकी रक्षा की? क्या युद्धविराम के बाद इन सवालों के जवाब मिल पाएंगे? क्या अमेरिका पाकिस्तान को इन सवालों के जवाब देने के लिए मजबूर करेगा? क्या सीजफायर से पाकिस्तान में सुधार होगा? इसकी गारंटी कौन देगा? यदि युद्ध कुछ दिन और जारी रहता तो पाकिस्तान भारत की शक्तिशाली और कुशल सेना के सामने फंस जाता। आंतरिक अशांति पाकिस्तान को और विभाजित कर देती। अमेरिका ने दोनों देशों पर युद्धविराम के लिए दबाव डाला। अमेरिका दो दिन पहले कह रहा था कि जब दोनों देशों के बीच तनाव होगा तो हम शामिल नहीं होंगे, तो अचानक क्या हुआ? युद्धविराम से किसे फायदा होगा? अगर आतंकवाद जारी है तो संघर्ष विराम क्यों, और किसके लिए? पिछले चार दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में प्रवेश किया है और आतंकी शिविरों पर हवाई हमले किए हैं और पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया है। 22 अप्रैल, 2025 को आतंकवादियों ने कश्मीर के पहलगाम में प्रकृति का आनंद लेने आए 26 पर्यटकों को गोली मार दी, उनसे उनका धर्म पूछा। परिवार की महिलाओं के सामने अपने पतियों की हत्या कर दी। जाके मोदी से कह दो कश्मीर के स्वर्ग में अपने परिवारों के साथ गई महिलाएं अपने पति के शव के साथ अपने घरों को लौट आईं। आतंकी हमले का बदला लेने के लिए, भारत ने 7 मई की आधी रात के बाद ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन शुरू किया और पाकिस्तान में प्रवेश किया और ड्रोन और मिसाइल दागे, जिसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर ऑपरेशन के दौरान भारतीय सेना ने दुनिया को एक संदेश भेजा। नागरिकों के साथ कोई दुश्मनी नहीं है, आतंकवादियों के लिए कोई अच्छा नहीं है। पहलगाम नरसंहार के बाद पूरी दुनिया ने देखा कि पाकिस्तान और आतंकियों के बीच का रिश्ता कितना करीब है। भारत ने अक्सर दुनिया के सामने सबूत पेश किया है कि पाकिस्तान और आतंकवाद एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। भारत में आतंकवाद के मास्टरमाइंड मसूद अजहर के रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में पाकिस्तान में वर्दी में पुलिस और सेना के अधिकारी शामिल होते हैं। भारत ने इसकी क्लिप और तस्वीरें दुनिया के सामने पेश की हैं, पाकिस्तान से ट्रेनिंग लेकर आतंकी ब्रिगेड बनाई जाती हैं, भारत में खून–खराबा करने के लिए उन्हें आधुनिक हथियारों के साथ भारत भेजा जाता है और पाकिस्तान की सरकार उनकी रक्षा भी करती है। आतंकवाद ने न केवल भारत को बल्कि दुनिया के अनगिनत देशों को प्रभावित किया है। आम लोग शांतिपूर्ण जीवन जीना पसंद करते हैं, लेकिन पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद ने भारत में शांति और दैनिक जीवन को बार–बार दागदार किया है। पाकिस्तान उन आतंकवादियों को पसंद करता है जो भारत जाते हैं और बम विस्फोट, रक्तपात और नरसंहार करते हैं। जिनके माता–पिता, जिनके बच्चे, जिनके रिश्तेदार, उनके कुछ पड़ोसी आतंकवाद के शिकार हुए हैं। आतंकवादियों ने बंदूकें उठा ली हैं और भारत में अनगिनत महिलाओं की खोपड़ियां मिटा दी हैं।

लश्कर–ए–तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद उन लोगों में से थे जिन्होंने भारत पर आतंकवादी हमले किए थे। आतंकवादियों ने 13 दिसम्बर, 2001 को भारत के सबसे बड़े संसदीय लोकतंत्र दिल्ली में संसद भवन पर हमला किया। आतंकवादियों ने 2002 में अक्षरधाम मंदिर पर हमला किया। 26 नवम्बर, 2008 को आतंकवादी समुद्र के रास्ते मुंबई आए और हमले को अंजाम दिया। बम विस्फोटों में 166 निर्दोष लोग मारे गए और 300 से अधिक घायल हो गए। मुंबई पुलिस अजमल कसाब को जिंदा पकड़ने में कामयाब रही। उन्होंने पाकिस्तान में ही आतंकवाद की ट्रेनिंग ली थी। भारत ने उसे दुनिया को पाकिस्तान के आतंकी चेहरे के रूप में दिखाया।

## सीमाओं की शेरनियां


**वे उठीं जब घने अंधेरों से,**
**ध्वंस की छाया से, मरुस्थल की लहरों से,**
**हरकण में थी बिजली की चमक,**
**हर सांस में था गर्जन का तड़प।**

**सरहदों की सलाखों पर बसी,**
**उनकी आंखों में बसी थी ध्रुव तारा की रोशनी,**
**उनके कदमों में बंधी थी,**
**धरती की धड़कन, पर्वतों की अटलता।**

**वे बसीं उस कोहरे में,**
**जहां दुश्मन की सांसें कांपें,**
**जहां बारूदी सुरंगें भी बिछ जाएं,**
**उनके हौसलों के आगे।**

**रक्त से सींचा है जिन्होंने इतिहास,**
**वो लहरें बनीं अभेद्य दुर्ग,**
**नरम दिलों में फौलाद उगा कर,**
**हर बार खड़ी हैं वे, एक नई परिभाषा।**

**सीमाओं की शेरनियां हैं वे,**
**धरती की हिम्मत, आसमान की ऊंचाई,**
**हर बार लिखेंगी वे नया इतिहास,**
**जब तक सांस है, जब तक तिरंगा है।**



**प्रियंका सौरभ**

# अमेरिका-चीन में बनी ट्रेड डील पर सहमति

## 115 प्रतिशत टैरिफ घटाया, अब यूएस 30 और चीन 10 प्रतिशत टैरिफ एक दूसरे पर लगाएंगे

**जेनेवा।** अमेरिका और चीन के बीच जेनेवा में ट्रेड डील पर सहमति बन गई है। दोनों देशों ने टैरिफ में 115 प्रतिशत कटौती का ऐलान किया है। जिनेवा में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के मुताबिक अमेरिका, चीनी सामानों पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं चीन, अमेरिकी सामानों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। दोनों देशों के बीच टैरिफ में यह कटौती फिलहाल 90 दिनों के लिए हुई है। जिनेवा में दो दिनों की बातचीत के बाद दोनों देशों के बीच यह समझौता हुआ है। चीन के साथ चल रहे ट्रेड वार के बीच इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बड़ी जीत माना जा रहा है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्काट बेसेन्ट और अमेरिकी व्यापार प्रति. निधि जेमीसन ग्रीर ने ट्रेड डील को लेकर हुई बातचीत के बाद मीडिया से बातचीत की। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा-यह घाटा कम करने के लिए अच्छी डील व्हाइट हाउस ने 11 मई को एक बयान में चीन व्यापार समझौते की घोषणा की थी। हालांकि व्हाइट हाउस ने तब इसकी डिटेल नहीं दी थी। चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लीफेंग ने कहा था कि जिनेवा में सोमवार को एक जाइंट स्टेटमेंट जारी किया जाएगा। वहीं, उप वाणिज्य मंत्री ली चेंगगैंग ने कहा कि इसमें दुनिया के लिए अच्छी खबर होगी। अमेरिकी अधिकारियों ने इसे व्यापार घाटा कम करने के लिए एक डील बताया, जबकि चीनी अधिकारियों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच अहम सहमति बनी है और नए सिरे से आर्थिक बातचीत शुरू करने पर सहमति हुई है। पिछले महीने ट्रम्प ने चीनी सामानों पर 145 प्रतिशत टैरिफ लगा दिए थे, जिसके बदले चीन ने भी अमेरिकी सामान पर 125 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया था। जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सालाना 600 अरब डॉलर का व्यापार लगभग रुक गया था। अमेरिकी व्यापार प्रति. निधि जैमीसन ग्रीर ने पत्रकारों को बताया, दोनों पक्ष बहुत जल्दी एक समझौते पर पहुंच पाए, इससे पता चलता है कि शायद मतभेद उतने बड़े नहीं थे जितना पहले सोचा जा रहा था। हालांकि, इन दो दिनों की बात. चीत से पहले काफी तैयारी की गई थी।



## अमेरिका-चीन के बीच शुल्क कटौती भारत के लिए अवसर

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) ने कहा है कि चीन और अमेरिका द्वारा हाल ही में एक-दूसरे की वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती के प्रस्ताव को दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार के क्षेत्र में तनाव में महत्वपूर्ण कमी को दर्शाता है। फियो इसमें भारत के लिए अवसर और चुनौती दोनों देख रहा है। चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर आयात-शुल्क 90 दिनों के लिए 125 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने और चीन पर अमे. रिका द्वारा चीनी वस्तुओं पर टैरिफ को 145 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने का पारस्परिक प्रस्ताव, दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार तनाव में महत्वपूर्ण कमी दर्शाता है। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने माना कि हालांकि इस तरह के घटनाक्रम वैश्विक व्यापार स्थिरता के लिए मोटे तौर पर सकारात्मक हैं, लेकिन वे भारत के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों चीन-अमे. रिका के इन फैसलों से इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और रसायन जैसे उच्च मूल्य वाले क्षेत्रों में अमे. रिका-चीन द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि होने की संभावना है। इससे दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे तीसरे बाजारों में भारतीय निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, जहां भारत ने हाल ही में अमेरिका-चीन व्यापार व्यवधानों का लाभ उठाकर अपनी पैठ बनाई है। हालांकि, भारत इस बदलाव का लाभ फार्मास्युटिकल एपीआई, रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, कार्बनिक रसायन और आईटी-सक्षम सेवा जैसे उन क्षेत्रों में निर्यात को मजबूत करने के लिए उठा सकता है, जो अमेरिका-चीन व्यापार से अपेक्षाकृत अछूते हैं। फियो अध्यक्ष ने एक बयान में कहा कि भारत को अपनी तरजीही व्यापार पहुंच को सुरक्षित और विस्तारित करने के लिए अमेरिका के साथ गंभीरता से बातचीत करनी चाहिए, तथा एक विश्वसनीय वैकल्पिक स्रोत गंतव्य के रूप में अपनी भूमिका पर जोर देना चाहिए। रल्हन ने कहा कि टैरिफ कटौती की अस्थाई प्रकृति के कारण कंपनियां मेक इन इंडिया और पीएलआई योजनाओं के तहत भारत में विनिर्माण का विस्तार करके भविष्य की अस्थिरता से बचाव कर सकती हैं, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटो घटकों और वस्त्रों में। उन्होंने कहा कि फियो इस उभरते परिदृश्य पर नजर रखेगा, तथा भारत के व्यापार हितों की रक्षा और संवर्धन सुनिश्चित करने के लिए नीति निर्माताओं के साथ मिलकर काम करना जारी रखेगा।

## चीन में भूकंप के तेज झटके

**ल्हासा।** दक्षिण-पश्चिम चीन के शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे शहर में ल्हाजे काउंटी में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार सोमवार सुबह 5:11 बजे महसूस किए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.5 मापी गई। भूकंप के कारण किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

भूकंप का केंद्र 28.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.54 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। चीन के भूकंप नेटवर्क केंद्र के अनुसार, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई में केंद्रित था। काउंटी के स्थानीय अधिका. रियों ने न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि भूकंप का जोरदार झटका महसूस किया गया, जिससे कुछ निवासी जाग गए। भूकंप के बाद काउंटी ने तुरंत प्रतिक्रिया उपाय शुरू किए, इसके टाउनशिप ने प्रभाव का आकलन किया। काउंटी से अग्निशमन और बचाव दल को भूकंप के केंद्र पर भेज दिया गया है।

जांच-पड़ताल



जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अदुल्ला हाल ही में सीमा पार से हुई गोलीबारी के बाद प्रभावित लोगों की स्थिति का आकलन करने के लिए पुंछ पहुंचे।

# भारत-पाक के बीच खतरा अभी टला नहीं

**नई दिल्ली।** भारत पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक चला संघर्ष 10 मई की शाम 5 बजे थम गया। अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर दोनों के बीच सीजफायर की घोषणा की। इसके बाद दोनों देशों के अधिकारियों की तरफ इसकी पुष्टि की गई। 4 दिनों तक चले संघर्ष के बाद हुए इस सीजफायर पर लेकर दुनियाभर की मीडिया का रिएक्शन भी आया। अमे. रिका मीडिया ने सीजफायर के लिए ट्रम्प को क्रेडिट देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दूसरी तरफ कुछ अखबारों ने सीजफायर के बाद भी खतरे की आशंका जताई। न्यूयार्क टाइम्स ने सीजफायर पर रिएक्शन देते हुए लिखा कि भारत-पाकिस्तान के बीच खतरा अभी टला नहीं है। एलवाईटी के मुताबिक आने वाले समय में ऐसे और भी संघर्ष हो सकते हैं। भले ही दोनों देश जंग की कगार से पीछे हट गए हैं, लेकिन इस संघर्ष में बहुत कुछ नया था। नई मिलिट्री टेक्नोलाजी ने हवाई हमलों को तेज कर दिया है। पहली बार दोनों के संघर्ष में सैकड़ों हथियारबंद ड्रोन भी शामिल हुए। अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा कि अमेरिका ने भारत-पाक में संघर्ष विराम कराने में मदद की, लेकिन पूछा कि क्या यह टिक पाएगा। चार रात तक भारत और पाकिस्तान के प्रमुख शहरों के आसमान में मिसाइलें और ड्रोन उड़ते रहे। परमाणु हथियार से संपन्न पड़ोसी देश पूरी तरह युद्ध की तरफ बढ़ रहे थे। फिर अचानक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संघर्षविराम की घोषणा कर दी। सीएनएन ने लिखा-सबसे भयानक लड़ाई के खत्म होने की उम्मीद जगी, भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर लागू होता दिख रहा है। दोनों पक्षों ने इस सहमति पर अपनी प्रतिबद्धता जता रहे हैं। इसकी वजह से दो परमाणु हथियार वाले देशों के बीच दशकों में हुई सबसे बड़ी रुक गई है। फ्रांसीसी अखबार फ्रांस 24 ने 10 मई की शाम हुए सीजफायर और उसी रात सीजफायर उल्लंघन पर प्रतिक्रिया दी। अखबार ने लिखा कि रात भर चली चली झड़पों के बावजूद भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर जारी है। भारत-पाकिस्तान में संघर्ष विराम पर ब्रिटिश अखबार द गार्जियन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। अपने विश्लेषण में द गार्जियन ने लिखा कि भले ही दोनों देश जंग की कगार से पीछे हट गए हैं, लेकिन दशकों विवाद और शत्रुता अभी भी कायम है।



इमरान रजा अपने पिता, बीएसएफ सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज को श्रद्धांजलि देते हुए जिन्होंने जम्मू जिले में ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवा दी।

# इजरायल ने फिर किया गाजा में हमला, 16 लोगों की मौत

## आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं हुई शिकार

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इजरायल की तरफ से हवाई हमले लगातार जारी है, वहीं ताजा हमले में 16 लोगों की मौत हो गई है। इसे लेकर स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि आश्रय स्थल पर हमले में ज्यादातर बच्चे-महिलाएं शिकार बने हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय की आपातकालीन सेवा ने बताया कि जबालिया इलाके में एक स्कूल पर हुए हमले में मारे गए लोगों में कम से कम पांच बच्चे और चार महिलाएं शामिल हैं। इसने यह भी बताया कि कई लोग घायल हुए हैं। इस मामले में इजरायली सेना का कहना है कि वह केवल आतंकवादियों को निशाना बनाती है और नागरिकों की मौत के लिए हमास को दोषी ठहराती है क्योंकि उसके लड़ाके घनी आबादी वाले इलाकों में काम करते हैं। नवीनतम हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। बता दें कि, यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस सप्ताह सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर जा रहे हैं। दो महीने पहले युद्धविराम समाप्त करने के बाद, इजरायल गाजा पट्टी में युद्ध को और तेज कर रहा है, जहां भोजन, दवा और अन्य आपूर्ति पर 10 सप्ताह की नाकाबंदी के कारण मानवीय संकट और भी बदतर हो गया है।



## अफगानिस्तान में खदान ढही, तीन की मौत

काबुल। उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में रविवार को बेशकीमती पत्थरों की एक खदान का एक हिस्सा ढहने से तीन खनिकों की मौत हो गई है। प्रांतीय सरकार के अधिकारी मोहम्मद कामगर के हवाले से सोमवार को यहां टोलोन्यूज ने बताया कि कल अश्कशिम जिले में बेशकीमती पत्थरों की खदान में काम कर रहे खनिक अचानक खदान का एक हिस्सा ढह जाने से दब गए। इससे तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब है कि इस वर्ष मार्च के अंत में इसी तरह की एक दुर्घटना में बदख्शां के पड़ोसी तखर प्रांत में दो स्वर्ण खनिकों की जान चली गई थी।

# इजरायल ने यमन बंदरगाहों पर हमले किए

**सना।** इजरायली सेना ने रविवार देर रात पश्चिमी यमन के होदेइदाह प्रांत में तीन बंदरगाहों पर हवाई हमले किए। यमन के विद्रोही समूह हौती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार निकासी की चेता. वनी जारी करने के तुरंत बाद इजरायली सेना की ओर से ए हमले किए गए। हमलों में होदेइदाह, रास इस्सा और अस-सलिफ बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, जो सभी लाल सागर के किनारे स्थित हैं। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय निवासियों ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि हौती कार्यकर्ता हमलों से पहले ईंधन की खेप प्राप्त करने के लिए बंदरगाहों को तैयार कर रहे थे। हमलों से लगभग 40 मिनट पहले इजरायल ने कथित तौर पर नागरिकों को क्षेत्रों को छोड़ने की चेतावनी दी थी। इससे पहले दिन में, ब्रिटिश समुद्री व्यापार संचालन ने भी जहाजों को हौती-नियंत्रित बंदरगाहों के पास के जल क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी थी। यह हमला मंगलवार को इजरायली हवाई हमलों के जवाब में किया गया, जिसमें सना में दर्जनों लोग मारे गए और राजधानी के हवाई अड्डे को नष्ट कर दिया गया, जिसमें तीन वाणिज्यिक विमान भी शामिल थे। रविवार के हमले हाल के हफ्तों में हौथी-नियंत्रित बंदरगाहों पर इजरायली हमलों की श्रंखला में नवीनतम हैं, उन क्षेत्रों में ईंधन की बढ़ती कमी के बीच। पिछले हफ्ते, ओमान ने घोषणा की कि उसने हौथियों और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक युद्धविराम समझौता कराया है, जिसके तहत हौथियों ने हौथी ठिकानों पर अमेरिकी हवाई हमलों को रोकने के बदले में लाल सागर में अमे. रिकी जहाजों पर हमलों को निलंबित करने पर सहमति व्यक्त की। गौरतलब है कि हौती समूह ने शुक्रवार को इजरायल के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर मिसाइल हमले की जिम्मेदारी ली।

# भारत से तीन मुद्दों पर बातचीत होः आसिफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत में कश्मीर, आतंकवाद और पानी के तीनों प्रमुख मुद्दे शामिल होने चाहिए। जियो न्यूज से बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये तीनों मुद्दे ऐतिहास से जुड़े हुए हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। वहीं पाकिस्तान के केंद्रीय मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि भारत की सभी पांच मोर्चे पर हार हुई है। उन्होंने कहा कि भारत न सिर्फ थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के मोर्चे पर हारा है, बल्कि डिप्लोमेसी और मीडिया के मोर्चे पर भी हार हुई है। नकवी ने कहा कि बलूचिस्तान में सक्रिय सभी भारतीय प्रॉक्सी को भी हराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान पर दोबारा हमला करने से पहले दो बार सोचेगा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत में कश्मीर, आतंकवाद और पानी के तीनों प्रमुख मुद्दे शामिल होने चाहिए। उन्होंने कहा कि ये तीनों मुद्दे ऐतिहास से जुड़े हुए हैं। इन पर चर्चा होनी चाहिए। आसिफ ने कहा, पाकिस्तान और भारत के लिए इन मुद्दों को हल करने का एक बड़ा मौका है। दोनों देशों के बीच ज्यादातर संघर्ष कश्मीर मुद्दे के कारण हुए हैं। पाकिस्तान के संघीय गृहमंत्री मो. हसिन नकवी ने सोमवार को कहा कि भारत की सभी पांच मोर्चे पर हार हुई है। उन्होंने कहा कि भारत न सिर्फ थल सेना, नौ सेना और वायु सेना के मोर्चे पर हारा है, बल्कि डिप्लोमेसी और मीडिया के मोर्चे पर भी हार हुई है। नकवी ने कहा कि बलूचिस्तान में सक्रिय सभी भारतीय प्राक्सी को भी हराया जाएगा।

## इंडोनेशिया में विस्फोट से चार सैनिकों समेत 13 लोगों की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में सोमवार को इस्तेमाल करने की अवधि समाप्त हो चुके गोला-बारूद को नष्ट किए जाने के दौरान कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई। एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंडोनेशियाई सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल वाह्यु युधायाना ने बताया कि यह घटना जकार्ता समयानुसार सुबह 9:30 बजे गरुट रीजेंसी के सागरा गांव में हुई। पीड़ितों में चार सैनिक और नौ नागरिक शामिल हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इंडोनेशियाई सेना के चार कर्मी और समुदाय के नौ सदस्य मारे गए। उन्होंने कहा कि दो छेदों में विस्फोट सफलतापूर्वक किया गया हालांकि, जब टीम तीसरे छेद में डेटोनेटर तैयार कर रही थी, तो एक अप्रत्याशित विस्फोट हुआ।

# 3400 करोड़ का विमान गिफ्ट में मिलेगा ट्रम्प को

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दुनिया का सबसे महंगा तोहफा मिलने वाला है। कतर सरकार ट्रम्प को तोहफा में लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट देने वाली है। इस विमान की कीमत 400 मिलियन डॉलर (लगभग 3400 करोड़ रुपये) है। ट्रम्प मंगलवार को कतर के दौर पर जाएंगे। तब इसका आधिकारिक तौर पर ऐलान किया जा सकता है। यह तोहफा किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला अब तक का सबसे महंगा विदेशी उपहार होगा। हालांकि ऐलान के बाद भी ट्रम्प को यह तोहफा अभी नहीं मिलेगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक इसमें समय लग सकता है। 2029 में राष्ट्रपति ट्रम्प का कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस विमान का इस्तेमाल किया जा सकेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प इस विमान को अस्थाई रूप से एयर फोर्स वन के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल करेंगे। एयर फोर्स वन अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिका. रिक विमान होता है। फिलहाल ट्रम्प का निजी विमान ट्रम्प फोर्स वन एक पुराना 757 जेट है, जो 1990 के दशक का है। इसे 2011 में खरीदा गया था।

कतर का प्लेन अभी के फोर्स वन से कहीं ज्यादा आधुनिक और शानदार है। हालांकि कतर ने इस बात से अब तक इनकार किया है कि प्लेन तोहफा में दिया जा रहा है। बीबीसी के मुताबिक सरकार के प्रवक्ता अली अल-अंसारी ने कहा कि प्लेन के ट्रांसफर को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत चल रही है। फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है। ट्रम्प के कार्यकाल के अंत में यह प्लेन उनकी लाइब्रेरी को दान कर दिया जाएगा। हालांकि रिपोर्ट में कहा गया है कि तोहफा मिलने के बाद भी ट्रम्प इस प्लेन का तुरंत इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे।




सुरक्षा मंजूरी मिलने में कुछ समय लग सकता है। ट्रम्प तोहफा में मिले लग्जरी बोइंग 747-8 जंबो जेट का इस्तेमाल कुछ सालों बाद ही कर पाएंगे। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान दो बोइंग 747 को आधुनिक बनाने के लिए एक सौदा किया था, जिसका इस्तेमाल नए एयर फोर्स वन विमान के रूप में किया जाता। लेकिन बोइंग के साथ हुए सौदे में बार-बार देरी के कारण बजट से 2 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है। बोइंग ने कहा कि प्लेन की डिलीवरी में साल 2027 तक का वक्त लग सकता है। ट्रम्प इससे नाराज हुए थे। उन्होंने कहा था कि वह विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसके बाद ट्रम्प फरवरी में कतर के 747-8 प्लेन को देखने गए थे। तब यह प्लेन फ्लोरिडा में पाम बीच एयरपोर्ट पर खड़ा था। ट्रम्प ने कहा था कि वे बोइंग से खुश नहीं हैं। वे बहुत लेट डिलीवरी करते हैं, ऐसे में हम एक प्लेन खरीद सकते हैं, या कहीं से हासिल कर सकते हैं।